डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,604.65 −738.81

डॉलर 83.730 +0.040

रांची सर्राफा

10 ग्राम 72,980 | 01 किलो 96,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 22 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 274, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं. आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 बांग्लादेश : कोटा पर संघर्ष में 133 की...




## एक नजर

### जेबीकेएसएस ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

**हुसैनाबाद।** रविवार की देर शाम को झारखण्डी भाषा-खतियान संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) ने राज्य की हेमन्त सरकार द्वारा सहायक पुलिस कर्मियों और अपने पार्टी के देवेन्द्र नाथ महतो उनके साथियों पर लाठी चार्ज व जेल भेजने के विरोध में हुसैनाबाद के जेपी चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। रविवार को जपला शहर के जेपी चौक पर प्रमंडलीय संगठन महामंत्री सोनू कुमार पटेल के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकताओं ने पुतला जलाया एवं हेमन्त सरकार होस में आओ, हेमन्त की तानाशाही नहीं चलेगी,हेमन्त सोरेन गद्दी छोड़ों,राज्य सरकार हाय हाय आदि नारे लगया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सोनू पटेल ने कहा कि राज्य की सरकार अपने अधिकारों के लिए लड़ने वाले लोगों पर लाठी चलवाती हैं,यह सरकार सता के नशे पूरी तरह दमनकारी नीति पर चल रही। ऐसे में जेबीकेएसएस कभी चुप नहीं रहेगी।

### सरकारी वाहन में रखा जा रहा था वितरण करने वाला बादाम का बीज

# विरोध करने पर किसान को मिली प्राथमिकी दर्ज करने की धमकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**उंटारी रोड।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बादाम के बीज वितरण को लेकर जमकर हंगामा हुआ। हंगामा और तब बढ़ गया जब प्रखंड कर्मी बीडीओ के सरकारी वाहन में अवैध रूप से बादाम का बीज रख रहे थे। तब किसानों ने इसका विरोध किया तब बीडीओ का चालक किसानों पर भड़क गया। तबतक कई किसान इसका वीडियो बना लिए। प्रखंड के करकटा पंचायत के पूर्व मुखिया सह किसान उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि जब वे इसका विरोध किये तब बीडीओ आशा साहू ने उनके विरुद्ध प्राथमिकी कराने का धमकी देने लगी। बीटीएम अनिल मेहता से इस संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने ने बताया कि बीटीएम और बीईओ के





नेतृत्व में किसानों के बीच सरकार से मिले बादाम के बीज वितरीत किया गया है। उसके बाद बीज वितरण बंद कर दिया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि बीडीओ की गाड़ी में बीज कैसे पहुंचा। उसकी जानकारी उन्हें नहीं है। बीडीओ की गाड़ी में बादाम का बीज रखने के दौरान जमकर हंगामा हुआ। कई किसानों को बीज भी नहीं मिला जिससे वहां उपस्थित किसानों में भारी आक्रोश देखा गया। पूर्व मुखिया सह किसान उपेन्द्र कुशवाहा ने यह भी कहा कि बीज किसानों को नहीं देकर बीडीओ को अवैध रूप से दिया जा रहा था। जिसका विरोध करने पर बीडीओ द्वारा एफआईआर करने की बात कही गई है। वहीं इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी आशा साहू से पूछे जाने पर उन्होंने बताई की मामला संज्ञान में आया है, अभी जांच चल रही है जांचोपरांत सत्यता पाए जाने पर संबंधित कर्मी पर कारवाई की जाएगी।

### आजसू पार्टी का चूल्हा प्रमुख सम्मलेन

# किसानों की सुध नहीं ले रही सरकार : सुदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** पूर्व आईपीएस अधिकारी संजय रंजन सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी गरीबो, असहायों के साथ खड़ी रहती है। निक्कमी सरकार जो सत्ताधारी है। उसे बदल देना 24 का विधानसभा चुनाव में, नई दिशा और दशा को तय कर झारखंड राज्य का आगे बढ़ाना है। आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता देव शरण भक्त ने कहा कि जिस बुनियाद के सोच को लेकर सींचा गया था वो अधूरा रह गया है। झारखंड राज्य को अलग करने के लिए आजसू पार्टी का अहम रौल है। नवयुवक का नौकरी मिलने से पहले रिजल्ट लीक कर दिया जाता है। पूर्व उपमुख्यंत्री आजसू पार्टी का केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि डॉ. भीम राव अम्बेडकर की लिखी हुई संविधान के आधार पर ही सारी विकास और भविष्य तय किया जाता है, जो समाज में काम करने का तरीका था वो कभी झारखंड राज्य में वर्तमान सरकार ने नहीं



किया। ऐसी सपना और उम्मीद के साथ दो विधानसभा में उपस्थित हुआ हूं। विनती करने आया हूं कि जो नवजवान पढ़ाई कर नौकरी के लिए भटकते रहते हैं। अपना राज्य समृद्ध होने के बाद भी बाहर जाने के लिए विवश हैं। उन्होंने कहा कि पलामू जिला किसान पर आधरित है, लेकिन सरकार सुध नहीं लिया। भविष्य को लेकर मुख्यमंत्री ने नहीं सोचा खेत का पानी का व्यवस्था आज तक नहीं हुआ झारखंड के वर्तमान सरकार निकम्मी है। पारा शिक्षकों का जिक्र किया सभी पारा शिक्षकों को नियमित का आश्वसन देकर छलने का काम किया। छात्रों को बिना पढ़ाए पास कर देना। बच्चों का नीव को कमजोर कर रहे हैं। जब नीव ही कमजोर हो जाएगा तो कांप्टीशन कैसे पास कर सकते हैं। वर्तमान सरकार के नेतृव में अफसरशाही बढ़ गई है। कार्यक्रम का अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने किया। जबकि मंच संचालन कमलेश चंद्रवंशी ने किया। मौके पर चंद्रशेखर सिंह, छोटू, रविंद्र सिंह, सुमन गुप्ता, प्रमुख रेशम कुमारी सहित आजसू पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गार्डवाल बना देने से दुर्घटना को रोका जा सकता है : विवेकानंद सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के संतोषडीह नहर के पास आए दिन दुर्घटना होती रहती है। नहर पर पुल की हाइट ज्यादा होने एवं एप्रोच रोड का पक्कीकरण नहीं किये जाने के कारण स्कूली वाहन एवं सवारी वाहन अक्सर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। शनिवार की सुबह एक स्कूली वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे आधा दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया गया। इस समस्या के समाधान के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह और अन्य नेताओं एवं युवाओं ने हैदरनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हैदरनगर- कबरा कला मुख्य सड़क के नहर पुल के समीप



संतोषडीह और भाई बीघा के दोनों साइड गार्डवाल बनाने की मांग की गई है। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता राजू खान, उप मुखिया प्रवेज आलम, राशिद खान, सुदर्शन यादव, बसंत कुमार सिंह, विशाल सिंह, विमलेश पासवान और अन्य स्थानीय लोग उपस्थित थे। सभी ने एक स्वर में गार्डवाल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। राजू खान ने कहा कि नहर के दोनों साइड गार्डवाल बनने से वाहनों की दुर्घटनाओं में कमी आएगी और लोगों का जीवन सुरक्षित रहेगा। प्रवेज आलम ने भी गार्डवाल बनाने की मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि यह इलाके के विकास और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया गया है। उम्मीद है कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस पर जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## न्यूज बॉक्स

### एनसीपी की बैठक में पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती पर जोर



**हैदरनगर।** प्रखंड इकाई राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष बिरेंद्र सिंह ने की। बैठक में पूर्व अनुमंडल अध्यक्ष जेपी सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश सिंह, उपप्रमुख पप्पु पासवान, रविरंजन सिंह, सुधीर सिंह, और गंपू सिंह सहित सभी बारह पंचायत के एनसीपी पंचायत अध्यक्षों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बिरेंद्र सिंह ने पंचायत स्तार पर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने हुसैनाबाद के विधायक कमलेश कुमार सिंह के द्वारा किए गए एक - एक विकास कार्य को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। सभा को वीडियोकॉल के माध्यम से सम्बोधित करते हुए विधायक ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने और पंचायत स्तर पर विस्तार करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। कार्यक्रम के दौरान, उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रियता और मेहनत से संगठन को आगे बढ़ाने का विश्वास दिलाया। वीरेंद्र सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद के विकास के लिए एकबार फिर से कमलेश कुमार सिंह को विधायक बनाना है। कहा कि उन्हें अपने कार्यकाल में हुसैनाबाद विधानसभा में बेहतरीन कार्य किए हैं। उनके किए कार्यो को जन-जन पहुंचने के लिए कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। एनसीपी के कार्यकर्ता पूरी ततपरता से चुनाव में जीत के लिए कार्य कर रहें हैं।

### मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना को लेकर शिविर आज



**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय परिसर में 22 जुलाई को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का विशेष शिविर लगाया जायेगा। इसमें जिले के बेरोजगार युवक- युवतियों को मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ मिलेगा। पलामू डीसी शशि रंजन ने प्रखंडों में विशेष शिविर लगाने का निर्देश दिया है। इसमें बीडीओ, ब्लॉक कल्याण पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में प्राप्त आवेदनों की ऑन स्पॉट एंट्री की जायेगी। इस योजना के तहत विभिन्न वर्ग के लोगों को व्यवसाय शुरू करने के लिए सरकार की ओर से ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को आधार व पैन कार्ड, जाति, आवासीय व आय प्रमाण-पत्र की छायाप्रति, सरकारी नौकरी में नहीं होने का शपथ पत्र देना होगा। वाहन लेने के इच्छुक आवेदकों को वाहन का अद्यतन कोटेशन देना होगा। हरिहरगंज बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया ने प्रखंड क्षेत्र के सभी अर्हताधारी युवक-युवतियों से शिविर में भाग लेने की अपील की है। वही पिपरा बीडीओ पारितोष प्रियदर्शी ने बताया कि पिपरा प्रखंड परिसर में 22 जुलाई को शिविर का आयोजन किया गया है। बीडीओ ने सभी बेरोजगार युवक युवतियों से कागजात के साथ शिविर में भाग लेने की अपील की है।

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर वृद्धखैरा वेणुगोपाल मन्दिर में विशेष अनुष्ठान




**पांडू।** प्रखण्ड के बृद्धखैरा में स्थित वेणुगोपाल मन्दिर परिषर में गुरुपूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा-अनुष्ठान किया गया। इस दौरान मन्दिर में स्थापित श्रेष्ठ संत श्री त्रिदंडी जी महाराज का प्रतिमा का पूजा-अर्चना किया गया। वहीं उनके अनुयायी शिष्यों ने स्थापित प्रतिमा पर फूल - माला चढ़ाकर विशेष रूप से पूजा - अर्चना किया। इस मौके पर मन्दिर के महंत विष्णुचित्त स्वामी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विशेष रूप से धार्मिक अनुष्ठान किया गया है। वैष्णव सम्प्रदाय के श्रेष्ठ संत श्री त्रिदंडी स्वामी जी का विशेष रूप से पूजा-अर्चना किया गया। मौके पर क्षेत्र के विभिन्न गांव से उपस्थित लोगों ने इस धार्मिक कार्य में शामिल हुए। वहीं उन्होंने बताया कि आरती के बाद ब्राह्मण भोजन एवं भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि मन्दिर प्रांगण में वर्ष में चार बार उत्सव आयोजित होते हैं। त्रिदंडी स्वामी ने ही इस मंदिर का नींव रखी थी। वैष्णव सम्प्रदाय द्वारा यह मंदिर संचालित होता है। इस मौके पर क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को बच्चों के हित में ऑनलाइन रात्रि पाठशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** राजकीय कृत सर्वोदय +2 उच्च विद्यालय सतबरवा के भौतिक विज्ञान शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा कोविड-19 के समय से अपने विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए प्रोत्साहन और उचित मार्गदर्शन कराने के उद्देश्य से, प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को किसी विशेष व्यक्तियों के द्वारा बच्चों के हित में ऑनलाइन रात्रि पाठशाला का आयोजन कर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कराते हैं। इंटर विज्ञान के बाद विभिन्न पाठ्यक्रमों में सफलता प्राप्त करने में विशिष्ट अतिथियों के द्वारा कराते हैं। इस माह के अतिथि अनिल तिवारी सब इंस्पेक्टर एटीएस थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपना उद्देश्य और लक्ष्य को चयन करना चाहिए तथा शैक्षणिक



विभिन्न प्रकार के संघर्ष को चुनौती के रूप में स्वीकार कर सफल होने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। शिक्षक तिवारी ने बताया कि साइंस के शिक्षार्थियों में सृजन की क्षमता सर्वाधिक पाया जाता है। क्योंकि शिक्षा का अभिषेक सतत सराहनीय और अनुकरणीय प्रयास कर रहे हैं। विद्यार्थी सभी विषय का नोट्स तैयार कर उसे प्रतिदिन रिवीजन करें। इस मौके पर सिंपल कुमारी, आयशा परवीन, खुशदिल अंसारी, अनुराग सिंह, अमित कुमार, अंकित गुप्ता, क्षितिज कुमार ने कई प्रश्न किये। संचालन शिक्षक दिनेश कुमार शुक्ला तथा विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रफुलित लकड़ा, शिक्षक सत्य प्रकाश शर्मा, मुकेश तिवारी, राहुल जायसवाल, रवि रंजन कुमार, नरेंद्र राम, दिलीप प्रसाद उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा गुरु के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है : स्वामी जी

### जगमग-जगमग ज्योति जगी है गुरुवार आरती होने लगी है

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** गुरुपूर्णिमा का पर्व धूमधाम से श्री रामजानकी मंदिर के प्रांगण में वैष्णव सम्प्रदाय के अनुयायियों ने मनाया। जगदाचार्य त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के प्रतिमा की विधिवत पूजा- अर्चना की। पूजन कार्य पंडित सृष्टि कांत मिश्र, जयप्रकाश स्वामी और सर्वेस्वरा चार्य स्वामी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ।

उन्होंने कहा कि गुरुपूर्णिमा गुरु के प्रति सम्मान और कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है। जयप्रकाश स्वामी ने अपने प्रवचन में कहा कि त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के जीवन और शिक्षाओं से हम सच्चा ज्ञान और आध्यात्मिक का महत्व सीख सकते हैं, जो हमारे जीवन को सार्थक बना



सकते हैं। गुरु का स्थान सर्वोच्च है। उनके आशीर्वाद से ही हम अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। जगमग जगमग ज्योति जगी है, गुरुवर आरती होने लगीं है .... से हैदरनगर गुंजजायमान हो उठा। पूजा, प्रवचन और आरती के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्णा लाल अग्रवाल, ओम लाल अग्रवाल, नर्बदेश्वर सिंह, विंध्याचल सिंह, राजकिशोर सिंह, शिवनंदन सिंह आदि का विशेष योगदान रहा। सभी ने भक्ति के रस में गोते लगाकर अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

### सावन में करें दुर्लभ शिवलिंग के दर्शन, यहां से खाली हाथ नहीं लौटते भक्त

# सच्चे मन से मांगी हुई हर मुराद को बाबा पूरी कर देते हैं : पुजारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** सावन में श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ की पूजा करते हैं। शिवालयों में भी खूब भीड़ उमड़ती है। इस बार सावन 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। ज्योतिषियों के अनुसार, इस बार का सावन बेहद खास है, क्योंकि इसकी शुरूआत सोमवार से हो रही है। तो अगर आप भी सावन के पहले दिन पलामू में महादेव का जलाभिषेक करना चाहते हैं तो इस दुर्लभ शिवलिंग के दर्शन जरूर करें। मान्यता है कि यहां जलाभिषेक से बिगड़े काम बन जाते हैं।

दरअसल, पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले में बाबा खोनहरनाथ विराजमान हैं। यह मंदिर सालों पुराना है। मंदिर की मान्यता है कि यहां मांगी हुई हर मुराद साल भर के अंदर पूरी हो जाती है। सावन के पावन महीने में यहां श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। झारखंड के देवघर में विराजमान बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने बाद अधिकांश श्रद्धालु बाबा खोनहरनाथ के दर्शन करने आते हैं। पूरे झारखंड में यह प्रसिद्ध मंदिर है।



### कैसे पड़ा खोनहरनाथ नाम

मंदिर के पुजारी संतोष तिवारी ने बताया कि यहां आया कोई श्रद्धालु खाली हाथ नहीं जाता। बाबा सभी की झोली भरते हैं। सच्चे मन से मांगी हुई हर मुराद को बाबा पूरी कर देते हैं। बताया कि यहां भगवान शिव खो में प्रकट हुए हैं, जिस कारण इसका खोनहरनाथ मंदिर नाम पड़ा। यह मंदिर 500 वर्ष पुराना है, जहां श्रद्धालु दूर-दूर से पूजा करने पहुंचते हैं।

# अवैध बालू तस्करों की अब खैर नहीं, होगी कार्रवाई : एसडीओ

**हुसैनाबाद।** बालू के अवैध उत्खनन के खिलाफ हुसैनाबाद अनुमंडल प्रशासन अब काफी सख्त हो गया है। इस कारण कुछ अखबारनवीसों की तर्ज पर अब प्रशासन ने भी बालू तस्करों के खिलाफ व्यापक मुहिम छेड़ दिया है। शुक्रवार की देर रात्रि हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा एवं एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से अवैध बालू उठाव को लेकर कोयल एवं सोन नदी के विभिन्न घाटों का निरीक्षण किया। उक्त अधिकारियों ने हैदरनगर के पंसा, कबरा, परता के अलावा हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बड़ेपुर, दंगवार, देवरी व मोहम्मदगंज के कई बालू घाटों का मुआयना किया। उन्होंने सड़कों पर चल रहे कई मालवाहक वाहनों की भी जांच की। वाहन चालकों से भी गहनता से पूछताछ की। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन करने वालों की अब खैर नहीं है। अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर मोहम्मदगंज थाना में बालू भंडारण के खिलाफ



प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। एसडीओ ने कहा कि एनजीटी की रोक के बाद भी बालू तस्कर अपने कार्य प्रणाली में सुधार नहीं कर रहे हैं। इस स्थिति में किसी कीमत पर बालू घाटों से बालू का अवैध खनन व परिवहन नहीं किया जा सकता है। एसडीओ व एसडीपीओ की इस कार्रवाई के बाद से बालू उत्खनन करने वाले कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

## अवैध बालू खनन पर रोक लगाने को लेकर ट्रेंच खोद रास्ते को किया गया अवरुद्ध

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** राजहरा स्टेशन स्थित कोयल नदी से बालू के अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगाने को लेकर नावाबाजार पुलिस की ओर से एक अनोखी पहल की गई। नदी से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोदकर रास्ता को अवरुद्ध कर दिया गया। एनजीटी के तहत रोक लगने के बावजूद चोरी छिपे बालू माफिया के द्वारा बालू का अवैध खनन व परिवहन किया जाता था। स्थानीय लोगों के द्वारा



इसकी शिकायत लगातार थाना में की जा रही थी। थाना के द्वारा लगातार इस पर रोक लगाने का प्रयास ठीक किया जाता रहा था। बावजूद बालू माफिया इससे बाज नहीं आ रहे थे। इसे गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी चिंटू कुमार व एएसआई नागेंद्र नाथ तिवारी पुलिस बल के साथ नदी घाट पहुंच गुरुवार की दोपहर जेसीबी मशीन लगाकर नदी घाट से निकलने वाले रास्ते के बीच ट्रेंच खोदकर आवागमन को अवरुद्ध कर दिया।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 80,604.65 -738.81

डॉलर 83.730 +0.040

रांची सर्राफा

10 ग्राम 72,980 | 01 किलो 96,000

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 01, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार, 22 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 274, पृष्ठ-16 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं. आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 बांग्लादेश : कोटा पर संघर्ष में 133 की...



## एक नजर

### पूर्व विधायक हीराराम तूफानी का इलाज के क्रम में दिल्ली में निधन, शोक



**मेदिनीनगर।** कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक 67 का वर्षीय हीराराम तूफानी का रविवार को दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हर्ट अटैक से निधन हो गया। चार जुलाई से ही दिल्ली के वेदांता अस्पताल में हार्ट चोक होने के कारण भर्ती थे। वहां से उन्हें शनिवार को ही राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर कर कर दिया गया था। राममनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज के क्रम में ही उनका निधन हो गया। हीराराम तूफानी गढ़वा जिले के रमना थाना क्षेत्र के बहियार गांव के मूल निवासी थे। जेपी आंदोलन में उन्होंने छात्र जीवन में ही जुड़कर राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा था। जेपी आंदोलन के बाद एकीकृत बिहार में विधानसभा चुनाव में झारखंड के कांके अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित क्षेत्र से वह विधायक बने। हीराराम तूफानी बिहार प्रशासनिक सेवा के पद पर चयनित होकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने नौकरी से इस्तीफा देकर राजनीति को चुना था। सरल स्वभाव एवं मृदभाषी हीराराम तूफानी की खासियत थी कि वे हर किसी से बिना किसी बैर भाव के दिल खोलकर मिलते थे। उन्होंने जिला मुख्यालय गढ़वा में सबसे पहली बार इंडियन रसोई गैस के व्यवसाय के रूप में भी अपने पुत्रों के साथ कदम रखा। राजनीति, समाज सेवा, नौकरी, व्यवसाय सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान अपने जीवन में दिया है। फिलहाल उनका आवास जिला मुख्यालय गढ़वा के पिपरा कला में सदर प्रखंड कार्यालय के सामने गली में स्थित है। उनके निधन पर पलामू कांग्रेस के वरीय नेता हृदयानंद मिश्रा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हीराराम तूफानी के निधन से समाज में जो रिक्तता आई उसकी निकट भविष्य में भरपाई संभव नहीं है।

**जेपी आंदोलन में उन्होंने छात्र जीवन में ही जुड़कर राजनीति के क्षेत्र में कदम रखा था**

## झामुमो छात्र मोर्चा का जिला स्तरीय छात्र सम्मेलन

# झामुमो छात्र मोर्चा छात्रों के लिए लड़ाई लड़ रही : राजेंद्र सिन्हा

- झामुमो की सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में छात्रों के हित में लगातार कार्य कर रही है।
- झामुमो द्वारा छात्रों के लिए कई महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है।
- अभिभावक स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के वजह से अपनी शिक्षा को ले कर निश्चिंत है



**झामुमो छात्र मोर्चा का नारा है पढ़ाई भी, लड़ाई भी**

छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर ने कहा पलामू के छात्रों के लिए झामुमो छात्र मोर्चा लगातार लड़ाई लड़ रही है। झामुमो छात्र मोर्चा का नारा है पढ़ाई भी, लड़ाई भी। पलामू के छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झामुमो छात्र मोर्चा का रविवार को स्थानीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति हॉल में आयोजित जिला स्तरीय छात्र सम्मेलन का उदघाटन मुख्य अतिथि झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हाने दीप जला कर किया। मौके पर छात्र नेताओं ने राजेंद्र सिन्हा को माला पहना कर स्वागत किया। मुख्य अतिथ ने कहा कि पलामू शुरू से ही छात्र राजनीति का गढ़ रहा है। यहां के छात्र नेता बड़े बड़े पद को आज सुशोभित कर रहे हैं। झामुमो की सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में छात्रों के हित में लगातार कार्य कर रही है। झामुमो द्वारा छात्रों के लिए कई महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है। सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हो चुका है। छात्रों को पढ़ने के लिए विदेश तक भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र और अभिभावक स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के वजह से अपनी शिक्षा को ले कर निश्चिंत हैं। छात्र मोर्चा पलामू के छात्रों के लिए लगातार लड़ रही है। छात्र सम्मेलन में झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव तिवारी, जिला सचिव सन्नू सिद्धकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी, मुन्ना सिन्हा, चंदन सिन्हा, वरिष्ठ नेता अविनाश देव, दीपक तिवारी, झामुमो पलामू जिला समिति के उपाध्यक्ष कमाल खान, अफफर रब्बानी, राकेश सिन्हा, अनुराग सिंह, संगठन सचिव सहबाज आलम, युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, व्यवसायी मोर्चा अध्यक्ष दीपू चौरसिया, नगर अध्यक्ष रंजीत जयसवाल, छात्र नेता प्रखंड अध्यक्ष धीरज कुमार, सौरभ, कौशल, अंकिता, तौसीफ, रवि कुमार, विकास कुमार, रंजित, पंकज, अरुण, आकृति कुमारी, नीता कुमारी, निशा कुमारी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे। अध्यक्षता छात्र मोर्चा अध्यक्ष कौशल किशोर ने की। संचालन सचिव सैयद फैजल ने किया।

## झारखंड विश्वनाथ मंदिर में कांवर यात्रा आज से

# कांवर यात्रा 22 जुलाई से 19 अगस्त तक निकाली जाएगी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विश्वनाथ मंदिर तीसीबार मंदिर प्रबंधन द्वारा हर साल की तरह इस साल भी सावन में कांवर यात्रा निकाली जाएगी। इससे पूर्व रविवार को गरू पूर्णिमा पर्व भी धूमधाम से मनाया जाएगा। कांवर यात्रा 22 जुलाई से 19 अगस्त तक निकाली जाएगी। कांवर यात्रा कार्यक्रम में आम श्रद्धालाओं को बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की गई है। सोमवार को संध्या चार बजे से रूद्राभिषेक का आयोजन किया गया है। मंगलवार को शाम चार बजे से मंगल आरती व शाम सात बजे से गंगा आरती का भी आयोजन किया गया है। इस संबंध में सोना दुबे व रामाशंकर दुबे ने बताया कि झारखंड विश्वनाथ मंदिर तीसीबार में में हर साल कांवर यात्रा निकाली जाती है। कांवर यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते है। पूरे सावन माह तीसीबार का क्षेत्र भक्तिमय बना रहता है। मंदिर के मुख्य संरक्षक विनय दुबे व मंजू दुबे ने सभी भक्तों से कांवर यात्रा में शामिल होकर भक्ति कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# स्वर्णकार संघ सीएमसी वेल्लोर में करा रहा रीतिका सोनी का इलाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड निवासी धीरेंद्र सोनी की पुत्री रितिका सोनी का इलाज पलामू स्वर्णकार संघ द्वारा सीएमसी वेल्लोर में कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक धीरेंद्र सोनी की बेटी पिछले 4 वर्षों से चलने व बोलने में असमर्थ थी। धीरेंद्र सोनी द्वारा लिखित रूप से स्वर्णकार संघ से अपनी बच्ची का इलाज करने में सक्षम नहीं होने तथा उसके इलाज में मदद की गुहार लगाई थी। पलामू जिला स्वर्णकार संघ अध्यक्ष धनंजय सोनी व जिला महासचिव अमित वर्मा के नेतृत्व में रितिका सोनी का इलाज देश के प्रसिद्ध अस्पताल सीएमसी वेल्लोर कराना सुनिश्चित किया गया। विदित हो कि धनंजय सोनी के नेतृत्व में 21 प्रखंडों के स्वर्णकार समाज की मदद से लगातार जरूरतमंदों को मदद की जा रही है। संघ द्वारा अब तक किए गए कार्य में गरीब तबके की बेटियों की शादी, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति का इलाज कराना, जरूरतमंदों के लिए रक्त की उपलब्धता करना जैसा कार्य शामिल है। उन्होंने बताया कि पलामू जिले के स्वर्णकार सदस्य उनका परिवार है। अगर परिवार में किसी को कोई तकलीफ हो तो परम कर्तव्य बनता है कि उसका निदान किया जाए। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष ने सभी स्वर्णकार भाइयों को धन्यवाद देते हुए यह भरोसा दिलाया कि हर सुख-दुख में संगठन उनके साथ खड़ा है।

**पलामू जिला स्वर्णकार संघ अध्यक्ष धनंजय सोनी व जिला महासचिव अमित वर्मा के नेतृत्व में रितिका सोनी का इलाज देश के प्रसिद्ध अस्पताल सीएमसी वेल्लोर कराना सुनिश्चित किया गया**

## न्यूज बॉक्स

### माध्यमिक शिक्षकों की सेवा संपुष्टि हुई, शिक्षकों में हर्ष

**मेदिनीनगर।** 2019 में नियुक्त माध्यमिक शिक्षकों की आज सेवा संपुष्टि हो गई है। यह पलामू जिले के शिक्षकों के लिए बहुत ही बहुप्रशिक्षित कार्य था। सभी शिक्षक परिक्षमण अवधि पूर्ण होने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। पूर्व में झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने मांग किया था, कि जल्द ही शिक्षकों की सेवा संपुष्टि की जाए, लेकिन किसी जिला शिक्षा पदाधिकारी ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया। अपने योगदान के समय से ही जिला शिक्षा पदाधिकारी इस कार्य के प्रति सजग थे। उन्होंने शिक्षकों से 2025 में बेहतर रिजल्ट देने की भी बात कही थी यही। पलामू जिला माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय कुमार ने इस बहुप्रतीक्षित कार्य के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को शिक्षक परिवार की ओर से धन्यवाद दिया है। वर्तमान में शिक्षकों को जो महत्वपूर्ण समस्या वरीय वेतनमान, एमएसपी, 2021 में नियुक्त शिक्षकों के सेवा संपुष्टि 2023 में निश्चित शिक्षकों की सेवा पुस्तिका खोलने व 2023 में जो वेतन बकाया रह गई है उसे भुगतान करना यह बहुत बड़ी चुनौती है। इस कार्य को जिलाधिकारी को जल्द से जल्द करने का आग्रह करता हूं। जिला शिक्षा पदाधिकारी झारखंड माध्यमिक शिक्षा के सचिव त्रिपुरारी प्रसाद गहलोत,संगठन सचिव राहुल कुमार, उपाध्याय, संरक्षक करण रंजीत किशोर राज, सदस्य शैलेश प्रसाद यादव, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सचिव गीतांजलि कुमारी मीनू,मीडिया सलाहकार किशोर कुमार, डॉ. साबिर अली, नरेंद्र कुमार राम, संयुक्त सचिव रोहित कुमार मेहता ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### पलामू में उग्रवाद की जगह कलाकार पैदा हो रहे है : अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** पलामू के चैनपुर के ताली गांव के रहने वाले अविनाश तिवारी अभिनीत फिल्म सेलेस्टिना ऐंड लॉरेंस का चयन इंडियन फिल्म फेस्टिवल, मेलबोर्न (ऑस्ट्रेलिया) में हुई है। इसके निर्देशक विक्रम कुमार है। अविनाश तिवारी के इस सफलता पर पलामू के कलाकारों में हर्ष व्यक्त किया है। मेदिनीनगर नगर निगम की पूर्व मेयर अरुणा शंकर ने कहा कि पलामू में उग्रवाद की जगह कलाकार पैदा हो रहे हैं, जिन्हें नेशनल ही नहीं इंटरनेशनल में देखा जा रहा है। उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से अविनाश की उपलब्धि की जानकारी मिली है। अविनाश तिवारी को उनके इस शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया जायेगा साथ ही अभी कुछ दिन पहले पलामू के कलाकारों ने शिमला में आयोजित राष्ट्रीय नाट्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीत कर पूरे झारखंड का नाम ऊंचा किया है। उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। कलाकारों का मनोबल ऊंचा रहे इसके लिए उनको हर संभव मदद की जाएगी। अविनाश तिवारी ने बताया की सेलेस्टिना एंड लॉरेंस फिल्म के डायरेक्टर विक्रम कुमार है, जबकि इसके प्रोड्यूसर राकेश बुधनिया, गौरव शारदा राय व विवेक सिंह है। इस फिल्म के मुख्य कलाकार अंकिता केरकेट्टा व सालिब मिंज है। अविनश तिवारी भी इस फिल्म में हीरो के पिता की भूमिका में काम किया है। बता दे कि इससे पहले अविनाश तिवारी कई फिल्म, शार्ट फिल्म, वेब सीरीज में काम कर चुके हैं। अविनाश तिवारी ने अपनी सफलता का श्रेय इप्टा और मासूम के अपने सहयोगी कलाकार, परिवार और गांव के उन लोगों को देते है जो उनका हमेशा सहयोग करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने इप्टा के साथ जुड़कर नाटकों के माध्यम से अभिनय करना शुरू किया था। बाद में मासूम आर्ट ग्रुप से जुड़े और वहां भी नाटकों से जुड़े रहे। यंग स्टार ग्रुप के सुमित वर्मन के साथ मिलकर उन्होंने कई शार्ट फिल्मो में भी काम किया और धीरे धीरे बड़ी फिल्मे मिलने लगी। अविनाश तिवारी के इस सफलता पर संत मरियम स्कूल के अविनाश देव, ग्रीन वैली इंटरनैशनल स्कूल के प्रदीप नारायण सिंह, इप्टा के प्रेम भसीनसहित कई कलाकारों ने बधाई दिया है।

# मारवाड़ी युवा मंच ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच ने रविवार को बेलवाटीका चौक स्थित गांधी उद्यान पार्क डालटगंज शाखा ने (डाइबेटीक क्लब) स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लगाया। शिविर के अंतर्गत बीपी, शुगर, डायबिटीज की जांच स्वास्थ्य विशेषज्ञों के देख रेख में किया जाता है। मारवाड़ी युवा मंच के वरिष्ठ सदस्य मनोज भिवानिया ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच ने प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीया रविवर इस तरह का शिविर लगाता है। कोरोना काल के समय से इसे बंद कर दिया गया था। फिर से मंच के सभी सदस्यों के प्रयास से इस डी क्लब को शुरू किया गया है। पिछले तीन महीने से सफलता पूर्ण तिथि से चल रही है और शहर के लोगों का इसका लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें डी-क्लब प्रभारी रवि कामदार, केशव लठ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मंच के डी-क्लब प्रभारी रवि कामदार, श्री केशव लठ ने बताया की माह के प्रथम रविवर को लाल कोठा स्थित डॉ. बीआर अंबेडकर पार्क में और तृतीया रविवार को बेलवाटिका चौक स्थित गांधी उद्यान पार्क में शिविर लगाया जाता है। मारवाड़ी युवा मंच के वरिष्ठ सदस्य श्याम पोद्दार ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ लोगों को उनके रोगों के प्रति जागरूक भी किया जाता है। रविवार के कैंप में लगभाग 70 से अधिक वृद्धों का निःशुल्क जांच किया गया। इस कैंप में मंच के अध्यक्ष विकास उदयपुरी, सचिव सज्जन संघई, रवि कामदार, केशव लाठ, यश सराफ, गिरधारी गर्ग, श्याम पोद्दार, ज्ञानचंद भूत, शिवम खेतान, शशांक केजरीवाल,आशीष हाजीपुरिया, सौरभ सराफ, संदीप केजरीवाल, मनोज भिवानिया व मारवाड़ी युवा मंच के कई सदस्य उपस्थित थे।

### स्कूल रूआर-2024 के तहत प्रधानाध्यापक ने चलाया जन सम्पर्क अभियान



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने रविवार को अवकाश के दिन भी केवालटोला रजवाडीह में स्कूल रूआर-2024 के तहत अनियमित उपस्थिति वाले बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए जागरूकता सह जनसंपर्क अभियान चलाया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों व अभिभावकों को साथ लाकर स्कूल नहीं जाने का कारण जानना चाहा। अभिभावाकों ने कोई ठोस कारण न बताकर इधर-उधर की बातें करने लगे। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने उनसे कहा कि सरकार बच्चों को किताब,कॉपी,कलम, पोशाक,भोजन,अंडे,फल व छात्रवृत्ति के साथ अन्य सुविधाएं दे रही है, ताकि बच्चों की पढ़ाई में अभाव बाधा न बने। इसके बावजूद बच्चों को विद्यालय न भेजना ठीक बात नहीं है। प्रधानाध्यापक ने अभिभावकों से कहा कि हर बार वह बच्चों को स्कूल भेजने का आश्वासन देकर भूल जाते हैं। याद रखिए जो माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ने के लिए रोज विद्यालय नहीं भेजते हैं वह अपने ही बच्चों के दुश्मन हैं। प्रधानाध्यापक ने कहा कि यदि कोई दिक्कत हो तो बेझिझक उन्हें बतायें। बेशक समाधान खोज लिया जायेगा। उन्होंने वहां खड़े दूसरे ग्रामीणों को भी इसमें सहयोग करने का अनुरोध किया।

# तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में शौच के लिए घर से निकले एक व्यक्ति को तेज रफ्तार जाइलो वाहन ने कुचल दिया। इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। व्यक्ति को कुचलने वाली जाइलो वाहन एक पेड़ से टकरा गई। घटना की सूचना मिलने के बाद लेस्लीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और जाइलो वाहन को जब्त कर लिया। और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया। मृतक रामजीत ठाकुर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के कुराईन पतरा गांव का रहने वाला था। रामजीत ठाकुर लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के हरसईन मोड़ के समीप मेदिनीनगर पांकी- सड़क के किनारे अपना मकान में रहता था। रात करीब 1 बजे रामजीत ठाकुर शौच के लिए घर से निकला था और सड़क के किनारे से जा रहे थे तभी मेदिनीनगर की तरफ से आ रही तेज रफ्तार जाइलो ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया, और इस हादसे में रामजीत ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई, और जाइलो वाहन एक पेड़ से टकरा गया।

## एमकेडीएवी की खेल टीम डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स में भाग लेने रवाना

# पूर्ण दक्षता व मनोयोग से खेलें खिलाड़ी : जीएन खान




### खेल प्रतियोगिताओं का महत्व बढ़ा है

डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटनगंज के प्राचार्य डॉक्टर जीएन खान ने खिलाड़ियों को रवाना करे के बाद बताया कि खेल प्रतियोगिताओं का महत्व बढ़ा है। डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स एक अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसे एसजीएफआई ने मान्यता प्रदान किया है। प्रतियोगिता तीन स्तरों पर संकुल (क्लस्टर), क्षेत्रीय, राष्ट्रीय स्तर पर संपन्न होती है। संकुल स्तरीय प्रतियोगिता में कुल 30 खेलों का होना सुनिश्चित है। ये टीम जब जीत कर आएंगी तब अगली प्रतियोगिता क्षेत्रीय स्तर की होगी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डीएवी स्पोर्ट्स मीट 2024 की संकुल स्तरीय (क्लस्टर लेवल) प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एमकेडीएवी की टीमें 137 छात्रों के साथ विभिन्न स्थानों के लिए रवाना हुई। 22, 23 जुलाई को डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में वॉलीबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम रवना हुई। टीम के साथ शिक्षक विक्रम रॉय, विक्रम चंदेल,अनीता पांडेय गई है। डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार में क्रिकेट की प्रतियोगिता आयोजित है। वहां क्रिकेट टीम के साथ शिक्षक शाश्वत कुमार, सुशील तिवारी गए हैं। भवनाथपुर गई हैंडबॉल टीम में अंडर 14 बालक वर्ग से 12, बालिका वर्ग से 12। 17 आयु वर्ग में बालक 11, बालिका 12। फुटबॉल में 19 आयु वर्ग में बालक 14। वॉलीबॉल में 14 आयु वर्ग में बालक 10, बालिका 7। 17 आयु वर्ग में बालक 10, बालिका 9। 19 आयु वर्ग में बालिका 10। क्रिकेट टीम में 29 खिलाड़ी भाग लिए हैं। 14 आयु वर्ग में 14, 19 आयु वर्ग में 15 खिलाड़ी गए हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को पूर्ण दक्षता व मनोयोग से खेलने को कहा। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रबंधन छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न खेलों के कुशल प्रशिक्षकों की विद्यालय परिसर में ही व्यवस्था की है। छात्र पिछले कई दिनों से खेलों का अभ्यास व प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए जीत कर आने की अग्रिम बधाई दी।

# गुरु पूर्णिमा पर काव्य गोष्ठी का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साहित्य संवर्धन के लिए संस्था परिमल प्रवाह द्वारा स्थानीय ब्राह्मण उच्च विद्यालय के प्रशाल में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें शहर के कवियों ने गुरु को समर्पित कविताओं का पाठ किया। कार्यक्रम का आयोजन 2 बजे दिन में किया गया था। अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक सह कवि हरिवंश प्रभात ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर रविंद्रनाथ साजी उपस्थित थे। काव्य गोष्ठी में कवियों ने एक से बढ़कर एक कविता का पाठ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कवि हरिवंश प्रभात ने गुरु ज्ञान गरिमा से शोभे हर का, हे गुरूवर चरणों में है मेरा प्रणाम तथा उमेश पाठक 'रेणु' ने घनश्याम तू आ जा नभ में छा जा, सूखे अधरों पर जल बरसा जा कविता पढ़ी। कवि सम्मेलन में उमेश कुमार पाठक 'रेणु', धनंजय पाठक, विजय कुमार पाठक, जितेंद्र नाथ तिवारी, राकेश कुमार, प्रिया रंजन पाठक, प्रेम प्रकाश दुबे, विजय शंकर मिश्र, रीना प्रेम दुबे, ममता झा, वंदना श्रीवास्तव, अनुज कुमार पाठक, कमलनाथ तिवारी, रवींद्र नाथ झा, रामप्रवेश पंडित समेत अन्य उपस्थित थे।

### सर्प दंश से महिला घायल



**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिले के भोजपुर की रहने वाली 45 वर्षीय इंद्रावती देवी को सांप ने डंस लिया। जानकारी के मुताबिक वह रात्रि में अपने घर में बिस्तर पर सो रही थी तभी। अचानक 12:30 बजे करैत सांप ने उसे डंस लिया। पहले तो उसे कुछ समझ नहीं आया, लेकिन अचानक जब लाइट जला कर देखा गया तो बिस्तर के ऊपर सांप मौजूद था। आनन-फानन में परिजनों ने महिला को सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया। वहां बेहतर इलाज के लिए उसे एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। वहां भी उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची रेफर कर दिया।

संसेक्स 80,604.65 -738.81

डॉलर 83.730 +0.040

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 73,230

01 किलो 89,710

पेज 12



बांग्लादेश: कोटा पर संघर्ष में 133 की मौत


## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


### मंत्री मिथिलेश और दीपिका ने श्रावणी मेला 2024 का किया उद्घाटन

# देवघर में बनेगा बाबा बैद्यनाथ कॉरिडोर : मिथलेश

**देवघर।** प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथलेश ठाकुर और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने संयुक्त रूप से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रविवार को राजकीय श्रावणी मेला 2024 का उद्घाटन किया। मिथलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार ने अन्य धार्मिक जगह की तरह बाबा बैद्यनाथ में भी कॉरिडोर बनाने की योजना बनाई है। मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि पावन व पवित्र श्रावणी मेला का शुभारंभ आज से हो गया। झारखंड सरकार ने पर्यटन विभाग के माध्यम से बाबा बैद्यनाथ कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव तैयार किया है। सरकार चाहती है कि अन्य धार्मिक जगह की तरह बाबा बैद्यनाथ धाम में भी कॉरिडोर बने। इस दौरान उन्होंने देवघर वासियों से कॉरिडोर बनाने में सहयोग करने की अपील की है। कांवरियों की सुविधा और सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निदेशार्नुसार विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं को हर संभव सुविधा मुहैया कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। राज्य सरकार और जिला प्रशासन के साथ-साथ सभी अपनी जिम्मेदारियों को समझें। आइये कदम से कदम



मिलाकर चलें और अपने पुनीत कर्तव्य का पालन करें। देवघर अपने भव्य स्वरूप के साथ बाबाधाम आने वाले सभी कांवरियों के अभिनंदन के लिए तैयार है। पिछले वर्ष की तुलना में इस साल श्रद्धालुओं की संख्या दोगुनी होने संभावना है। ऐसे में सभी मिलकर मेले का आयोजन करें, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें।

### मंत्री दीपिका बोलीं- अच्छे से जलार्पण कर सकें, यही सभी का उद्देश्य

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि श्रावणी मेला राज्य ही नहीं देश में एक विशिष्ठ पहचान रखती है। हम सभी का उद्देश्य है कि देवघर आने वाले कांवड़ियों को हर सुविधा उपलब्ध हो साथ ही उनको सरलता पूर्वक जलार्पण करवाया जाये। कांवड़ियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। दीपिका पांडे ने मेले में तैनात अफसर और जवानों को कांवड़ियों का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। मौके पर विधायक नारायण दास ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि राजकीय श्रावणी मेले में बाबाधाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिले, ये हम सभी की कामना है। इससे पहले 11 वैदिक पुरोहितों ने बाबा बैद्यनाथ की पूजा की। इसके बाद दुम्मा कांवड़िया पथ श्रावणी मेला का विधिवत शुभारंभ हो गया। राज्य सरकार के निदेशानुसार राजकीय श्रावणी मेला के दौरान वीआईपी, वीवीआईपी और आउट ऑफ टर्म दर्शन पूर्ण रूप से बंद रहेगा।

### श्रावणी मेला 22 जुलाई से 19 अगस्त तक

उल्लेखनीय है कि श्रावणी मेले की शुरूआत 22 जुलाई से हो रही है, जो 19 अगस्त तक चलेगा। खास बात ये है कि इस बार के सावन में पांच सोमवार पड़ रहे हैं। ज्योतिष के दृष्टिकोण से यह काफी शुभ माना जाता है। देवघर में श्रावणी मेले को लेकर सारी तैयारियां हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को खुद पदाधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी समीक्षा की। उन्होंने प्रशासन को सख्त निर्देश दिया है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## एक नजर

### नक्सलियों का झारखंड-बिहार बंद 25 को

**रांची।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के एक करोड़ के इनामी नक्सली नेता विवेक की पत्नी जया की गिरफ्तारी के विरोध में नक्सलियों ने झारखंड-बिहार बंद का ऐलान किया है। इस संबंध में बिहार-झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी के प्रवक्ता आजाद ने 25 जुलाई को बिहार-झारखंड बंद का ऐलान किया है।प्रेस विज्ञप्ति के जरिये प्रवक्ता आजाद ने झारखंड पुलिस पर कई आरोप भी लगाए हैं। धनबाद शहर एक निजी क्लीनिक में कैंसर का इलाज कर रही बिहार भाकपा माओवादी संगठन की झारखंड स्पेशल एरिया कमेटी की सदस्य और क्रांतिकारी महिला आंदोलन की नेत्री जया हेंब्रम उर्फ जया दी के साथ और तीन लोगों शांति कुमारी, डॉक्टर पांडे और उनके सहयोगियों को झारखंड पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के बाद जया दीदी को पुलिस अपने हिरासत में रखकर मानसिक और शारीरिक यातनाएं दे रही है।

### केरल में निपाह वायरस से 14 साल के लड़के की मौत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रविवार को बताया कि केरल के मलप्पुरम जिले में निपाह वायरस का एक मामला सामने आया है। इस वायरस की चपेट में आकर 14 साल के एक लड़के की मौत हो गई। मलप्पुरम के एक 14 साल के लड़के में एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के लक्षण दिखे। इसके बाद उसे इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसे कोझिकोड के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बांग्लादेश सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण 56 से घटाकर 7 प्रतिशत किया

- 93 प्रतिशत सरकारी नौकरियां अब आम लोगों को मेरिट के आधार पर मिलेंगी
- 05 प्रतिशत आरक्षण अब स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को मिलेगा
- 02 प्रतिशत आरक्षण में एथनिक माइनॉरिटी, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग शामिल होंगे

**ढाका।** बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ जारी हिंसक प्रदर्शन के बीच रविवार को सुप्रीम कोर्ट ने सरकारी नौकरियों में 56% आरक्षण देने के ढाका हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया है। कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए



आरक्षण को 56% से घटाकर 7% कर दिया। इसमें से स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार वालों को 5% आरक्षण मिलेगा जो पहले 30% था। बाकी 2% में एथनिक माइनॉरिटी, ट्रांसजेंडर और दिव्यांग शामिल होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 93% नौकरियां मेरिट के आधार पर मिलेंगी। मालूम हो कि बांग्लादेश की सरकार ने 2018 में अलग-अलग कैटेगरी को मिलने वाला 56% आरक्षण खत्म कर दिया था, लेकिन इस साल 5 जून को वहां के हाईकोर्ट ने सरकार के फैसले को पलटते हुए दोबारा आरक्षण लागू कर दिया था। इसके बाद से ही बांग्लादेश में हिंसा का दौर शुरू हो गया। सूत्रों के मुताबिक बांग्लादेश में हिंसा में अब तक 115 लोग मारे जा चुके हैं। हालात बिगड़ने के बाद सरकार ने पूरे देश में कर्फ्यू लगाते हुए प्रदर्शनकारियों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए हैं। हालात संभालने के लिए पुलिस की जगह सेना तैनात की गई है। स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री शेख हसीना ने स्पेन और ब्राजील का अपना दौरा रद्द कर दिया है।

### बांग्लादेश में कैसी थी आरक्षण की व्यवस्था

1. बांग्लादेश 1971 में आजाद हुआ था। बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक इसी साल से वहां पर 80 फीसदी कोटा सिस्टम लागू हुआ। इसमें स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को नौकरी में 30%, पिछड़े जिलों के लिए 40%, महिलाओं के लिए 10% आरक्षण दिया गया। सामान्य छात्रों के लिए सिर्फ 20% सीटें रखी गईं।
2. 1976 में पिछड़े जिलों के लिए आरक्षण को 20% कर दिया गया। इससे सामान्य छात्रों को 40% सीटें हो गईं।
3. 1985 में पिछड़े जिलों का आरक्षण और घटा कर 10% कर दिया गया और अल्पसंख्यकों के लिए 5% कोटा जोड़ा गया। इससे सामान्य छात्रों के लिए 45% सीटें हो गईं।
4. शुरू में स्वतंत्रता सेनानियों के बेटे-बेटियों को ही आरक्षण मिलता था, लेकिन 2009 से इसमें पोते-पोतियों को भी जोड़ दिया गया। 2012 विकलांग छात्रों के लिए भी 1% कोटा जोड़ दिया गया। इससे कुल कोटा 56% हो गया।



श्रावण की पहली सोमवारी पर आज जलाभिषेक करेंगे शिव भक्त।

## आज | कल




# नीट यूजी 2024 : गुमनाम शहरों से भी निकले टॉपर्स

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 20 जुलाई को सभी छात्रों के लिए सिटी और सेंटर के हिसाब से नीट यूजी 2024 का रिजल्ट जारी कर दिया। इसमें 2, 321 अभ्यर्थियों को 700 या उससे ज्यादा अंक मिले। कुल 23 लाख 33 हजार अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। देश-दुनिया के 1,404 केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। इसमें भी 276 शहर और 25 राज्य/केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे। इस पूरी तस्वीर को गौर से देखें तो हर्ष होगा। पाएंगे कि नामीगिरामी ट्यूशन हब के अलावा छोटे शहर या कस्बों ने भी टॉपर्स दिए हैं। 2023 से तुलनात्मक अध्ययन करने पर पता चलता है कि कामयाब होने वालों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। टॉपर्स से लेकर अच्छे स्कोरर्स की तादाद किसी एक केंद्र से नहीं, बल्कि, पहले के मुकाबले ज्यादा केंद्रों से रिकॉर्ड हुई है। नीट परिणाम 2024 का गहनता से विश्लेषण करने पर साफ होता है कि कोटा, सीकर और कोट्टायम जैसे पारंपरिक ट्यूशन हब के छात्रों के लिए 700 अंक या उससे अधिक प्राप्त करना कोई बड़ी बात नहीं है। लेकिन, हैरानी ये देखकर हुई कि अन्य शहरों के अभ्यर्थियों ने भी खुद को साबित कर दिखाया। इसमें लखनऊ से 35, कोलकाता से 27, महाराष्ट्र के लातूर से 25, नागपुर से 20, हरियाणा के फरीदाबाद से 19, नांदेड़ से 18, इंदौर से 17, कटक और कानपुर से 16-16, कोल्हापुर, नोएडा, साहिबजादा अजीत सिंह नगर से 14-14, आगरा और अलीगढ़ से 13-13, अकोला और पटियाला से 10-10, दावणगेरे से 8, बनासकांठा से 7 अभ्यर्थियों ने 700 या उससे अधिक अंक प्राप्त कर सफलता की नई कहानी लिख डाली। सवाल उठता है कि आखिर ऐसा कैसे हो रहा है? जहां पढ़ाई के साधन कम हैं, वहां के अभ्यर्थी कैसे कमाल कर पा रहे हैं? इसका जवाब शायद नीट के पाठ्यक्रम को उच्चतर माध्यमिक के पाठ्यक्रम संग एलाइनमेंट से संभव हो पाया है।

**कोटा या कोट्टायम ही नहीं लखनऊ वालों ने भी किया कमाल**

# बाढ़ प्रभावित असम को झारखंड सीएम ने दो करोड़ की सहायता राशि की पेशकश की

**रांची/गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने रविवार को एक्स पर लिखा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए असम के मुख्यमंत्री राहत कोष में 2 करोड़ रुपये की उदारतापूर्वक पेशकश की है। असम के लोगों की ओर से मैं झारखंड के दयालु लोगों और माननीय मुख्यमंत्री की उदारता की गहराई से सराहना करता हूं। मालूम हो कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा है कि आपदा की घड़ी में झारखंड देश के राज्यों के साथ हमेशा संवेदनशीलता के साथ खड़ा रहा है। मां कामाख्या से मैं विनती करता हूं कि असमवासी बाढ़ की इस विभीषिका से उबर कर जल्द सामान्य जीवन-यापन शुरू करें।




शुरूआती जानकारी के मुताबिक असम में बाढ़, भूस्खलन, बिजली और तूफान से अब तक कम से कम 113 लोगों की जान जा चुकी है। राज्यभर में आम लोगों का जीवन बड़े पैमाने पर प्रभावित हुआ है। ब्रह्मपुत्र सहित दो प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। ब्रह्मपुत्र नदी धुबरी में तथा दिसांग नदी नांगलमुराघाट में खतरे के निशान से ऊपर हैं। असम के कामरूप, मोरीगांव, डिब्रूगढ़, शिवसागर, गोलाघाट, नागांव, धेमाजी, ग्वालपाड़ा, कामरूप मेट्रोपॉलिटन और कछार जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। विभिन्न प्रभावित जिलों में तटबंधों, घरों, सड़कों और पुलों जैसी बुनियादी संरचनाओं को नुकसान पहुंचने की खबर है। बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए आठ सदस्यीय अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल ने शनिवार को अपना तीन दिवसीय दौरा पूरा कर लिया। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव मिहिर कुमार के नेतृत्व में दल ने कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

## इंडिया

# कारड दिखाओ नहीं तो मारे जाओगे



सुनील बादल

हमलोगों को मुफ्त में मिलने वाले वोटर आइडी कार्ड या आधार कार्ड को हम गंभीरता से नहीं लेते और अनेकों बार कार्ड गुम भी हो जाए तो परवाह नहीं करते पर अशांत या सीमावर्ती क्षेत्रों के निवासी इसका महत्व जानते हैं और अपने प्राणों से बढ़कर इनकी सुरक्षा करते हैं। कश्मीर, पंजाब,चीन,बंगाल और उत्तर पूर्व की सीमाओं में कहीं कहीं ये कार्ड न होने पर जान पर बन आती है जब सीमारक्षक या सेना के जवान पहले खिड़कियों से राइफलें अंदर करने के बाद कारड यानी पहचान पत्र मांगते हैं। यही स्थिति झारखंड के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों की है जहां सीमाओं की तरह सुरक्षाबलों को भी जान का खतरा रहता है और कई बार उनपर जानलेवा हमले भी हुए हैं जिस कारण वहां विशेष प्रकार के बैरिकेड बनवाए जाते हैं जिसमें सामने और पीछे नुकीले भाले की आकृति बनी होती है। यह अलग बात है कि पहचान स्थापित होने के बाद सुरक्षाबलों का व्यवहार बहुत ही सहयोगात्मक हो जाता है। नियमतः लगभग सभी निजी और सरकारी कार्यालयों में पहचान पत्र को पारदर्शिता और ईमानदारी के मानकों के पालन के लिए अनिवार्य बताया जाता है पर अधिकांश सरकारी प्रतिष्ठानों में इसे लागू नहीं किया जाता जिस कारण भ्रष्टाचार और पारदर्शिता की कमी हो जाती है। पहचान स्पष्ट होने पर किसी भी सरकारी कर्मचारी के विरुद्ध शिकायत की जा सकती है या निजी प्रतिष्ठान के एक रूपी ड्रेसधारी लोगों की सही पहचान स्थापित हो पाती है। इसी प्रकार आवश्यक वस्तु अधिनियम 2006(संशोधन 2011) के अलावा जीएसटी अधिनियम के अनुसार सभी प्रतिष्ठानों को अपनी सेवाओं और पहचान की सूचना देना अनिवार्य है। बैंगलुरु सहित अनेक महानगरों और शहरों में टैक्सी और ऑटो जैसे सार्वजनिक वाहनों में गाड़ी के मालिक के आरसी बुक और ड्राइविंग लाइसेंस की कॉपी पैसेंजर के सामने प्रदर्शित



करना अनिवार्य है ।ऐसा सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया है। झारखंड में भी विशेष शाखा,निगरानी या खुफिया को छोड़कर सभी पुलिसकर्मियों को अपनी वर्दी में नेम प्लेट लगाना अनिवार्य है ताकि आम आदमी उन्हें पहचान सके और विश्वास के साथ बात कर सके या असंतुष्ट होने पर उच्चधिकारियों के पास शिकायत दर्ज करा सके। दुकानें एवं प्रतिष्ठान अधिनियम पंजीकरण के नियम एवं विनियमन अंतर्गत पंजीकरण के लिए मालिक का फोटो पहचान पत्र - में से कोई एकः आधार कार्ड,वोटर आई कार्ड, पासपोर्ट, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, खाता पासबुक मान्य है जिसे निबंधन प्रमाण पत्र के तौर पर आमतौर पर सभी दुकानदार अपनी दुकानों में प्रदर्शित करते हैं। पर शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार ने 22 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कई उपायों की घोषणा की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया कि कांवड़ मार्गों पर खाद्य और पेय पदार्थों की दुकानों पर संचालक/मालिक का नाम और पहचान प्रदर्शित की जाए ताकि तीर्थयात्रियों की आस्था की पवित्रता बनी रहे। इससे पहले, मुजफ्फरनगर पुलिस ने कांवड़ मार्ग पर सभी भोजनालयों से अपने मालिकों और कर्मचारियों के नाम स्वेच्छा से प्रदर्शित करने का आग्रह किया था, साथ ही कहा कि इस आदेश का उद्देश्य किसी भी तरह का धार्मिक भेदभाव पैदा करना नहीं है, बल्कि केवल भक्तों की सुविधा के लिए है। इस कदम की विपक्षी दलों ने तीखी आलोचना की और टीवी चैनलों ने इसे खूब उछाला, जिसमें यूपी सरकार पर एक समुदाय को निशाना बनाने का आरोप लगाया गया। उधर हंगामे के बाद एमपी नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने स्पष्ट किया है कि नगरीय क्षेत्र अंतर्गत कावड़ यात्रियों के मार्ग में आने वाली दुकानों के बोर्ड पर दुकान मालिक के नाम लिखने संबंधित कोई भी निर्देश नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा या शासन स्तर पर जारी नहीं किए गए हैं। विभाग ने कहा कि कुछ निकायों से इस तरह की खबरें आ रही थी कि वहां कावड़ यात्रियों के मार्ग में दुकानों पर दुकान मालिक के नाम अनिवार्य रूप से लिखवायें जा रहे हैं, विभाग ने समस्त नगरीय निकायों को निर्देश दिए कि भ्रम से दूर रहें। 'मध्यप्रदेश आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम, 2017' के तहत दुकानों पर बोर्ड लगाए जा सकते हैं। इन बोर्डों पर दुकान मालिक का नाम प्रदर्शित करने की कोई अनिवार्यता नहीं है। कई राज्यों में चुनाव होने वाले हैं जिस कारण राजनीतिक दलों को बैठे बिठाए एक मुद्दा मिल गया और इसे चुनाव तक गरमाए रखना चाहते हैं।

# नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं और उसे रद्द करने की मांग से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई होगी। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ 22 जुलाई को मामले की सुनवाई करेगी। खंडपीठ में न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। खंडपीठ ने नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही बिहार पुलिस और उसकी आर्थिक अपराध इकाई से भी रिपोर्ट की कॉपी मांगी है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने शीर्ष अदालत को बताया था कि वह स्वयं ये दोनों रिपोर्ट अदालत के समक्ष रखेंगे। नीट का प्रश्नपत्र लीक होने का खुलासा सबसे पहले पटना पुलिस ने 5 मई को परीक्षा के दिन ही किया था। शहर के शास्त्री नगर थाने में इस संबंध में एक एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बाद में मामला बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई को हस्तांतरित कर दिया गया था। केंद्र सरकार ने 23 जून को मामले की जांच की जिम्मेदारी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी। मामले की सुनवाई 22 जुलाई के लिए स्थगित करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने नीट परीक्षा आयोजित करने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को वेबसाइट पर परीक्षा केंद्रवार रिजल्ट जारी करने का आदेश दिया था। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को कहा था कि वे यह बतायें कि क्या पेपर लीक इतने व्यवस्थित तरीके से किया गया था कि पूरी परीक्षा रद्द करनी जरूरी है।

### रमकंडा के बलिगढ़ पंचायत वासियों ने थामा झामुमो का दामन

# केंद्र सरकार की झारखंड पर गिद्ध दृष्टि : मिथिलेश ठाकुर

- क्षेत्रों में अधिसंख्य सड़कें बन गई है
- जो सड़कें बच गई हैं यथाशीघ्र उनका भी निर्माण कार्य होगा
- क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या है इसके लिए वे संबंधित नेटवर्क कंपनी जियो पदाधिकारियों से बात कर समस्या को दूर करायेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रमकंडा प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत के अधिसंख्य ग्रामीणों ने भाजपा सहित अन्य दलों को छोड़ कर झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर आयोजित मिलन समारोह में सभी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर सभी को पार्टी में शामिल किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एवं उनके आकाओं की झारखंड पर गिद्ध दृष्टि है। वे लोग झारखंड को लूटना चाहते हैं। यही कारण है कि राज्य में बेहतर विकास कार्य कर रहे आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बेवजह तबाह किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि असम आदि दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री अपना राज्य चला नहीं रहे हैं। वे लोग झारखंड में घूम रहे हैं। मंत्री ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके क्षेत्रों में अधिसंख्य सड़कें बन गई है। जो सड़कें बच गई हैं यथाशीघ्र उनका भी निर्माण कार्य होगा। साथ ही मंत्री ने कहा कि उस क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या है इसके लिए वे संबंधित नेटवर्क कंपनी जियो पदाधिकारियों से बात कर समस्या को दूर करायेंगे। बात यही यहां से नहीं बनेगी तो वे कंपनी के मुंबई के अधिकारियों से भी बात करेंगे। जैसे भी हो समस्या को दूर करायेंगे। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, चंदा देवी, सलीफ जाफर, नवीन तिवारी, डॉ यासिन अंसारी, फिरोज मंसूरी, विनोद गुप्ता, राजकिशोर यादव, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

#### झारखंड सरकार अंतिम पंक्ति के लोगों को लक्ष्य कर योजनाएं चला रही है

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज पार्टी की मजबूती में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। रमकंडा प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के लगभग सभी पंचायतवासी एकजुट होकर भाजपा सहित अन्य दलों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। उन्हांने कहा कि झारखंड में झारखंडी जनमानस की सरकार ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद गढ़वा सहित पूरे राज्य का सर्वांगीण विकास किया है। इससे प्रभावित होकर सभी लोग दूसरे दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। झारखंड सरकार राज्य के अंतिम पंक्ति के लोगां को लक्ष्य कर योजनाएं चला रही हैं। इसका लाभ सीधा जरूरतमंद ग्रामीणों को मिल रहा है।

## नवजात शिशु का शव बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के मंगल भवन के समीप जोबरइया पुल से एक नवजात शिशु का शव को बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शिशु का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहां पोस्टमार्टम के बाद कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के सचिव विकास कुमार माली के निर्देश पर संस्था के लोगों ने बच्चों का अंतिम संस्कार किया। बताते चले की रविवार की सुबह स्थानीय लोगों ने पुल के नीचे नवजात शिशु को देखा। शिशु को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार उसके आसपास के इलाके में निजी अस्पताल के साथ-साथ अवैध तरीके से घर में भी डीएनसी कराया जाता है। लोगों का मानना है कि उक्त अस्पताल या अवैध कार्य करने वाले लोगों द्वारा ही यहां पर बच्चों को फेंका गया होगा। इधर कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि भ्रूण हत्या गंभीर मामला है। उन्होंने अपील की कि इस तरह के गैर कानूनी काम नहीं करें। इससे समाज व मां के ममता का शर्मसार हो।

## भूमि विवाद में एक घायल

**गढ़वा।** डंडई थाना क्षेत्र के बालेखांड़ गांव निवासी सुधन सिंह पिता स्वर्गीय वासुदेव सिंह रविवार को भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि सुधन सिंह ने अपने खेत की जुताई कर रहा था। इस दौरान उसके गोतिया जीवलाल सिंह, जिम्मेदार सिंह व मुनि सिंह ने खेत जोतने से मना किया। इस पर दोनों पक्ष में नोकझोंक होते-होते मारपीट की घटना घटित हो गई। जीवलाल सिंह, जिम्मेदार सिंह एवं मुनि सिंह ने सुधन सिंह को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना को लेकर सुधन सिंह ने डंडई थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बराव गांव के पास गाय बचाने में एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। घटना में घायल शाहपुर थाना क्षेत्र के मुनिफ अंसारी 55 वर्ष व राहुल कुमार 24 वर्ष का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया गया की दोनों एक मोटरसाइकल से अपने घर से गढ़वा जा रहे थे। इसी बीच बराव गांव के पास एक गाय के बचाने में उनकी मोटर साइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

## एमओ का अनुशंसा पत्र के बाद भी डीलर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं

### 100 ग्राम प्रति किलो खाद्यान्न कटौती से लाभुकों के बीच आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई।** खाद आपूर्ति कार्यालय में अजीबो गजब का खेल होने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि डीलर के खिलाफ कार्रवाई के लिए एमओ का अनुशंसा पत्र आने के महीना में भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रहा है। मामला प्रखंड मुख्यालय स्थित गांव के जनवितरण दुकानदार पारद नाथ से जुड़ा है। बताते चलें की प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न कटौती का आरोप लगा लाभुकों द्वारा डीलर के खिलाफ एमओ के पास लिखित शिकायत किया गया था। मामले में नोटिस भेज कर डीलर से एमओ द्वारा स्पष्टीकरण की मांग गई थी। स्पष्टीकरण के लिखित जवाब में डीलर द्वारा खाद्यान्न कटौती करने की बातें स्वीकार नहीं की गई थी। डीलर द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के जवाब से असंतुष्ट होकर एमओ ने मामले की जांच सीआई राजेंद्र यादव, प्रमुख क्रांति देवी को दे दिया था। उक्त दोनों के जांच में भी प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न कटौती की बातों की पुष्टि हुई थी। उसके बाद उक्त दोनों की जांच रिपोर्ट को ही अपने शिकायत पत्र के साथ टैग कर डीलर के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई को लेकर एमओ द्वारा आपूर्ति विभाग जिला कार्यालय को अनुशंसा कर दिया गया था । पत्रांक 66 दिनांक 24 /6/2024 के माध्यम कार्रवाई को लेकर एमओ को अनुशंसा पत्र भेजें। लगभग महीनों का समय बीत गया लेकिन अभी तक डीलर के खिलाफ किसी भी तरह की कार्रवाई नहीं हुई। अन्य जनवितरण दुकानदारों के खिलाफ एमओ का अनुसंशा पत्र आते ही उसके दूसरे दिन तक जिला कार्यालय की ओर से नियम संगत कार्रवाई कर दिया जा रहा था। महीना दिन में भी डीलर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होना अन्य जनवितरण दुकानदारों के बीच चर्चा का विषय बन गया है।

## न्यूज बॉक्स

### बीडीओ ने किया मुखिया, पंचायत सचिव के साथ संयुक्त बैठक

**डंडाई।** बीडीओ जागो महतो ने शनिवार देर शाम पंचायत सचिव, मुखिया के साथ संयुक्त बैठक कर बहन-बेटी मई-कुई स्वालंबन प्रोत्साहन योजना व अबुआ आवास योजना के कार्यान्वयन को लेकर जन प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया। योजना के पारदर्शिता पर भी लोगों को ध्यान देने की बात कही। इस दौरान अबुआ आवास के प्रस्तावित लाभुकों का व्यापक तौर पर जॉब कार्ड बनाने को लेकर भी निर्देश दिया। साथ ही बहन-बेटी, मई-कुई प्रोत्साहन स्वालंबन योजना के लिए सामान्य कोटि के जातियों का प्रमाण पत्र भी बनाने को लेकर बीडीओ द्वारा निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि अबुआ आवास योजना के कार्यान्वयन को लेकर प्रखंड के सभी पंचायत में ग्राम सभा की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है। उसके अनुसार सभी पंचायत सचिव के साथ साथ सभी जनप्रतिनिधि को लाभुक के बारे में जानकारी दे दी गई है

### शराबी पति ने महिला को पीट कर किया घायल

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के लावाचंपा गांव निवासी शैलेश कुमार चौधरी ने अपनी पत्नी किरण कुमारी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गढ़वा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। इस संबंध में घायल महिला की मां ने बताया कि उसकी बेटी को ससुराल में हमेशा प्रताड़ित किया जाता है। शनिवार को उसकी बेटी ससुराल में थी। शैलेश कुमार चौधरी ने शराब के नशे में धूत होकर मारपीट करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर उसे बेहोशी की हालत में लाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। शैलेश कुमार चौधरी ने बताया था कि किरण कुमारी हैंडपंप से पानी लाने के क्रम में गिरकर बेहोश हो गई है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद जब किरण कुमारी को होश आया तो उसने पति द्वारा मारपीट किए जाने की बात बताई। सदर अस्पताल में इलाजरत किरण कुमारी ने बताया कि उसके पति उसे हमेशा मारपीट करता है।

### हेमंत सरकार हर मोर्चे पर फेल : वीरेंद्र साव

**गढ़वा।** शहर के सोनपुरवा स्थित होटल ग्रांड व्यू बसपा के पूर्व प्रत्याशी वीरेन्द्र साव ने हेमंत सरकार के खिलाफ प्रेसवार्ता कर आरोपों की झड़ी लगा दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार सता की नसे में चूर है। पिछले विधानसभा चुनाव में झारखंड मुक्ति मोर्चा के घोषणा पत्र को छलावा बताया। सहायक पुलिस कर्मी, पारा शिक्षक, किसान, छात्र, नवजवान से किए गए वादे को सरकार भूल गई है। सरकार जानवर की तरह निहत्थे सहायक पुलिसकर्मियों व पारा शिक्षकों पर लाठियां बरसाई गई। सरकार निरंकुश हो गई है। उन्होंने वर्तमान में निकाले गए टेट परीक्षा का आवेदन शुल्क समझ से परे है। सरकार घोषणा की थी कि राज्य सरकार द्वारा सभी तरह के होने वालें प्रतियोगी परीक्षा का शुल्क 100 रुपए होगी। बीएड, डीएलएड पास युवक युवतियों को आठ साल में एक मौका भी दिया रहा ताकि चुनाव के समय वोट बैंक बन जाएं। साथ में शिक्षक पात्रता परीक्षा शुल्क से चुनाव खर्च भी निकालने का जुगाड़ सरकार लगा चुकी है। आवेदन शुल्क 1300 रुपए रखा गया हैं। शिक्षित बेरोजगार लोगों की संख्या में बेतहासा वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि आज तक कोई सरकार बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया। पांच लाख बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने की बात करने वाली सरकार आज हर मोर्चे पर विफल है। पूरे झारखंड के लोग हाथी के आतंक से किसान व आम जनता परेसान हैं। नील गाय गढ़वा का प्रमुख समस्या है। पूर्ण बहुमत की लगातार दस वर्षों से दो दो सरकारें रही, लेकिन आज भी गढ़वावासियों को एक भी कल करखाने नहीं मिला। सिर्फ लॉलीपॉप दिखा कर दोनों सरकारें लोगों को पंगु बनाने का काम किया है। प्रेसवार्ता में बसपा नेता सुदीप कुमार सुमन, राजकुमार साह साहित कई उपस्थित थे।

## एक नजर

### पेड़ से गिरकर किशोर घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र अचला गांव निवासी इबरार अंसारी के 13 वर्षीय पुत्र फैज अंसारी रविवार को जामुन के पेड़ से गिरकर घायल हो गया। गढ़वा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि फैज अंसारी ने जामुन तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। इस दौरान पेड़ की टहनी टूटने से वह नीचे गिरकर घायल हो गया। उसके दोनों हाथों में गंभीर चोट लगी हैं।

### विषैला जंतु के काटने से युवक बीमार

**गढ़वा।** धुरकी थाना क्षेत्र के अंबाखोरेया गांव निवासी सुधीर राम पिता सुखबीर राम को रविवार को विषैला जंतु ने काट लिया। गढ़वा सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सुधीर राम ने रविवार की सुबह में गाय को चराने गया था। इस दौरान उसके दायां पैर में विषैला जंतु ने काट लिया। इससे उसे अत्यधिक दर्द होने लगी।

### अवैध बालू उठाव के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध बालू उठाव के खिलाफ छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** एसपी दीपक कुमार पांडेस के निर्देश पर जिले में हो रहे अवैध बालू उठाव के खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान गढ़वा प्रखंड के विभिन्न बालू घाटों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्र के कुड़ी गांव में धनंजय उपाध्याय के घर के पास अवैध रूप से डंप किया बालू बरामद किया गया। उक्त मामले में गढ़वा अंचलाधिकारी सफी आलम ने प्राथमिक दर्ज करायी। इसके आधार पर पुलिस ने धनंजय उपाध्याय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस क्रम में अंचलाधिकारी के नेतृत्व में छतरपुर स्थित बाईपास सड़क पर छापेमारी अभियान चलाया गया। वहांअवैध रूप से बालू ले जा रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। ट्रैक्टर चालक, मालिक पर भी प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी बृज कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। मझिआंव थाना क्षेत्र के खजूरी नावाडीह नगर पंचायत वार्ड नंबर 12 स्थित अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर थाना ले गुई है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोयल नदी से अवैध बालू की ढुलाई खजूरी नावाडीह गांव में धड़ल्ले से चल रहा है। उस दौरान रितेश पाल का नया लाल कलर की 475 डीआई महेंद्रा ट्रैक्टर बालू लेकर बोकेया की ओर जा रहा था। पुलिस गाड़ी आते देख ट्रैक्टर ड्राइवर बालू को अनलोड कर ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि रितेश पाल मेराल थाना क्षेत्र के बोकेया गांव में बना रहे नव निर्मित मकान के पास अवैध रूप से बालू को डंप किया जा रहा है। जिसे स्थल पर जांच के बाद अवैध रूप से बालू भारी मात्रा में डंप किये जाने की बात कही। अवैध बालू भंडारण का फोटो ग्राफी भी की गई। धुरकी पुलिस कुछ दिनों से कड़े तेवर अपना ली है। अवैध बालू के विरुद्ध लगातार छापेमारी कर रही है। इस संदर्भ में धुरकी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अभियान चलाकर डंपिंग किया बालू व एक ट्रैक्टर को भी जब्त कर थाना परिसर में लगा दिया है। थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर थाना क्षेत्र में अवैध बालू के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कल खाला गांव से सरिदाहा टोला पर शशि गुप्ता उर्फ शशि कमलापुरी द्वारा अवैध तरीके से करीब 1000 सीएफटी बालू छिपा कर रखा गया था। खनन पदाधिकारी के साथ मिलकर जब्त करते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के घघरी गांव से चंदन जायसवाल का अवैध बालू लदा ट्रैक्टर को पकड़कर थाना परिसर में लगा दिया गया है। अवैध बालू कारोबार में संलिप्त आशीष जायसवाल व चंदन जायसवाल के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने अंचलाधिकारी सगमा को पत्राचार किया गया है। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि तीन महीने में करीब दर्जनों अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर उसके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध बालू के कारोबार को किसी भी हाल में चलने नहीं दिया जायेगा।



#### जिले में अवैध बालू उठाव करने पर होगी कार्रवाई

एसपी दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से विभिन्न नदियों से अवैध बालू उठाव की सूचना प्राप्त हो रही थी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध बालू उठाव के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। विभिन्न नदियों व गांव में छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। वहां भी अवैध रूप से बालू भंडारण पाया जा रहा है। ट्रैक्टर द्वारा ढुलाई किया जा रहा है। संबंधित लोगों पर सीधे कार्रवाई की जा रही है। उन्हें लोगों से अपील किया किस तरह के अवैध धंधे में शामिल नहीं रहे।

### पतंजलि योग समिति ने धूमधाम से मनाया गुरु पूर्णिमा

# जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाये वही गुरु है : ब्रजेश मिश्र



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पतंजलि योग समिति सह भारत स्वाभिमान न्यास द्वारा रविवार को पुरानी बाजार स्थित आर्य समाज मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज की तस्वीर के समक्ष सामूहिक रूप से दीप जला कर किया गया। सर्वप्रथम महिला जिला प्रभारी चंचल सिंह द्वारा लोगों को योग प्राणायाम के अभ्यास कराया गया। द्वितीय सत्र में यज्ञ आचार्य नंदलाल गुप्ता द्वारा हवन यज्ञ संपन्न कराया गया। तीसरे सत्र में बीएसटी जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी द्वारा गुरु पूजन सह गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विश्व में योग का परचम लहराने वाले योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज के प्रति कृतज्ञ भाव के साथ उन्हें साक्षी मानकर नियमित योग करने का संकल्प दिलाया। मौके पर झारखंड सोशल मीडिया के राज्य प्रभारी संतोष पांडेय, भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक कन्हैया लाल प्रसाद, योग साधक श्रवण, गोपाल, सूर्य देव दुबे, रामनरेश प्रसाद, शिवनारायण यादव, आजीवन सदस्य कैलाश सोनी, संरक्षक सत्यनारायण दुबे, योग शिक्षक संतोष प्रसाद, जयप्रकाश मिश्रा, इंदु उपाध्याय, सच्चिदानंद उपाध्याय, केपी गुप्ता, इन्दु भूषण मिश्रा, मेराल बीएसटी प्रभारी बलराम शर्मा, एसबी एकेडमी के निदेशक मदन यादव सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष योग साधक शामिल थे।

#### आज का दिन हम सभी के लिए महत्वपूर्ण

समिति के संरक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र ने कहा कि आज का दिन हम सभी सनातनी हिंदू धर्मावलंबी के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने गुरु का अर्थ विस्तार से समझाते हुए कहा कि जो अंधकार से प्रकाश की ओर अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाने का कार्य करता है वही गुरु है। मानव जीवन में जन्म से माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं और जीवन के प्रत्येक क्षण में हमें गुरु की आवश्यकता होती है, मानव को मानव धर्म का ज्ञान देने का कार्य हमें गुरु द्वारा मिलता है। यदि गुरु नहीं हो तो मनुष्य पशु के समान इस धरा पर रह जाता है। आज का दिन उन तमाम जीवन के गुरु को कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। यह संदेश हम सभी सनातनियों के लिए मिल का पत्थर साबित हो इस आशय से आज का यह कार्यक्रम कराया गया।

## इसलाहुल मुस्लिम कमेटी के सदर गुलाब हुसैन व सरपरस्त बने मौलान एजाज अंजुम



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** धुरकी प्रखंड क्षेत्र के गनियारीकला पंचायत अंतर्गत करवा पहाड़ गांव मे इसलाहुल मुस्लिम कमेटी का गठन कर सदर गुलाब हुसैन को बनाया गया है। इस संबंध मे रविवार को सदर चुने जाने के बाद सदर गुलाब हुसैन ने बताया की मदरसा गौसिया गरीब नवाज में विगत शनिवार को गांव के मुसलमानों के आम मशवरे के बाद मुस्लिम समाज मे दीन और दूनियावी तरक्की के लिए एवं समाज से कुरीतियों को मिटाने शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैठक किया गया। सर्वसम्मती से निर्णय लिया गया कि गांव के मुस्लिम समुदाय के युवा पिढ़ी जो दीन की राह से भटक कर जुआ तास समाज में ना समझी के कारण और छोटे-छोटे विवाद से शादीशुदा जोड़े का घर परिवार टूटना दहेज प्रथा के कारण बेकसूर लड़कियों को प्रताड़ित होने से बचाना है। वहीं दहेज जैसी कुरीती सहित सारी बुराइयों से समाज को बचाने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। सदर जनाब गुलाब हुसैन अंसारी, नायब सदर जनाब महबूब अंसारी, सेक्रेटरी, जनाब शमशाद अंसारी, खजांची, जनाब जैनुल अंसारी को बनाया गया है।

# श्रमदान कर ग्रामीणों ने जर्जर पथ का किया गया जीर्णोद्धार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** जर्जर पथ की समस्या से तंग हो बरही केरा टोली के ग्रामीणों ने श्रमदान कर पथ जीणोद्धार कार्य में जुटे सरकार के विकास कार्यों पर उठाया सवाल विदित हो की सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत के बरही केरा टोली के ग्रामीणों ने श्रमदान कर जर्जर पथ का जीणोद्धार कार्य में जुटे और सरकार व जनप्रतिनिधियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि चुनावी प्रलोभन का शिकार हो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में शोषण किया जा रहा है।वही बताते हुए कहा कि 20 वर्ष पूर्व मनरेगा मद से ग्रेड वन कार्य प्रखंड स्तर से कराया गया था। उसके बाद से हम सभी ग्रामीणों की समस्या को सुनने वाला कोई नही सरकार है। और जनप्रतिनिधियों को गांव की विभिन्न समस्या से कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया है। गांव के सुनैना उरांव, सरिता उरांव, मालती उरांव, सुकरो उरांव, तथा जरकु उरांव, सचिन उरांव, सुरेश उरांव, बीरेंद उरांव, बंधनु उरांव सहित अन्य ग्रामीण महिला उपरुषो ने बताया कि जर्जर पथ की समस्या से जिला के उपायुक्त को कई बार लिखित आवेदन दे कर अवगत कराया गया। परंतु आज तक सुनवाई नही हुआ। साथ ही बताया कि गांव में 60 घर की अवादी के बावजूद मूलभूत सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है।

ऐसी स्थिति में प्रसव को लेकर विमार व्यक्तियों के लिये भी समस्या बनी रहती है। सुनैना उरांव ने प्रसव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे स्थिति में जो भी महिलाएं होती है। उसे अस्पताल ले जाने का समस्या बना रहता है। पेयजल की व्यवस्था नही है। सहित अन्य विभिन्न बिंदुओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या का निदान करने की मांग किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जर्जर पथ जीणोद्धार कार्य के पूर्व ग्रामीणों ने गांव में बैठक कर पथ मरमती को लेकर आर्थिक व श्रमदान कर जगह जगह पर बने गढ़े तथा बड़े बड़े बोल्डर पत्थर के ऊपर मिटी मोरम देकर निर्माण करने का निर्णय लिया था। रविवार सुबह से पथ जीणोद्धार कार्य मे सभी ग्रामीण महिला व पुरुष के अलावे छोटे छोटे बच्चे जुट हुए थे। जिससे गांव की समस्या को दूर किया जा सके।

**सरकार पर उठाया सवाल**



## एक नजर

### पेशरार व कैरो को पूर्ण प्रखंड का दर्जा दिया जाय : महेश



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, प्रखंड शाखा-किसको/पेसरार के संयुक्त आम बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर जिला सचिव महेश कुमार सिंह ने कहा की पेशरार और कैरो प्रखण्ड को पूर्ण प्रखंड का दर्जा दिया जाय। उन्होंने कहा कि इनटेरियर क्षेत्र तथा जनसंख्या के दृष्टिकोण से पेसरार और कैरो को प्रखंड बनाए हुए एक-डेढ़ दशक हो गया है। राजपत्रित एवं मात्र कुछ अराजपत्रित पदों का सृजन किया गया है। अधिकतर कार्य किसको एवं कुडू प्रखंड के कर्मियों के कई-कई प्रभार से सम्पादित किया जा रहा है।

### सिसई में सोलर प्लेट की चोरी, किसान परेशान

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड क्षेत्र के लठदाग गांव के खेत में बने लिफ्ट इरीगेशन का सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों ने शनिवार की रात्रि को चोरी कर लिया है। जिसे स्थानीय किसानों को खेत पटवन करने में परेशानी हो रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि लठदाग झुमकी बेड़ा के पास अड़िया नदी में जेएसएलपीएस की द्वारा साढ़े सात एचपी का सोलर पंप व सोलर पैनल लगाया गया था।

### गुमला में गुरु पूर्णिमा पर गुरु सम्मान कार्यक्रम संपन्न



**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर पतंजलि योग समिति गुमला एवं भारत स्वाभिमान गुमला के तरफ से पालकोट रोड स्थित लक्ष्मी मंदिर में एक कुण्डीय यज्ञ एवं हवन का कार्यक्रम सुबह 10 बजे कराया गया। इसके पश्चात गुरु दक्षिणा कार्यक्रम किया गया। सभी कार्यक्रम के समाप्ति के पश्चात उपस्थित सभी लोगों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में आगामी 4 अगस्त को जड़ी बूटी दिवस मनाने पर भी विशेष चर्चा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भोला प्रसाद, प्रियंका कुमारी, रुपेश सोनी, रणधीर कुमार वर्मा, श्रुति कुमारी, पुष्प लता देवी, उषा किरण, सुनील कुमार दास, सुनीता कुमारी लक्ष्मी देवी अनीशा केसरी, प्रभा देवी, हरिहर नाथ सिंह, श्यामली मित्रा, अर्चना कुमारी, इत्यादि अन्य लोग भी उपस्थित थे।

# तोर कांध के कांवरिया हिलाओ रांची, दुमका... गीत पर झूमे भक्त

- *जिले से 2000 शिवभक्तों का जत्था रांची पहाड़ी मंदिर के लिए पैदल हुआ रवाना*
- *उपायुक्त डॉ वाघमारे पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी ने किया रवाना*



**कुडू में हुआ भव्य स्वागत**

कुडू के नव युवकों ने रांची जाने वाले कांवरियों का स्वागत किया। सभी कांवरिया इंदिरा गांधी चौक स्थित बिरला शिव मंदिर परिसर में रुके थे। जहां पर फल, पूड़ी सब्जी का वितरण किया गया। सभी कांवरियों ने जिले में अच्छी बारिश की कामना लिए जलाभिषेक की बात कही।

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** महाकाल क्लब के तत्वावधान में रविवार को जिलेभर से 2000 शिवभक्तों का जत्था रांची पहाड़ी मंदिर के लिए पैदल रवाना हुआ। सभी शिवभक्त 22 जुलाई सोमवार की सुबह श्रावण की पहली सोमवारी के अवसर पर रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। जत्थे में शामिल बच्चे, युवा, किशोर सभी शिवभक्त लगभग 80 किमी की पदयात्रा तय करेंगे। शिवभक्तों का जत्था शहर के चन्द्रशेखर आजाद चौक से निकली। सभी चन्द्रशेखर आजाद चौक से तिवारी दूरा, राणा चौक, महावीर चौक, गुदरी बाजार, शास्त्री चौक, थाना चौक, अमला टोली, सुभाष चौक चौक होते हुए कोर्ट रोड, बाबा मठ, रेलवे साइडिंग, ब्लॉक मोड़, किस्को मोड, पतराटोली होते हुए शंख नदी पहुंचे। जहां सभी शिवभक्त स्नान करने के बाद जल उठाया। शिव भक्तों को पुजारी चंद्रशेखर मिश्र के द्वारा संकल्प कराया गया। यहां से सभी शिवभक्त जल उठाकर झूमते गाते रांची रवाना हुए। तोर कांध के कांवरिया हिलाओ बाबा रांची, दुमका..., भांगिया पिसावे भम जी... गीत पर शिभभक्त जमकर झूमे। जत्थे की रवानगी उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरिश बिन जमां, मंत्री पुत्र सह कांग्रेस के युवा नेता रोहित प्रियदर्शी, क्लब के आजीवन संरक्षक बलराम कुमार, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, डॉ शंभूनाथ चौधरी, जिप सदस्य संदीप गुप्ता, सदर सीओ आशुतोष कुमार, महाकाल क्लब के अध्यक्ष रितेश कुमार उर्फ कुणाल, सचिव निश्चय वर्मा, क्लब के मीडिया प्रभारी अमित वर्मा सहित अन्य के द्वारा की गई। इससे पूर्व सभी अतिथियों ने सामूहिक रुप से भगवान शिव की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किया और कांवरियों को भगवा झंडा दिखाते

## सावन की पहली सोमवारी को लेकर मंदिरों का किया गया साफ सफाई

**सेन्हा-लोहरदगा।** सावन माह आते ही भक्तों के मन मे खुसी और उल्लास उमड़ने लगता है। इस बार भी सावन की पहली सोमवारी को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मंदिरों का साफ सफाई कर आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। प्रखंड मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्र में भी सावन की पहली सोमवारी को लेकर मंदिरों का साफ सफाई किया जा रहा है। प्रखंड धेत्र के बदला, सेरेंगहातु, चौकनी, अरु, झखरा, कोराम्बे, बक्सीडीपा, सेन्हा बन्धटोली, जोगना मोड़ सहित विभिन्न जगहों में स्थित शिव मंदिर का भक्तों द्वारा सावन माह की पहली सोमवारी के अवसर पर रविवार को साफ सफाई किया गया। भक्तों को पूजन करने में परेशानी न हो ऐसा भी मंदिर के आस पास व्यवस्था किया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अन्तर्गत चंदवा गढ़गांव में 1200 फिट ऊंचाई पर स्थित महादेव मंदिर गुफा हैं।



## पंपापुर धाम परिवार जलाभिषेक के लिए पहुंचा महादेव मुंडा धाम



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित पालकोट में ऋष्यमुक पर्वत शिखर स्थित बाबा बैद्यनाथेश्वर ज्योति मनोकामना लिंक मंदिर, प्राचीन बूढ़ा महादेव मंदिर, देवगांव स्थित प्राचीन श्री श्री 1008 श्री महादेव मुंडा धाम में सावन के पहली सोमवारी पर जलाभिषेक करने को लेकर राउरकेला से पंपापुर धाम परिवार के सभी भक्त कांवर लेकर पैदल यात्रा कर सैकड़ों कांवरियों का जत्था रविवार देर शाम को पालकोट पहुंचा। ऋष्यमुक पर्वत शिखर स्थित बाबा बैद्यनाथेश्वर ज्योति मनोकामना लिंग मंदिर में सावन के पहली पर जलाभिषेक करने को लेकर इनके साथ-साथ पैदल यात्रा करते हुये कांवर के साथ वेदव्यास, त्रिवेणी, हांथी बारी, सिमडेगा, बीरु, हार्टिंगहोडे, सोदे, पाड़ों, बानो, लचडागढ, कोलेबिरा सहित विभिन्न सुदूरवर्ती इलाकों से कांवरियों का जत्था रविवार शाम पालकोट पहुंचा। रविवार शाम को कांवर लेकर सैंकड़ों महिला-पुरुष युवक-युवतियां कांवरियों का जत्था पहुंचने पर पंपापुर धाम समिति पालकोट के सभी सदस्यों द्वारा सभी कांवरियों का भव्य रुप से स्वागत किया गया। वहीं दुर्गा मंदिर में सभी कांवरियों को विश्राम के लिये लाया गया। दुर्गा मंदिर में सभी कांवरियों को फल शरबत से जलपान कराया गया।

## न्यूज बॉक्स

### मूक-बधिर बच्ची के साथ दुष्कर्म मामला प्रकाश में आते ही ग्रामीणों ने की बैठक



**सेन्हा-लोहरदगा।** दुष्कर्म का मामला सेन्हा थाना क्षेत्र से प्रकाश में आते ही पीड़ित परिवार प्रशासन का शरण ले न्याय का गुहार लगया परंतु कुछ बातें सामने आने पर ग्रामीणों ने पंचायत भवन के समीप बैठक कर ठोस निर्णय लेने को बाध्य हुए।विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र में एक मुखबधिर बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर पीड़ित परिवार के सहयोग में तथा आरोपी के गिरफ्तारी को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर कठोर निर्णय लेना को बाध्य हुए।बताया जाता है कि मुखबधिर बच्ची के साथ जघन्य अपराध को अंजाम देने का प्रयास विशेष समुदाय के मुस्तफा अंसारी द्वारा किया गया था। यह मामला बीते शुक्रवार का है। मुखबधिर बच्ची के साथ जब गांव के मुस्तफा अंसारी आपत्तिजनक पार्ट को छूना तथा दबाने लगा तो बच्ची अपनी भाषा मे चीखने चिलाने लगी तो मौका का फायदा उठा आरोपी फरार हो गया।इस घटना की जानकारी जब माता पिता को हुआ तो प्रशासन को अवगत कराते हुए न्याय का गुहार लगया।वही जघन्य अपराध वाली घटना प्रशासन तक पहुंचने पर आरोपी इधर उधर छुपता फिर रहा है।और धमकी देते हुए कहता है कि जेल जाने से पूर्व किसी का हत्या करके जाएंगे। यह बात ग्रामीणों के बीच पहुंचते ही ग्रामीणों ने प्रशासन के विरुद्ध रोष प्रकट करते हुए बैठक किया और आरोपी के गिरफ्तारी तथा कड़ी से कड़ी सजा देने को लेकर बैठक में चर्चा किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि दो दिन में प्रशासन आरोपी को गिरफ्तार नही करती है तो बाध्य हो हम सभी ग्रामीण महिला पुरुष सड़क पर उतरने के लिए विवश है। बताते हुए ग्रामीणों ने कहा ऐसे आरोपी के विरुद्ध प्रशासन को ठोस कदम उठाना चाहिए और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने पर विचार करनी चाहिए उक्त बैठक में पीड़ित परिवार के साथ विश्व हिंदू परिषद सदस्य के अलावे सैकडों ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

### सुदेश महतो का कुडू में हुआ स्वागत



**कुडू - लोहरदगा।** छतरपुर हाई स्कूल मैदान मे आयोजित पार्टी के कार्यक्रम एवं हुसैनाबाद टाउन हॉल में आयोजित ग्राम प्रभारी और चूल्हा प्रमुखों को शपथ कार्यक्रम में शामिल होने सड़क मार्ग से डाल्टेनगंज जा रहे पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो का कुडू बस स्टैंड में जोरदार स्वागत हुआ। उनके साथ केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत भी मौजूद थे। पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की पत्नी सह विधानसभा प्राभारी नीरू शांति भगत की अगुवाई में सुबह से प्रतीक्षा कर रहे पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता जमे हुए थे। करीब 9 बजे सुदेश महतो कुडू पहुंचे तो कार्यकर्ताओं ने फूलों की माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान पार्टी प्रमुख ने भी बारी बारी से सभी का अभिवादन किया। मौके पर जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, परखण्ड अध्यक्ष कलीम खान, सलीम पांडु, संतोष साहू, कनवर लाल खान, साजिद कलाल, विजय उरांव, नवाज खान सहित सैकड़ो की संख्या में आजसू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 'दिल्ली हाट' में गुमला के रागी उत्पादों की लगी प्रदर्शनी



**गुमला।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम के द्वारा देश की राजधानी नई दिल्ली में 16 से 31 जुलाई तक दिल्ली हाट का आयोजन किया गया है। इसमें गुमला जिले से रागी मिशन के तहत उत्पादित स्टॉल लगाकर इनका विक्रय किया जा रहा है। दिल्ली हाट में देश भर के विभिन्न स्थानों से आए विभिन्न उत्पादों का स्टॉल लगाया जा रहा है। इसमें गुमला जिले के उत्पादों को भी स्थान मिला। ज्ञातव्य हो कि गुमला जिला प्रशासन और जेएसएलपीएस के सहयोग से एमवीएम बाघिमा फारमर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा स्थानीय बाजार समिति परिसर रागी प्रसंस्करण इकाई लगा कर रागी उत्पादों को विशेषकर रागी लड्डू का उत्पादन किया जा रहा है। दिल्ली हाट में कंपनी की ओर से तीन सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल, गुमला जिले के रागी लड्डू, कूकीज के अलावा अन्य उत्पादों के साथ भाग ले रही है। गुमला जेएसएलपीएस डीपीएम से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली हाट में रागी उत्पादों को हाथों हाथ लिया जा रहा है और मेले के अंतिम दिन तक अच्छी खासी बिक्री कंपनी के द्वारा कर लिए जाने का अनुमान है।

### जिला मंडल कारा गुमला में लगा जेल अदालत सह जागरूकता कार्यक्रम



**गुमला।** गुमला जिला मंडल कारा में झालसा के आदेशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर आज मंडल कारा गुमला में जेल अदालत सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह ने मंडल कारा के बंदियों से कहा कि अगर वह किसी प्रकार अपना वकील नहीं रख पा रहे हैं तो पीएलबी के द्वारा डीएलएसए को तुरंत सूचित करें ताकि उसे तुरंत पैनल वकील उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा की कानून संबंधी जितना भी सहायता आप लोगों को दी जानी है। वह सहायता विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी बंदी यदि किन्ही का जमानत मंजूर हो गया है। वह किसी कारण बस कारा से नहीं निकल पा रहा हो तो भी कानूनी सहायता प्राप्त होगा। विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा किया जाएगा। लीगल एड डिफेंस काउंसिल के बुंदेश्वर गोप ने कैदियों के बीच कानून संबंधी काफी जानकारियां उन्हें प्रदान किया। उन्होंने कहा की आवश्यकता पड़ने पर लीगल डिफेंस काउंसिल आपका सहायता करने के लिए बनाया गया है आप जब भी जरूरत पड़े हमारी टीम की सहायता ले सकते हैं उन्होंने कारा से निकलने के बाद लोगों को अच्छा व्यक्ति बनने की सलाह दी। आज के जेल अदालत में स्थाई लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, एलडीसी के बुंदेश्वर गोप, इंदु पांडे, जितेंद्र सिंह, डीएलएसए के कर्मचारी प्रकाश पांडे तथा मंडल कारा के कर्मचारी गण तथा बंदीगण उपस्थित थे।

## प्रजापति कुम्हार न्यास ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** प्रजापति कुम्हार न्यास के द्वारा वर्ष 2024 में वर्ग 10 एवं वर्ग 12 में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी परीक्षार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सरस्वती सरस्वती बाल निकेतन पावरगंज लोहरदगा में किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ न्यास के पदाधिकारियों एवं संरक्षकों के द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दक्ष प्रजापति महाराज के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके संयुक्त रूप से किया गया। इसके बाद कार्यक्रम का संचालन सचिव नागेंद्र प्रजापति, उपाध्यक्ष सरोज प्रजापति तथा कोषाध्यक्ष बिनोद कुमार प्रजापति के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## आजसू पार्टी के मिलन समारोह में सैकड़ों युवाओं ने सदस्यता ग्रहण की

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय लोहरदगा में मिलन सामारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नगर परिषद अंतर्गत 23 वार्ड से सैकड़ो युवाओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। लोहरदगा के युवाओं ने मिलन समारोह में अपने भावनाओं से आजसू पार्टी को अवगत कराया। अब लोहरदगा के भी युवा विकास की राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए ललाईत है। नए ऊजावान युवाओं ने कहा कि लोहरदगा का शिक्षा व्यवस्था चिकित्सा व्यवस्था काफी चरमराई हुई है। हम सभी इससे आहत है और हमें विश्वास है कि आजसू पार्टी जो एक आंदोलनकारी पार्टी है जो लोहरदगा के समग्र विकास में हम युवाओं को साथ लेकर चल पाएगी। बहुत जल्द ही लोहरदगा नगर क्षेत्र में आजसू पार्टी का एक युवा सम्मेलन हजारों युवाओं को साथ लेकर की जाएगी। आजसू पार्टी को पूर्ण विश्वास है कि नगर के युवा जल्द से जल्द हजारों हजार युवाओं को जोड़कर नगर क्षेत्र को मजबूत करते हुए प्रखंडो से भी नए ऊजार्वान युवाओं को जोड़ते हुए युवा सम्मेलन को सफल बनाएंगे। कार्यक्रम में युवाओं को पार्टी की विस्तार के लिए कई टिप्स दिए गए।



### ट्रक ऑनर एसो. कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## ट्रक ऑनर संघ की समस्याओं का करेंगे समाधान : धीरज साहू



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत बक्सीडीपा में झारखण्ड पठारी चंदवा ट्रक ऑनर एसोसिएशन कार्यालय का उद्घाटन पूर्व राज्यसभा संसद सह ट्रक ऑनर एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहु द्वारा फीता काट कर किया गया।कार्यालय के उद्घाटन से पूर्व ट्रक ऑनर एसोसिएशन के कार्यकताओं द्वारा बुक्के देकर स्वागत किया गया।उसके पश्चात ट्रक ऑनर एसोसिएशन के नये कमिटी के पदाधिकारियों से परिचय कराया गया।वही धीरज प्रसाद साहु ने कहा कि कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य है की ट्रक ऑनर एसोसिएशन संघ को सुचारू ढंग से संचालित करना है। संगठन के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं का सहयोग करना मुख्य उद्देश्य है। कहा कि ट्रक ऑनर एसोसिएशन के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों का सुख दुःख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। मैं इस क्षेत्र के स्थानीय लोगों का हक की लड़ाई लड़ रहा हूँ। आप सबों का एकजुटता के साथ सहयोग मिला जिसे बल मिला। कम्पनी बात से नही मानता है तो एकजुटता के साथ कम्पनी का गलत कार्य को सभी लोग मिल कर विरोध करेंगे। हर तरह से ट्रक ऑनर संघ के समस्याओं का समाधान करना है। मौके पर संदीप गुप्ता जिप सदस्य किस्को के अलावे सच्चिदानंद चौधरी, विजय जायसवाल,धर्मेन्द्र कुमार, पंकज सिंह, सहित ट्रक ऑनर के सैकड़ो अन्य ऑनर उपस्थित थे।

### साइंस ओलंपियाड में चयनित 26 छात्राएं इसरो के शैक्षणिक भ्रमण पर गयी

# उपायुक्त ने सभी को किया विदा 24 जुलाई को होगी वापसी




**छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान व रॉकेट साइंस की मिलेगी जानकारी**

उपायुक्त ने बताया कि विज्ञान की शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य से इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के इस शैक्षणिक भ्रमण से छात्राओं को अंतरिक्ष विज्ञान तथा रॉकेट साइंस की जानकारी मिलेगी। वे अपनी प्रतिभा एवं वैज्ञानिक ज्ञान को प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा जो छात्राओं की वैज्ञानिक सोच एवं सीखने के कौशल को बेहतर बनाने में भी सहयोगी होगा।

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** पिछले दिनों सपनों की उड़ान नामक साइंस ओलंपियाड का आयोजन किया गया था । इस साइंस ओलंपियाड में सभी विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 26 बालिकाओं को शैक्षणिक भ्रमण के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा भेजा गया। रविवार को जिला विज्ञान केंद्र परिसर गुमला से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर उक्त लोगों को विदा किया। टीम को रांची स्थित बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से चेन्नई के लिए रवाना हुई। चेन्नई में ये सभी तमिलनाडु सरकार के स्टेट गेस्ट हाउस में ठहरेंगे। सभी लोग 22 जुलाई को सुबह सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा पहुंचकर भ्रमण करेंगे एवं राकेट लांचिंग पैड देखने के साथ ही साथ वरिष्ठ वैज्ञानिकों से भी मुलाकात करेंगे। इसके लिए उपायुक्त ने पहल करते हुए इसरो प्रबंधन से विशेष अनुमति ली। ज्ञात हो कि जिले के सभी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय तथा कल्याण विभाग अंतर्गत सभी बालिका आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9 एवं कक्षा 11 वीं विज्ञान में अध्ययनरत छात्राओं ने भाग लिया था। इसमें से बालिका वर्ग अंतर्गत अपने अपने विद्यालयों में टॉपर 26 बालिकाओं को चयनित किया गया है। कुल 33 सदस्यीय टीम में 26 बालिकाओं के अतिरिक्त 3 शिक्षिका और 4 अधिकारी शामिल हैं। चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी की नेतृत्व में गठित इसरो के शैक्षणिक भ्रमण हेतु गठित इस टीम में जिले से तीन अधिकारियों को नामित किया गया है। इसमें गुमला प्रखंड के अंचल अधिकारी हरीश कुमार, शिक्षा विभाग के बीपीओ दिलदार सिंह तथा रमेश कुमार डिस्ट्रिक फेलो शामिल हैं। वहीं सभी 26 बच्चियों को तीन टीम में बांटते हुए , शिक्षिका शशि नीलम तिर्की, नीलम खाखा तथा रोहिणी कुमारी प्रसाद को टीम लीडर के रूप में भेजा जा रहा है ।

# नए कानूनों में रखा जाएगा वृद्धों का ध्यान

भागदौड़ और उपभोक्तावादी संस्कृति से चौंधियाए देश में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना बढ़ती जा रही है, बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते, वे उनके जीवन-निर्वाह की जिम्मेदारी भी नहीं उठाना चाहते हैं, जिससे भारत की बुजुर्ग पीढ़ी का जीवन नरकमय बना हुआ है।जीवन-निर्वाह करने की जटिलता एवं उपेक्षा को लेकर समय-समय पर जहां न्यायालयों ने अपनी चिन्ता जतायी है, वहीं सरकार ने कानून बनाकर बुजुर्गों को उन्नत एवं शांति देने के प्रयास किये हैं। वृद्ध माता-पिता की देखभाल एवं भरण-पोषण की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। अदालतों में गुजारा-भत्ते से जुड़े विवाद बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार वृद्ध माता-पिता की देखभाल के लिये बाध्य करने वाले 2007 के कानून में बदलाव लाकर, इसका दायरा बढ़ाने के मकसद से नये कानून लाने की तैयारी में है। माता-पिता और बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े वर्षों पुराने कानून को प्रभावी व व्यावहारिक बनाने की कोशिश निश्चित रूप से सामाजिक एवं पारिवारिक ताने-बाने में वृद्धों को सम्मानजनक जीवन देने की सार्थक एवं सराहनीय कोशिश है। इस समय देश में करीब 10.5 करोड़ बुजुर्ग लोग हैं और 2050 तक इनकी संख्या 32.4 करोड़ तक पहुंच जाएगी। भारत सहित 64 ऐसे देश होंगे जहाँ 30 प्रतिशत आबादी 60 वर्ष से अधिक उम्र की होगी। एकल परिवार के दौर में बुजर्गों की देखभाल और भरण पोषण एक बड़ी समस्या के तौर पर उभर रही है ऐसे में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुजुर्गों की देखभाल के लिये मेंटिनेंस ऐंड वेलफेयर ऑफ पैरंट्स ऐंड सीनियर सिटिजन ऐक्ट 2007 में संशोधन की पहल की है, नये बिल के मुताबिक अब घर के बुजुर्गों की जिम्मेदारी सिर्फ बेटे ही नहीं, बल्कि बहू-दामाद, गोद लिए गए बच्चे, सौतेले बेटे और बेटियों की भी होगी। बिल लाने का मकसद बुजुर्गों का सम्मान सुनिश्चित करना है। पहले वृद्ध माता-पिता अपनी संतानों से दस हजार रुपये तक का गुजारा भत्ता पाने के हकदार थे। बताया जा रहा है कि नये विधेयक के अनुसार अब माता-पिता का गुजारा भत्ता बच्चों की आर्थिक हैसियत से तय होगा। वहीं बच्चों के साथ कटुता कम करने के प्रयासों में माता-पिता व बुजुर्गों को त्यागने अथवा दुर्व्यवहार पर बच्चों को दी जाने वाली सजा में कमी करने की भी तैयारी है। ऐसा सामाजिक संगठनों से विमर्श के बाद किया गया है। क्योंकि लंबी सजा से माता-पिता और बच्चों के संबंधों में ज्यादा खटास बढ़ती है। कहा जा रहा है कि सरकार बजट सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। दरअसल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने बुजुर्गों की देखभाल से जुड़े 2007 के कानून में बदलाव की पहल तब की, जब समाज में बुजुर्गों की अनदेखी व दुर्व्यवहार के मामले तेजी से बढ़े हैं। भारतीय संस्कृति एवं सभी धार्मिक ग्रंथों में माता पिता को भगवान का रूप माना गया है और उनकी निःस्वार्थ सेवा करने की बात कही गयी है, लेकिन इसके बावजूद कई लोग अपने बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करना तो दूर उल्टा उन्हें परेशान करते रहते हैं। इसलिये विभिन्न राज्यों की सरकारें बुजुर्ग आत्म-सम्मान के लिये नये कानून बना रही है।

> यह वृद्धों को सम्मानजनक जीवन देने की सार्थक एवं सराहनीय कोशिश है

# बाबा बैद्यनाथ के दर्शन से समस्त मनोकामनाएं होती हैं

(22 जुलाई, बाबा बैद्यनाथ धाम यात्रा, सावन मेला के प्रारंभ पर विशेष)



उ झारखंड प्रांत के देवघर जिले में स्थापित बाबा बैद्यनाथ धाम की यात्रा 22 जुलाई से प्रारंभ हो रही है। सावन मास के प्रारंभ होते ही रह यात्रा प्रारंभ हो जाती है। इस यात्रा में भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों के शिवभक्त शामिल होते हैं। ये शिवभक्त गण सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर अस्सी किलोमीटर की पैदल यात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ के शिवलिंग पर अर्पित करते हैं। एक कथा के अनुसार सुल्तानगंज से जल लेकर बाबा बैजनाथ धाम स्थित शिवलिंग में जल चढ़ाने के परंपरा की शुरूआत त्रेता युग में हुई थी। सर्वप्रथम त्रेता युग में भगवान राम ने सुल्तानगंज से जल लेकर पैदल कांवर यात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम में स्थापित शिवलिंग पर जल अर्पित किया था। तब से यह कांवर यात्रा अनवरत जारी है।

हमारे धर्म शास्त्रों में वर्णन है कि बाबा बैद्यनाथ के दर्शन से समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस बार यह कांवर यात्रा सोमवार के दिन से प्रारंभ हो रही है, यह शिव भक्तों के लिए बहुत ही शुभ है? हमारे धर्म ग्रंथों के अनुसार सोमवार का दिन भगवान शिव की आराधना का विशिष्ट दिन होता है। इस दिन शिव मंदिरों में शिव भक्तों की काफी भीड़ देखी जाती है। सावन मास के हर सोमवार के दिन भगवान शिव की फूलों से विशेष सज्जा कर आराधना की जाती है। साथ ही शिव मंदिरों को सजाया भी जाता है। सोमवार के दिन कई भक्त दिन भर उपवास कर संध्या में भगवान शिव की आराधना के पश्चात सिर्फ फल ही ग्रहण करते हैं। एक ऐसी मान्यता है कि सिर्फ सोमवार को भगवान शिव की आराधना करने से भक्तों को पूरे एक सप्ताह के पूजा का फल प्राप्त होता है। हर साल इस यात्रा में लाखों शिव भक्त शामिल होते हैं। इस वर्ष उम्मीद है कि गत वर्ष की तुलना में अधिक शिवभक्त शामिल होंगे। चूंकि गत वर्ष मलमास के कारण कई नए कांवरिया कांवर लेकर इस यात्रा में सम्मिलित नहीं हो पाए थे। वे इस बार इस कांवर यात्रा में जरूर शामिल होंगे। ऐसे भी सालों भर देवघर स्थित वैद्यधाम के दर्शन करने के लिए लाखों शिव भक्त पहुंचते रहते हैं। लेकिन सावन मास की बात ही निराली होती है। सुल्तानगंज से शुरू होने वाली यात्रा, शिवभक्तों के नाच गान और उल्लास देखते बनता है।

शिव भक्तों के बोल बम के नारों से सुल्तानगंज से लेकर बाबा बैजनाथ धाम तक का संपूर्ण क्षेत्र गूंज उठता है। केसरिया वस्त्र में हर एक भोले बाबा के भक्त नजर आते हैं। सभी भक्त ऊंच-नीच, अमीर गरीब का भेद मिटाते हुए बोल बम के नारों के साथ बाबा बैजनाथ धाम की यात्रा पूरी करते हैं। यह यात्रा समस्त देशवासियों को एक होने की सीख भी प्रदान करती है। बाबा भोलेनाथ ऐसे देव हैं, इनकी कृपा सदा अपने भक्तों पर बरसती रहती है। देवों के देव महादेव समस्त भक्तों के सभी कष्टों को दूर भी करते हैं। इस यात्रा में कई शिवभक्त पिछले 30-40 वर्षों से लगातार शामिल होते चले आ रहें हैं। इस यात्रा में कई ऐसे भक्त भी शामिल होते हैं, जो 7-8 वर्ष की उम्र में इस यात्रा में शामिल हुए थे, वे आज भी वृद्धावस्था प्राप्त कर इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। इस यात्रा की सबसे सुखद पहलू यह है कि शिवभक्त जब तक इस यात्रा में चलते रहते हैं घर-द्वार, लोक संसार की चिंताओं से पूरी तरह मुक्त होते हैं। शिव भक्तों का ध्यान बस एक ही जगह केंद्रित होता है, कि सुल्तानगंज से लिया गया यह पवित्र गंगाजल कैसे बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर अर्पित किया जाए।

बाबा बैद्यनाथ प्रसिद्ध तीर्थस्थलों और बारह ज्योतिर्लिंग में से एक है। इसे भगवान शिव का सबसे पवित्र स्थल माना जाता है। ये एक ज्योतिर्लिंग है, जो शक्तिपीठ भी है। मान्यता है कि इसकी स्थापना स्वंय भगवान विष्णु ने की थी। इस मंदिर में आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसलिए मंदिर में स्थापित शिवलिंग को कामना लिंग के नाम से भी जाना जाता है। बाबा बैजनाथ धाम में स्थापित शिवलिंग कामना लिंग के रूप में जाना जाने के कारण हर वर्ष कांवरियों की संख्या में वृद्धि होती रहती है। कामना लिंग के रूप में प्रतिष्ठित होने के कारण सालों भर शिव भक्तों की भारी भीड़ बाबा बैजनाथ धाम के दर्शन हेतु आते रहते हैं। कई भक्त ऐसे भी नजर आते हैं, जिनकी संख्या लाखों में है। भगवान शिव ने उन्हें पुत्र व पुत्री से नवाजा। ऐसे याचक भक्त अपने बच्चों का मुंडन बाबा बैजनाथ धाम की पवित्र धरती पर करवाते देखे जाते हैं। हमारे हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार बाबा बैद्यनाथ धाम के संदर्भ में मान्यता है कि बैजनाथ धाम की यात्रा कर शिवलिंग पर जल अर्पित करने से मनुष्य के सभी पाप कट जाते हैं।

आज की बात



विजय केसरी
(कथाकार/स्तंभकार)

आपकी बात

# गुरु पूर्णिमा : शिष्यों में अर्जुन तत्व जगाने का समय



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

हमारे अद्भुत राष्ट्र भारत में धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं का समृद्ध इतिहास है। उन्होंने वर्षों से लाखों हिंदुओं को पवित्र मार्ग दिखाया है, इसलिए हिंदू या भारतीय संस्कृति में 'गुरु तत्व' का विशेष महत्व है। हालाँकि, धार्मिक और आध्यात्मिक गुरुओं के रूप में इस महान 'गुरु तत्व' को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और इस तरह से सोचना चाहिए कि उनके लाखों अनुयायी राष्ट्र या भारत माता को खुद से ऊपर रखें। प्रत्येक गुरु को जातिगत भेदभाव और स्वार्थी प्रवृत्तियों को दूर करके हिंदुओं को एकजुट करने का प्रयास करना चाहिए। भले ही हमारे पास गुरुओं की एक लंबी और शक्तिशाली विरासत हो, लेकिन इस्लामी और ईसाई आक्रमणकारियों ने हम पर शासन और शोषण क्यों किया? इतना व्यापक धार्मिक रूपांतरण क्यों है ?हर कोई, अमीर या गरीब, शांति और खुशहाल जीवन चाहता है, और धार्मिक और आध्यात्मिक गुरु अपने अनुयायियों को शांतिपूर्ण रहने और खुशी और नैतिक रूप से जीने का तरीका सिखाने का हर संभव प्रयास करते हैं। हालाँकि, अगर आसपास का माहौल शांत और नैतिक नहीं है, सनातन धर्म के प्रति तीव्र तिरस्कार है, तो सनातनी और सनातन धर्म कैसे जीवित रह सकते हैं? धर्म परिवर्तन की वर्तमान दर के साथ सनातन धर्म कैसे टिक पाएगा? परिणामस्वरूप, प्रत्येक गुरु को 'राष्ट्र प्रथम' सिद्धांत पर विचार करना चाहिए; अन्यथा, धर्म के दुश्मन मानवता को नष्ट करने के लिए अपनी शक्ति से सब कुछ बर्बाद करेंगे। गुरु पूर्णिमा, आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद और आचार्य चाणक्य को याद करने और सनातन धर्म और मानवता को बचाने के लिए उनके पदचिह्नों पर चलने का दिन है। अर्जुन तत्व का जागरण परम आवश्यक है। रामचरित मानस में गोस्वामी जी ने गुरु के बारे में विस्तार से बताया है। उन्होंने अपनी चौपाई में कहा है कि-बंदउ गुरु पद कंज कृपा सिंधु नररूप हरि। महामोह तम पुंज जासु बचन रबि कर निकर। अर्थात तुलसीदास जी कहते हैं, मैं गुरु महाराज के चरण कमलों की वंदना करता हूँ, जो दया के सागर हैं और मानव रूप में श्री हरि हैं, तथा जिनके वचन लोभ और स्वार्थ के घने अंधकार को नष्ट करने वाले सूर्य किरणों के समूह के समान हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी के अनुसार गुरु वह होता है, जिसके वचनों के अनुरूप कर्म होते हैं। क्या गुरु-शिष्य का रिश्ता किसी अन्य रिश्ते में हो सकता है? क्या अलग-अलग रिश्ते गुरुमय हो सकते हैं? हिंदू शास्त्रों के अनुसार, कृष्ण और अर्जुन दोनों मित्र और जिजा साले भी हैं। वे हमेशा साथ रहे और एक बंधन बनाया। वे मित्र बन गए, लेकिन कुरुक्षेत्र के युद्ध के मैदान में, जब अर्जुन ने दावा किया कि वह एक शिष्य की भावना से पूछ रहा था, तो कृष्ण ने एक गुरु की भावना से बात की, और ज्ञान का अमृत, गीता, उनके होठों से बरसा। जब अर्जुन गुरु तत्व में दृढ़ हो गया, तो श्री कृष्ण ने हर समय उसकी रक्षा की।

देश की बात

# छद्म एवं पाखंडी बाबाओं से मुक्ति की सार्थक पहल



ललित गर्ग

भारतीय हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद (एबीएपी) की ओर से चौदह महामण्डलेश्वरों और संतों के निष्कासन की ताजा कार्रवाई पाखंडी एवं छद्म बाबाओं से समाज को मुक्त करने का सराहनीय कदम है। अखाड़ा परिषद की गोपनीय जांच में अखाड़ों से जुड़े ये संत धार्मिक कार्यों के बजाय धनार्जन एवं अधार्मिक कार्यों में लिप्त पाए गए। ऐसे ही अन्य बाबाओं पर व्यभिचार, दुष्कर्म, जादू-टोटके व दूसरे अनैतिक कार्यों के भी आरोप लगते रहे हैं। इनके अलावा सौ से अधिक संतों को अखाड़ा परिषद ने नोटिस भी दिया है। निष्कासित किए गए संतों को अगले साल होने वाले कुंभ में भी प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़ा परिषद की ताजा कार्रवाई इस तरह के कथित धर्मगुरुओं पर लगाम लगाने की प्रभावी कोशिश मानी जाएगी। इस तरह के प्रयास हर स्तर पर होने चाहिए, ताकि छद्म एवं पाखण्डी धर्मगुरुओं से समाज को मुक्ति मिल सके। आम लोगों में भी विवेक का जागरण जरूरी है, ताकि धर्म को विकृत करने वाली ऐसी घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। अखाड़ा परिषद ने कुल चौदह ढोंगी संतों की एक सूची मीडिया में जारी की है। सूची में जेल की हवा खा रहे बाबा रामपाल, गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां, आसाराम, नारायण साईं व असीमानंद के अलावा निर्मल बाबा, राधे मां और कई ऐसे इच्छाधारी बाबा शामिल हैं, जो पिछले कुछ सालों में अपनी करनी के चलते विवादों में रहे हैं। गोलगप्पा खिलाकर लोगों की हर समस्या का समाधान करने वाले निर्मल बाबा जैसे ढोंगियों के झांसे में लोग कैसे खिंचे चले आते हैं, इस पर भी अखाड़े की ओर से कई चौंकाने वाले तथ्य बताए गए हैं। उनका मानना है कि राधे मां और निर्मल बाबा जादू-टोटके से लोगों को अपनी ओर खींचते हैं। बाबाओं की कारस्तानियों ने सबको सकते में डाल रखा है। महिलाओं की अस्मत से खिलवाड़ करना इन बाबाओं की दिनचर्याओं में शामिल था। लाज-शर्म से कुछ महिलाएं नहीं बोलती थीं, उन्हीं का ये बाबा फायदा उठाते थे। इन बढ़ती त्रासद एवं विडंबनापूर्ण स्थितियों के खिलाफ अब पूरा अखाड़ा परिषद मुखर हो उठा है।

फेसबुक वॉल से




X से




अलग बात

# चले चलो, आज धनवान की शादी है



संजय गोस्वामी

जो लोग 500 वर्ष बाद भगवान राम के मंदिर , प्राण प्रतिष्ठा समारोह उत्सव में नहीं आये, मुँह फुलाकर कैकेई और मंथरा बने रहे , वही लोग आज अम्बानी के पुत्र के विवाह में दौड़े चले गए। शास्त्र के नाम पर पल पल बखेड़ा खड़ा करने वाले लोग जिन्होंने अशास्त्रीय मानकर और शास्त्र की आड़ लेकर अपने अहंकार में को पोषित करने का कुचक्र किया था, आज वही लोग सन्यासी होकर भी विवाहोत्सव में चले गए। पैसा सबको नचा देता है। इन लोगों को राम मंदिर से ज्यादा अपनी कीर्ति प्यारी थी। अब कृपा कर यह समस्त हिन्दू समाज को बतायें कि कौन से शास्त्र के अनुसार यह लोग सन्यासी होकर विवाहोत्सव में गए? क्या यह राम मन्दिर से बढ़ कर था ? चलिए गृहस्थ सन्तों की बात अलग है, उनको यह निषेध नहीं है। लेकिन यह बहुत बड़े पीठाधीश अवश्य बतायें कि सन्यासी होकर यह किस शास्त्र विधि का पालन करके गए? सन्यासियों के लिए तो यह नियम है कि एक गाँव में एक ही रात ठहरने का नियम होता है , इससे ऊपर वह एक गाँव में निवास नहीं कर सकते अपने आश्रम को छोड़कर।

**सन्यासी के चार भेद होते हैं** :- 1. कुटिचक, 2. बहुदक, 3. हंस, 4. परमहंस।

इन चारों के नियम के अनुसार कृपया सभी सनातन धर्मियों को बताएं कि वह किस शास्त्र के नियम से विवाहोत्सव में गए? अरे सन्यासियों को तो नर्म गद्दा, रुई, अग्नि, धातु पात्र तक प्रयोग में लाना चाहिए। जब आप शास्त्र शास्त्र करके समाज को तोड़ते हैं, तब तो आप को भी शास्त्र के नाम पर कटघरे में खड़ा करना चाहिए। यह सनातन धर्मी सब देख रहा है आप लोगों का। इस कलियुग में जितना आडंबर और पाखंड फैला है न, वह सब दृष्टिगोचर हो रहा है। स्वयं के लिए कोई नियम नहीं और वैसे चींटी तक के लिए शास्त्र शास्त्र कर के नियम बिना सिर पैर के करेंगे इसीलिए कलियुग के लक्षणों में यह लिखा है कि जब भगवान कल्कि अवतार में आएंगे तो सबसे पहले आश्रमों को नष्ट करेंगे क्योंकि कलियुग के प्रभाव से अधर्म धर्म को चोला पहन कर इन आश्रमों में वास करने लगेगा। हम सनातन धर्मी आपसे यह प्रश्न तब न पूछते जब आप हमारे आराध्य भगवान श्री रामचन्द्र के उत्सव में सम्मिलित होकर हम सभी जनों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते और समस्त विश्व को यह संदेश देते कि हम सनातन धर्मी एक हैं।



बोधि वृक्ष

> वनवासी, आदिवासी लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए झाबुआ में वनजन कला शिविर का आयोजन होगा

# दी जाएगी कालिदास की अमर कृति 'रघुवंशम' पर चित्रमय प्रस्तुति

कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन आगामी तीन माह में संपूर्ण मध्य प्रदेश में विविध कार्यक्रम आयोजित करेगी। उक्त कार्यक्रमों की श्रृंखला में वनवासी, आदिवासी लोक कलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए झाबुआ में वनजन कला शिविर का आयोजन किया जायेगा। अनुसूचित जनजाति के कलाकारों को शिविर में आमन्त्रित कर महाकवि कालिदास की रचना रघुवंशम पर चित्र निर्माण करवाए जायेंगे। इसी प्रकार समरस कला शिविर में आमन्त्रित अनुसूचित जाति के कलाकारों से मूर्ति शिल्प का निर्माण करवाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए, निदेशक कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन, डॉ.गोविन्द गन्धे ने बताया कि मध्यप्रदेश के 53 जिलों में आमजन को संस्कृत से जोड़ने की दृष्टि से अकादमी द्वारा सरल संस्कृत सम्भाषण वर्ग आयोजित किये जायेंगे। इन वर्गो के प्रशिक्षण के लिये शिक्षकों का आवासीय प्रशिक्षण वर्ग उज्जैन में आयोजित किया जायेगा। बालनाट्य समारोह के अंतर्गत संस्कृत नाटकों की प्रस्तुतियों हेतु नाट्य संस्थाओं एवं विद्यालयों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे हैं।



टेक वर्ल्ड

# दोनों प्रकार का धन एक साथ नहीं मिल सकता

संसार में दो प्रकार का धन होता है, एक भौतिक धन और दूसरा आध्यात्मिक धन। मनुष्य का स्वभाव है कि वह ज्यादा से ज्यादा धन कमाने की चाहत रखता है। कोई व्यक्ति सोना, चांदी, रुपए पैसे का अंबार लगाकर धनवान कहलाता है तो कोई भूखा, प्यासा रहकर भी धनवान कहलता है। वास्तव में धनवान दोनों हैं। एक भौतिक धन का धनी है तो दूसरा अध्यात्मिक धन का धनी है। शाछ्य और पुराण कहते हैं कि दोनों धनों में से अध्यात्म रूपी धन ज्यादा श्रेष्ठ है क्योंकि इसे कोई छीन नहीं सकता। इसे कोई चुरा भी नहीं सकता है। जिसके पास अध्यात्म रूपी धन होता है वह निश्चिंत होता है। उसे किसी प्रकार की चिंता और भय नहीं रहता है। संसार में कोई भी ऐसा व्यक्ति नहीं है जो एक साथ इन दोनों धनों का सुख प्राप्त कर सके। अध्यात्म और भौतिक धन दोनों दो नाव के समान हैं। आप जानते हैं कि दो नाव की सवारी एक साथ नहीं की जा सकती, अगर ऐसा करेंगे तो डूबना तय है। मर्जी हमारी है कि हम अध्यात्मिक धन अर्जित करके ईश्वर का ऋण चुका दें और जीवन-मरण के चप्र को पार करके दुख से मुक्ति प्राप्त कर लें। दूसरा रास्ता यह है भौतिक धन अर्जित करके सांसारिक सुख का आनंद लें और बार-बार जीवन-मरण के चक्र में उलझकर पाप का फल प्राप्त करें।

काव्य कोना

## मर्यादा का डर

धधकती ज्वाला
नख शिख के बीच
सुनहरे बादलों की पंक्ति
संकेत है शायद
साकेत नगरी में आने की
फिर किसी राम के।
बनायेगा नई मयार्दा
दिखलायेगा नई राहें
शंका है, आशंका है
फिर भ्रमित न हो
मयार्दा के भ्रम में
डर से टूटने की मर्यादा
अंतःद्वंद्व में न फंस जाय कहीं
मानसिक क्लेश न बन जाय
कहीं।

-नाग मणि

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पिकअप और ट्रक में टक्कर एक की मौत, दो घायल

### घायल सभी पलामू जिला के रहने वाले हैं

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दो वाहनों के बीच भीषण टक्कर हो गई। जिसमें एक शख्स की मौत हो गई। हादसा सदर थाना क्षेत्र में हुआ है। दुर्घटना में मारा गया शख्स पलामू का रहने वाला था। घटना लातेहर सदर थाना क्षेत्र के करकट गांव के पास रविवार को लातेहार- डाल्टनगंज मुख्य मार्ग पर एक ट्रक और पिकअप वाहन में जोरदार टक्कर हो गई। इस घटना में पिकअप पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। मृतक की पहचान पलामू जिले के बारीदुआ गांव निवासी गोल्डन खान के रूप में हुई है। जबकि घायलों की पहचान पलामू निवासी नीरज कुमार और चंदन कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मेरी जानकारी के अनुसार रांची से मछली लेकर पिकअप वाहन पलामू की ओर जा रही थी। इसी दौरान लातेहार सदर थाना क्षेत्र के करकट के निकट विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक से पिकअप वाहन की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जिस कारण पिकअप पर सवार सभी लोग गाड़ी में ही फंस गए थे। बाद में स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। एक की मौत हो गई थी और दो गंभीर रूप से घायल थे। वहीं लातेहार थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। इधर घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को भी दे दी गई है। इस घटना को लेकर मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है वहीं क्षेत्र में सनसनी है।

# पानी की समस्या से परेशान हैं लोग, जल जीवन मिशन फेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** पंचायत महुआडांड़ अंतर्गत कसाई बांध स्थित टोला की अबादी लगभग 20 परिवार कि है, इस टोला में पानी की भारी किल्लत है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत टोला के बीच एक जलमीनार दिया गया है। लेकिन एक साल से खराब है। इस टोला के मुदशर, सोनू, सकीम अंसारी ने बताया जलमीनार लगने के बाद केवल दो दिन ही लोगों को यहां से पानी उपलब्ध हुआ, फिर जो हुआ खराब पड़ा है, महिलाओं ने कहा कि घर के लिए लगभग आधा किलोमीटर दूर से पानी लाते हैं, उसे सिमित खर्चा करते हैं, वहीं बरसात में भारी दिक्कत है। बारिश के पानी छानकर उबाल कर पीते हैं। जलमीनार में लगा घटिया स्तर के सामाग्री का नतीजा है। जलमीनार खराब स्थिति में है। ठेकदार बोर्ड लगाकर जलमीनार को पूर्ण कर दिया। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों में भारी रोश है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रेम प्रसंग में युवती की हत्या करने का परिजनों ने लगाया आरोप



**कुंदा (चतरा)।** कुंदा थाना क्षेत्र के बरमा गांव के मोहन भारती की 20 वर्षीय पुत्री कोशिला कुमारी की हत्या प्रेमी के द्वारा करने का आरोप परिजनों ने लगाया है। परिजनों ने बताया की कोशिला अपने प्रेमी से मिलने गई थी। इसी दौरान हत्या करने के बाद युवती का शव को खपिया गांव के पास फेंक दिया गया है। वही थाना प्रभारी सनोज चौधरी ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जबकि मृतक युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। कुंदा पुलिस ने मृतक युवती के पिता की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए कुंदा थाना पुलिस छापेमारी कर रही है। युवती की कैसे हत्या की गई या आत्महत्या है उसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

### आरा ग्राम में विस्थापित संवेदकों की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत मगध विस्थापित संवेदकों की एक अहम बैठक आरा ग्राम स्थित अनन्य होटल परिसर में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अनिल प्रसाद और सभा का संचालन विजय साव ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मगध विस्थापित क्षेत्र के आरा, चमातू, देवलगड़ा, फुलबसिया, कुंडी आदि ग्राम के विस्थापित संवेदक मौजूद रहे। जिन्होंने मगध विस्थापित क्षेत्र में सीसीएल द्वारा कराई गई विकास कार्यों की चर्चा की गई। चर्चा में उन्होंने बतलाया कि विस्थापित संवेदक को बाहरी संवेदक द्वारा दोहन की जा रही है। मगध क्षेत्र में अब तक जितने भी विकास कार्य किए गए हैं। वह सभी बाहरी संवेदक द्वारा किया जा रहा है। इन सभी विकास कार्यों में विस्थापित संवेदकों को प्राथमिकता मिलना चाहिए। जिसकी मांगों को लेकर सीसीएल मैनेजमेंट से बात करने का निर्णय लिया गया है।

### प्रखंड कमेटी का गठन, वसीम खान बने अध्यक्ष



**बालूमाथ।** प्रखंड के दिवाकर नगर स्थित शफीक अहम्मद के घर मे खान बिरादरी की लाडले हसन खान के सदारत में एक अहम बैठक की गई।जिसमें सभी के रायमसवीरा से एक कमिटी गठित की गई।जिसमें सर्वसमति से वसीम खान उर्फ जुगनू खान को अध्यक्ष शाहिद खान उपाध्यक्ष सचिव मोहम्मद लुकमान खान कोषाध्यक्ष एजाज खान मीडिया प्रभारी मोहम्मद इमरोज उर्फ रिंकू खान को बनाया गया है।इस मौके पर ओहदेदारों को माला पहनाकर इस्तकबाल किया गया। इस अवसर पर बैठक को सम्बोधित करते हुए नईम खान मोहफिल खान जमीर हसन खान ने संयुक्त रूप से कहा कि आज खान विरादरी शिक्षा के क्षेत्र में दुनियावी तालीम से लेकर आखरत की तालीम से भी महरूम है। यही वजह है कि खान विरादरी के लोगो को किसी जगह में उचित सम्मान नही मिल पाता है अगर हमारे बच्चे शिक्षित रहेंगे तो हम अपने हक लड़कर लेंगे। सरकार खान विरादरी को ऊची जाति में रखकर किसी प्रकार के लाभ से वंचित कर रखा इस खान जाति में बहुत से गरीब है उनकी जनगणना करकर उन्हें सरकारी लाभ मिलना चाहिए। बैठक में खान परिवार के लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### चंदवा पुलिस ने स्क्रैप चोरी के मामले में एक को भेजा जेल

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चकला बाना स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से स्क्रैप चोरी मामले में चंदवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के चकला पंचायत अंतर्गत चकला गांव निवासी अख्तर खान पिता सतार खान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। बताते चले कि अभिजीत ग्रुप से बड़ी मात्रा में स्क्रैप चोरी की सूचना पुलिस को शुक्रवार की रात मिली थी। पुलिस के पहुंचने के पूर्व ही इसकी सूचना चोरों को मिल गई थी। पुलिस ने चोरों को दबोचने के लिए दबिश बढ़ाई व छापामारी अभियान शुरू किया था। स्क्रैप छिपाए जाने के संभावित ठिकानों पर पुलिस की छापामारी चल रही थी। इसी दौरान बालूमाथ प्रखंड में एक कबाड़ी दुकान के समीप ही खेत में पुलिस को बड़ी मात्रा में स्क्रैप मिले थे। इस बरामदगी के बाद पुलिस ने चंदवा थाना कांड संख्या 95/24 के तहत अख्तर खान पर मामला दर्ज किया था। पुलिस की माने तो अख्तर पर चंदवा थाना में स्क्रैप चोरी के करीब आधे दर्जन से अधिक मामला दर्ज हैं।

### आईआरबी के जवान घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू प्रखंड स्थित गोनिया पुल के समीप एलपी ट्रक व 407 पिकअप वाहन के टक्कर से आईआरबी 04 बटालियन के जवान घायल हो गए हैं घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपक राम देवघर से स्वयं 407 पिकअप वाहन चलाकर लातेहार जा रहे थे कि इसी दौरान गोमिया पुल के समीप एलपी ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई इस टक्कर में आईआरबी के जवान घायल हो गए। जिन्हें आसपास के ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य में लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार कर उचित इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

# जमीरा मुखिया की पहल पर डुरु में लगा नया ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में हर्ष



### महुअमिलान के डुरु गांव में एक वर्ष से खराब पड़ा था ट्रांसफार्मर

**चन्दवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत महुआमिलान गांव के डुरु टोला में रविवार को नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में खुशी देखी गई। लगभग एक वर्ष से इस टोले का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा था। जमीरा पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी ने विभागीय अधिकारी तथा सूबे के मंत्री बैजनाथ राम से वार्ता कर नया ट्रांसफार्मर लगवाने के आग्रह किया था। रविवार को मुखिया ने नए ट्रांसफार्मर का फीता काटकर उदघाटन किया। इसके बाद से पूरे गांव में बिजली सेवा पुनः बहाल हो गई, जिससे ग्रामीणों में काफी हर्ष है। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष डब्लू प्रजापति, वार्ड सदस्य किशन मुंडा,सोहराय गंझू,तुलसी साव,शिबू मुंडा, बसंती देवी,संगीता देवी, देवन्ती देवी, रिता देवी,रुपाली देवी, कौशिला देवी,एतवरिया देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

### विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू सुप्रीमो का पलामू दौरा

# झारखंड में मौजूदा सरकार के विदाई का समय आ गया है : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है राजनीतिक पार्टी अपने चुनाव की तैयारी के लिए जुट गई है। वहीं आजसू पार्टी भी विधानसभा की तैयारी को लेकर सुप्रीमो सुदेश महतो पलामू के हुसैनाबाद और छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर जाने के क्रम में लातेहार में आजसू पार्टी को मजबूत करने के लिए मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें कई लोगों को सुदेश महतो ने आजसू पार्टी की सदस्यता दिलाई। वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि पार्टी के कार्यक्रम से हुसैनाबाद और छतरपुर विधानसभा का कार्यक्रम है। इसी क्रम में आज लातेहार में मिलन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता एवं कई पार्टी के सदस्यों ने आज मिलकर लातेहार में आजसू पार्टी में शामिल हुए लोगों से पार्टी को मजबूती मिलेगी। और आने वाले दिनों में पार्टी की गतिविधि में और तेजी आएगी।वहीं रांची में आंदोलन कर रहे सहायक पुलिसकर्मी व पारा शिक्षकों पर लाठी चार्ज मामले पर सुदेश महतो ने हेमंत सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सरकार का क्रिएट किया हुआ है और सरकार के यह वादे थे जो पूरा न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आजसू जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडे ने की। मौके पर सैकड़ो आजसू कार्य करता के साथ-साथ कई ग्रामीण और स्कूल प्रबंधक मौजूद रहे।

# चंदवा में आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो का हुआ जोरदार स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो रविवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत चूल्हा प्रमुख सम्मेलन में शामिल होने पलामू जा रहे थे। स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर के समीप आजसू प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार दुबे उर्फ राजा दूबे की अगुवाई में प्रखंड के दर्जनों की संख्या में आजसू कार्यकर्ताओ ने पार्टी सुप्रीमो का चंदवा में जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सुदेश महतो ने कार्यकताओं से मुलाकात कर उनमें जोश भरा। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार विकास विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। कहा कि हेमन्त सोरेन को सरकार ने सत्ता में काबिज होने के लिए हर वर्ष 5 लाख नौकरियां देने का वादा किया था अब जब पांच साल बीतने को है तब उन्हें बताना चाहिए कि कितनी नौकरियां उन्होंने दी। आगे कहा कि पिछले दिनों जिस तरह से सरकार ने सहायक पुलिस कर्मियों व पारा शिक्षकों पर लाठी बरसाने का काम किया है इसका जबाब जनता उन्हें इस चुनाव में देगी। देश के साथ झारखंड राज्य के विकास की गति और तेज हो इसके लिए आगामी विधानसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए को ही पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में लाएं।

**अभाकिस ने सुखाड़ समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा :** इधर अभाकिस नेता प्रमोद साहू ने आजसू सुप्रीमो को जिले में अल्प वर्षा के कारण उतपन्न हुई सुखाड़ समस्या को लेकर एक ज्ञापन भी सौपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने आग्रह किया है कि जिले में इस वर्ष औसत से बहुत कम बारिश दर्ज की गई है जिसके कारण यहां के किसान चिंतित हैं।उन्होंने श्री महतो से सुखाड़ के मामले को विधानसभा में उठाने की मांग की है। मौके पर पंकज जायसवाल, राजेश प्रसाद,राजा तिवारी, मनीष कुमार,अनुराग कुमार, सुभाष मंडल,वरुण कुमार समेत दर्जनों की संख्या में आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर कमेटी गठित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** विश्व आदिवासी दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को खीस्त राजा विद्यालय सभागार कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सुमन सुनील सोरेन ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर एक समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुमन सुनील सोरेन, उपाध्यक्ष लाल बिहारी उरांव, सचिव विनोद उरांव, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुजुर समेत धनेश्वर उरांव अनूप बड़ाइक, विनोद उरांव, विनेश्वर उरांव राजेश भगत, धवल कुजूर, स्टीफन मिंज प्रभात तिर्की, रतिलाल उरांव समेत 21 सदस्यीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया है।

### त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में हेल्दी बेबी शो कार्यक्रम का आयोजन

# बच्चों का किया गया स्वास्थ्य जांच

**नवीन मेल संवाददाता**



**चंदवा।** त्रिवेणी पब्लिक स्कूल के सभागार में बच्चों का कार्यक्रम हेल्दी बेबी शो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोहरदगा से आए प्रसिद्ध चिकित्सक मृत्युंजय कुमार के द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चों का स्वास्थ्य जांच किया गया ।कार्यक्रम के दौरान बाल चिकित्सक ने बताया कि बच्चे अगर स्वस्थ रहेंगे तो उनका मन पढ़ाई में लगेगा । बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए उन्हें जंक फूड के सेवन से बचाना होगा। बच्चों को पौष्टिक आहार देकर उन्हें मजबूत बनाया जा सकता है। इधर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उक्त कार्यक्रम के माध्यम से अभिभावकों को जागरूक करना है कि वे अपने बच्चों के लिए खान-पान व दिनचर्या के लिए जागरूक बने बच्चे चंचल व खुश रहेंगे तो ही उनका सर्वांगीण विकास होगा। सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों का विशेष देखभाल जरूरी है। इधर कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले अभिभावक व बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले आदविक सहदेव, अहद एहसान समेत अन्य लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कीर्ति गुप्ता, सुमंत कुमार,रोशन पाठक,जूही परवीन समेत अन्य शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा। इस पूरे कार्यक्रम को विद्यालय की निर्देशिका कादंबरी सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

# शिक्षा के बिना विकसित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुन्दा (चतरा)।** सुदूरवर्ती क्षेत्रों के नौनिहालों को बेहतर प्रारंभिक शिक्षा देने को लेकर सुमित्रा स्मारक सेवा संस्थान के द्वारा बालवाड़ी केंद्र की स्थापना की जा रही है।रविवार को पचरुखीया व मोहनपुर में बालवाड़ी केंद्र का उद्घाटन मुखिया मनोज कुमार साहू,संस्था के निदेशक रामजन्म कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया।संस्था के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया ततपश्चात मुखिया एवं निदेशक ने केंद्र के शिक्षिका को नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू ने संस्था के कार्यो को सराहा और कहा सुदूरवर्ती क्षेत्र में बालवाड़ी केंद्र की शुरूआत कर संस्था ने शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने का कार्य किया है,शिक्षा के बिना विकसित समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। निदेशक रामजन्म कुमार ने बताया की सुमित्रा सेवा संस्थान सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने के लिए संकल्पित है।शिक्षा से वंचित हर घर के बच्चों को बालवाड़ी केंद्र के माध्यम से शिक्षित करना हमारा संस्था का मुख्य उद्देश्य है।उन्होंने दो से छह वर्षों के बच्चों को बालवाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। साथ ही केंद्र में नामांकित सभी बच्चों के बीच निःशुल्क किताब, कॉपी, ड्रेस, बैग आदि बांटा गया। बतादें की राष्ट्रीय ग्रामीण/शहरी शिक्षा एवं रोजगार मिशन के द्वारा यह कार्यक्रम संचालित की जा रही है,वर्तमान में भारत सरकार से अनुदान हेतु प्रस्तावित है।संस्था के द्वारा दो से छह वर्ष तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। मौके पर केंद्र शिक्षिका स्वेता कुमारी, अनु कुमारी, प्रियंका कुमारी, मंदीप पासवान, समाजसेवी जगमोहन महतो, वार्ड सदस्य रविशंकर वर्मा, विनोद पासवान, गणेश पासवान समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### लाठीचार्ज के विरोध में निकाला गया मशाल जुलूस

विष्णुगढ़। रांची में सहायक पुलिस कर्मियों व जेबीकेएसएसके वरीय नेता रांची लोकसभा प्रत्यासी देवेंद्र नाथ महतो सहित अन्य के ऊपर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शनिवार की शाम सात मिल मोड़ से हॉस्पिटल चौक तक जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा मशाल जुलूस निकालने के साथ साथ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। प्रखंड अध्यक्ष कौलेश्वर महतो ने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों की मांगे जायज है । अधिकार के लिए लडने वालो की आवाजे दबाई जा रही है इस प्राकर से लाठीचार्च करना अमानवीय कार्य है। जेबीकेएसएसके हमेशा सच्चाई के साथ खड़ी रहेगी। सरकार के ऐसे घृणित कार्यों के लिए जेबीकेएसएस हमेशा विरोध करेगी। मौके पर पूर्व पश्चिमी सह वर्तमान जिप सदस्य प्रतिनिधि जय प्रकाश सिंह पटेल , प्रखंड उपाध्यक्ष सुजीत कुमार, नंदलाल महतो, सुरेश कुमार,रामचंद्र राम ,सचिव प्रेमचंद महतो,गंगाधर महतो,सुनील कुमार समेत सैकड़ों जेबीकेएसएस कार्यकर्ता शामिल थे।

### पत्रकारों पर केस के मामले में एसपी से मिलेगा का प्रतिनिधिमंडल

हजारीबाग। प्रेस क्लब हजारीबाग कार्यकारिणी की बैठक झील परिसर स्थित कार्यालय में रविवार को क्लब के अध्यक्ष उमेश प्रताप की अध्यक्षता में हुई। इसमें चौपारण में पत्रकारों पर हुए केस के मामले में चर्चा की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि इस मामले में प्रेस क्लब हजारीबाग का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष उमेश प्रताप के नेतृत्व में एसपी से मिलकर वार्ता करेगा। इस दिशा में गंभीरता से पहल किए जाने पर चर्चा की गई। फिर गंभीर रूप से बीमार पत्रकार अनवर फिदवी को आर्थिक सहयोग करने पर सहमति बनी। इसके लिए प्रेस क्लब से जुड़े सभी पत्रकारों से आग्रह किया जाएगा। बैठक में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों पर विचार-विमर्श किया गया। परिसर में साफ-सफाई कराने के साथ धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाने का निर्णय लिया गया।

### नदी पर पुल नहीं बनने से जान जोखिम में डालकर स्कूल जा रहे हैं बच्चे : किशोरी राणा

हजारीबाग। जहां एक ओर राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा पर करोड़ों रुपए खर्च करने का दावा करती है। लेकिन, जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है। बच्चे आज भी कई कारणों से स्कूल नहीं जा पा रहे। काटकमासंड़ी प्रखण्ड के बंझा पंचायत के हटकोना गाँव मे नदी पर रोजाना ऐसा नजारा देखा जा सकता है। जिसकी कल्पना आज के दौर में करना भी मुश्किल है। दरअसल यहां के बच्चों को हर रोज जान जोखिम में डालकर डर से हनुमान चालीसा का पाठ करते स्कूल जाने के लिए नाव से नदी पर कर आना जाना पड़ता है समाजसेवी किशोरी राणा ने बैठक कर उनकी जन समस्याओं को सुना और बताया कि कई सालों से इस नदी पर पूल बनाने की मांग कर रहे हैं। लेकिन, अभी तक इस नदी पर पुल नहीं बन पाया है।

### हजारीबाग जिला कार्यकारिणी का किया गया चुनाव

हजारीबाग। पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन, झारखंड की बैठक शहीद स्मारक (नियर सर्किट हाउस) के प्रांगण में पूर्व निर्धारित हजारीबाग जिला कार्यकारिणी का चुनाव के लिए रखी गई थी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा व संचालन इन्स्पेक्टर भोलानाथ प्रसाद रिटायर्ड ने किया। मीटिंग में हजारीबाग के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और संगठन को ऊंचाई तक ले जाने के लिए वचन दिए, बाद में अलग अलग सदस्यों के द्वारा सभी पदों के लिए प्रस्ताव आया, जिसके बाद निम्नलिखित पदों पर हजारीबाग जिला कार्यकारिणी का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया, जिसमे अध्यक्ष महेंद्र गोप, उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद मेहता सचिव कमल किशोर, उपसचिव मुकेश कुमार सिंह, संगठन मंत्री ह.

---

वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह में बच्चों ने बिखेरी सतरंगी छटा

# निजी विद्यालय के शिक्षकों को भी सरकार प्रशिक्षण की नि:शुल्क करे व्यवस्था : अध्यक्ष

*दर्शक हुए मंत्रमुग्ध, मैट्रिक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित*



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
नगर भवन बरही में निजी विद्यालय संघ की ओर से वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव और संचालन डॉ एस के दत्ता ने किया. कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस प्रकार के आयोजन के लिए उन्होंने संघ की सराहना करते हुए शिक्षको सहित विद्यार्थियों का हौसलावर्द्धन किया. कार्यक्रम में बरही प्रखंड के तीन दर्जन से अधिक विद्यालयो के बच्चो ने एक से बढ़कर एक दर्जनों सांस्कृतिक प्रस्तुति दी. प्रत्येक कार्यक्रम मंत्रमुग्ध करने वाला था. डॉ भीम राव अंबेदकर पब्लिक स्कूल मलकोको के विद्यार्थियों ने बेहतर तरीको से रामायण की प्रस्तुति दी. सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल के बच्चो ने भी बेहतर सांस्कृतिक प्रस्तुति कर लोगो को झूमने के लिए मंत्रमुग्ध कर दिया. एंबीशन की बच्ची ने नारी शक्ति पर बोलकर नारियों का आत्मबल बढ़ाया. पूरे कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, सामाजिक और धार्मिक प्रवृतियों का समावेश देखने को मिला. इस दौरान मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले दर्जनों विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया. अध्यक्ष श्री

यादव ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर संचालित निजी विद्यालयों ने शिक्षा के स्तर को बढ़ाने का काम किया है. कार्यक्रम मे अध्यक्ष सहित सचिव नितेश कुमार, मीडिया प्रभारी सुधीर चंद्र, उपसचिव दिनेश यादव, गुलाब कुमार दास, विजय कुमार, मनोज कुमार, सूरज दास, मुकेश कुमार, सकलदेव यादव, राजकुमार पंडित, कामेश्वर कुमार, सुरेश यादव, विजय यादव, इंडियन पब्लिक स्कूल सिंहपुर ओरीया, लूसेंट कॉनवेन्ट स्कूल नईटाँड़, सेंन्ट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोईया धमना, एनजेजेएफ के बच्चो ने सतरंगी छटा बिखेरी.




## मिशन ग्रीन के सदस्यों ने मंडई में लगाए 20 पौधे

**हजारीबाग।** रविवार को मिशन ग्रीन हजारीबाग के सदस्यों ने मंडईकला स्थित मनीष कुमार सिन्हा एवं राकेश कुमार सिन्हा की जमीन पर 20 पौधे लगाये। सभी सदस्य पौधारोपण कर काफी उत्साहित थे। सभी पौधे फलदार वृक्षों के हैं। इस पौधरोपण कार्यक्रम में एस. सी सिन्हा, विश्वेन्दु जयपुरियार, सुशील कुमार सिन्हा, गुरु दत्त सिंह, मनोज कुमार सिन्हा, हरि मोहन समेत अन्य उपस्थित हुए। इस अभियान के बाबत श्री जयपुरियार ने कहा कि इस ग्रुप को बनाकर उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम चलाने का मन बनाया तो स्वतः ही लोग इससे जुड़ते गए। बताया कि पिछले सन्डे को मासीपीढ़ी में इस टीम ने 13 पौधे लगाए थे। कुल मिलाकर मिशन ग्रीन हजारीबाग की टीम शहर में 33 पौधे लगा चुकी है। कहा कि वे वैसे स्पॉट्स का चयन कर रहे हैं, जहां पौधों को मवेशियों से खतरा नहीं हो। रिटायर्ड डीडीसी सुभाष चंद्र सिन्हा ने कहा कि नौकरी में रहते हुए भी उन्होंने कई बार पौधरोपण कार्यक्रम चलाया और अब एकबार फिर ऐसे अभियान में शामिल होकर उन्हें काफी खुशी हो रही है। अन्य सदस्यों में मनोज कुमार सिन्हा, सुशील कुमार सिन्हा, गुरु दत्त सिंह, हरि मोहन ने कहा कि यह अभियान अब चलता रहेगा और कोशिश रहेगी कि इस साल ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए। साथ ही शहर के लोगों से इस अभियान का हिस्सा बनने की भी अपील की।



दिव्य कल्याण आश्रम में धूमधाम से मनाई गई गुरु पूर्णिमा

## दर्जनों श्रद्धालु हुए कार्यक्रम में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में रविवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाया गया।इस निमित सर्वप्रथम गीता और रामायण का विधिवत पाठ श्रद्धालुओं के द्वारा किया गया। गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम में आस पास के दर्जनों भक्त पहुंचे।वहीं पूजन के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। दिव्य कल्याण आश्रम के संस्थापक सदस्य और भाजपा नेत्री कुमकुम देवी सहित प्रकाश मोदी, दर्शन सोनी, इन्द्रजीत प्रसाद, वासुदेव चन्द्र यादव, अशोक कुमार, संजय कुमार, पंकज कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, सुनील कुमार, संजय कुमार, प्रकाश चौधरी, मुन्ना मोदी, किशोरी चौधरी, रामचंद्र प्रसाद, ध्रुवनारायण वर्णवाल, अर्जुन प्रसाद, पूर्व प्रमुख भोलाप्रसाद, रितलाल प्रसाद, छोटी प्रसाद, मुखिया सुमन कुमार, बबलू मंडल, अशोक गुप्ता,यमुना साव समेत सैकड़ों धर्म प्रेमियों ने भाग लिया।

### मृतक के आश्रित को 400000 रुपये मुआवजा देने पर बनी सहमति

**रामगढ़।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ कमेटी के प्रयास से पतरातु प्रखंड के देवंती प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड लोवाडीह के प्रबंधन , स्थानीय ग्रामीणों और जीबीकेएसएस के के बीच वार्ता हुई। जिसमें बीते 19 जुलाई को 4:00 बजे देवंती प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड लोवाडीह में पानी पटाने वाले टैंकर से लोवाडीह पार टोला में सुरेश बेदिया के घर के पास ट्रैक्टर से गिरकर जयनाथ मुंडा की मौत होने का मामला प्रकाश में आया था। इसी मामले को लेकर रविवार को वार्ता हुई। जिसमें मृतक के आश्रित को मुआवजा के तौर पर 400000 रूपए देने पर सहमति बनी। जिसमें से 2 लाख रूपए का चेक मृतक के आश्रित कोहरी देवी के नाम से दिया गया। 100000 रूपए अगस्त और 100000 रूपए सितंबर में देने पर सहमति बनी है। वार्ता में मुख्य रूप से राजेंद्र बेदिया, रमेश कुमार महतो, गिरी शंकर महतो, संजीव साहू ,सुरेंद्र महतो, शनि महतो, गोपाल महतो, संजय कुमार महतो आदि शामिल हुए।



प्रेस क्लब का अनुमंडलस्तरीय बैठक संपन्न

# पत्रकारों को लक्षित कर प्राथमिकी दर्ज करवाना दुर्भाग्यपूर्ण : अनुज यादव

*पत्रकार भीड़ का हिस्सा नहीं हो सकता है, जो सदैव समाचार संकलन के लिए खुद को जोखिम में रखकर अपनी कार्य करता है*

*दर्ज प्राथमिकी की भर्त्सना करते हुए झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने वाले सूचक के बहिष्कार का निर्णय लिया*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
पूर्वी पंचायत भवन में बरही, बरकट्ठा, चौपारण और बरही प्रेस क्लब की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई. जिसमे विभिन्न प्रखंड के दर्जनों पत्रकार ने हिस्सा लिया. बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब बरही के अध्यक्ष अनुज यादव और संचालन चौपारण प्रेस क्लब के अध्यक्ष शंकर यादव ने किया. जिसमें मुख्य रूप से चौपारण पत्रकार प्राथमिकी कांड पर विचार विमर्श करते हुए उपस्थित पत्रकारों ने इस कुत्सित कृत के लिए सूचक की भर्त्सना किया. पत्रकारों ने कहा कि पत्रकार भीड़ का हिस्सा नहीं हो सकता है, जो सदैव समाचार संकलन के लिए खुद को जोखिम में रखकर अपनी कार्य करता है. जिसे राजनीतिक प्रतिद्वंता के तहत लक्षित कर प्राथमिकी दर्ज करवाना दुर्भाग्यपूर्ण है. जिसका सबों ने एक सुर में दर्ज प्राथमिकी की भर्त्सना करते हुए झूठे प्राथमिकी दर्ज कराने वाले सूचक बहिष्कार करने का निर्णय लिया. साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही प्रेस क्लब हजारीबाग के तत्वावधान में एक प्रतिनिधिमंडल एसपी को ज्ञापन सौपकर उचित कदम उठाने की मांग करेगा. पत्रकारों को सम्मान और सुरक्षा नहीं मिला तो प्रेस क्लब सड़क पर उतरकर इसका प्रतिकार करेगा. बैठक के अंत में सभी पत्रकारों ने एसडीपीओ सुरजीत कुमार से मुलाकात कर चौपारण के उमेश पासवान, शशि शेखर कुमार, किशोर राणा तथा पदमा के संजय यादव पर दर्ज मुकदमे को यथाशीघ्र छान बीन करते हुए आरोपमुक्त करने की मांग की. बैठक में प्रेस क्लब बरही, चौपारण के अध्यक्ष सहित बरकट्ठा बरकट्ठा के अध्यक्ष गोपाल यादव, अजय ठाकुर, उमेश पासवान, अनुज कुमार सिंह, सुजीत प्रधान, विजेंद्र कुमार शर्मा, अभिमन्यु कुमार सिंह, केशव कुमार सिंह, अनिल कुमार, गन्नू कुमार आदि सहित अनुमंडल के दर्जनों पत्रकार शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### बस से गिरकर खलासी घायल, अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ प्राथमिक इलाज



बरही। रविवार के दोपहर एनएच 33 देवचंदा मोड़ के पास वसुंधरा बस के खलासी गाड़ी से नीचे गिर घायल हो गया. जिसे बस संवाहक और यात्रियों की मदद से प्राथमिकी उपचार के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. घायल खलासी की पहचान हजारीबाग निवासी 28 वर्षीय संजू कुमार पिता राजेंद्र सिंह के रूप में हुई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वसुंधरा बस रांची से कोडरमा की ओर आ रही थी. तभी खोड़ाहर के पास अचानक बस से खलासी नीचे गिर गया. जिससे वह घायल हो गया. बस से कुचलने से बाल बाल बचा।

### कड़ी सुरक्षा के बीच दुष्कर्मी को भेजा गया जेल, पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज



**बरही ।** बीएनएस एंड 4 पोक्सो एक्ट के तहत बरही पुलिस ने रविवार को एक युवक को कड़ी सुरक्षा के बीच जेल भेज दिया गया. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने बताया कि मामले को लेकर बरही थाना में थाना कांड संख्या-305/24 दर्ज किया गया है. कांड के प्राथमिकी अभियुक्त मो फरदीन (23 वर्ष) पिता नसीमुद्दीन धनवार का रहने वाला है. जिसके खिलाफ बीएनएस की धारा-70 (2)/123/351(2) बीएनएस एंड 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत एक नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया है.

### बेलकप्पी मुखिया के प्रयास से पंचायत के स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत



**बरकट्ठा।** बेलकप्पी पंचायत अंतर्गत मुखिया ललिता देवी के प्रयास से खराब पड़े स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत की गई।इस निमित कहार टोला, तिवारी टोला, भुइया टोला, न्यू बेलकप्पी, सूरजकुंड, पांडेय टोला, एवं बन्दासिंगा के विभिन्न स्थानों में लगभग 95 लाइट का ठीक कराया गया,जो खराब पड़े थे। विदित हो की पंचायत क्षेत्र में विगत कई दिनों से मरम्मत के अभाव में स्ट्रीट लाइट खराब पड़े थे।वहीं मुखिया ललीता देवी ने कहा कि स्ट्रीट लाइट की मरम्मति हो जाने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी नहीं होगी।

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कटकमदाग प्रखंड का किया दौरा, ग्रामीणों की समस्याओं से हुईं रूबरू



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा के कटकमदाग प्रखण्ड के पसई पंचायत में भाजपा नेत्री सह विधानसभा कोर कमिटी की सदस्या शेफाली गुप्ता ने रविवार को सघन दौरा किया। ग्रामीणों से मिलकर जनसमस्याओं से रूबरू हुई। इस दौरान पसई पंचायत भवन में जन चौपाल एवं संकलन कैंप लगाकर प्रधानमंत्री जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्योग आदि की जानकारी ग्रामीणों को दिया। इस अवसर पर राशन कार्ड, वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं विधवा पेंशन सहित कई जनसमस्याएं सुनी। केंद्रीय योजनाओं से संबंधित समास्याओं पर जल्द समाधान करने का ग्रामीणों को भरोसा दिया। साथ ही अन्य मुलभुत समास्याओं की निराकरण में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पसई पंचायत वासियों ने ग्रामीणों की समास्याओं से रूबरू होने के लिए भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता का आभार जताया। मौके पर भाजपा नेत्री सह विधानसभा कोर कमिटी की सदस्य शेफाली गुप्ता ने पसई पंचायत वासियों को संबोधित कर कहा कि सदर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है। आपके हर समास्याओं की निवारण करूँ यही मेरी प्रयास है।

---

स्कूल का रास्ता किया बंद, बच्चों की शिक्षा पर लग सकता है ग्रहण

# ग्रामीणों ने की सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने वालों पर कारवाई की मांग



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहरा कला स्थित नव सृजित प्राथमिक विद्यालय का रास्ता बंद कर दिये जाने से बच्चों की भविष्य अंधकारमय प्रतीत होता दिखाई दे रहा है। इस बाबत ग्रामीणों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने और अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर हस्ताक्षर युक्त आवेदन अधिकारियों को दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के इसराइल अंसारी पिता रहीम मियां ने शनिवार को रास्ते पर ईंट लगाकर रास्ते को पूर्ण रूप से बंद कर दिया। सुचना मिलते ही थाना प्रभारी स्थल पर पहुंचकर कोई भी कार्य करने पर रोक लगाई। ग्रामीणों के मुताबिक 3 मार्च 2021 में उक्त रास्ते को लेकर मुखिया की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक की गई थी और 11 फीट का रास्ता विद्यालय के लिए रखा गया था। फिर भी दबंगई दिखाते हुए रास्ता को बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने सीओ से इसराइल अंसारी के प्लाट संख्या 2720,2721 को मापी कर सीमांकन करने और शेष बचे जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की गुहार लगाई है। विदित हो 25 जुलाई 2023 को एसडीओ समेत अन्य पदाधिकारी स्थल पर पहुंचकर सीमांकन कराने की बात कही थी लेकिन आज तक नहीं किया गया।

### एसएल गुप्ता ट्रस्ट पांचों सोमवारी पर बुढ़वा महादेव में वितरित करेगा पूजन सामग्री

**हजारीबाग।** एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पवित्र श्रावण मास की पांचों सोमवारी को शहर के प्राचीन बुढवा महादेव स्थित माँ वैष्णव मंदिर प्रांगण में पूजन समाग्री का वितरण होगा। कार्यक्रम सुबह सात बजे से शुरूआत होगी। जिसमें श्रद्धालुओं को दुध, फुल, बेलपत्र, अगरबत्ती एवं माचिस का वितरण किया जाएगा। इस अवसरको पर संस्था द्वारा भस्म भी श्रद्धालुओं को लगाया जाएगा। इसकी जानकारी एस एल गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक राकेश गुप्ता ने दिया तथा बताया कि वर्षों पुराने परंपरा को अक्षुण्ण रखने के उद्देश्य से हर वर्ष पूजन समाग्री तथा मुख्य विशेष कार्यकर्मो का आयोजन होता आ रहा है। धार्मिक कार्यों में दान-पुण्य करने से आंतरिक संतुष्टि मिलती है। उन्होंने ने बताया कि हर व्यक्ति अपने दायित्व पर खरा उतर धार्मिक कार्यक्रमों में अवश्य दान पूण्य करना चाहिए।

भाजपा नेता ने मैराथन दौड़ का किया आयोजन

# आने वाले वर्षों में पांच लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा जाएगा : प्रदीप प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के द्वारा रविवार को गांधी मैदान में भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। हरी झंडी दिखलाकर मैराथन दौड़ शुरू हुआ। शहर के विभिन्न चौक चौराहा से गुजरते हुए पुनः गांधी मैदान पहुंचकर भव्य मैराथन दौड़ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। गांधी मैदान से प्रारंभ होकर मैराथन दौड़ पीटीसी चौक, डीवीसी चौक, त्रिमूर्ति चौक नूरा, इंद्रपुरी चौक, पगोड़ा चौक, झंडा चौक, बंशीलाल चौक, गाड़ीखाना, पुराना बस स्टैंड, डिस्टिक मोड, पीटीसी चौक होते हुए गांधी मैदान पहुंचा। दौड़ के दौरान 14 एम्बुलेंस मौजूद रहे,छात्र-छात्राओं की सुरक्षा हेतु 400 से भी अधिक वॉलिंटियर एवं गार्ड तैनात थें, चिकित्सा सुविधा के लिए डॉक्टर की व्यवस्था की गई थी जगह-जगह पर छात्र-छात्राओं को पेयजल एवं शरबत उपलब्ध कराया जा रहा था। इस बीच छात्र-छात्राओं के बेहतर रिजल्ट के लिए टेक्निकल टीम साथ में चल रही थी सभी का हौसला अफजाई करने के लिए भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद स्वयं दौड़ में शामिल थे।तो वहीं दूसरी और गांधी मैदान में स्थानीय कलाकारों के द्वारा झारखंडी नृत्य के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर नन्हे-नन्हे बच्चों ने संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए बेहतर संदेश दिया नुक्कड़ नाटक के जरिए पेड़ बचाओ अभियान पर जोर दिया गया। बोकारो, चतरा, रामगढ़, धनबाद,कोडरमा सहित अन्य कई जिलों से धावक हजारीबाग पहुंचे थे।




**सफल होने वाले धावकों को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया**

दौड़ में सफल होने वाले धावकों को जिसमें महिला एवं पुरुष की पुरस्कार राशि बराबर रखी गई थी, प्रथम पुरस्कार के रूप में 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार छ हजार, तृतीय पुरस्कार चार हजार, चतुर्थ पुरस्कार दो हजार, पांचवा पुरस्कार एक हजार, छठ से लेकर दसवां पुरस्कार तक 500 की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण न केवल हमारी वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी आवश्यक है। इसी दृष्टिकोण से यह भव्य मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। हमारी सभी से अपील की वे पर्यावरण की सुरक्षा के लिए अपने स्तर पर प्रयास अवश्य करें।

**आस्था** | श्री श्याम कृपा भवन में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन

# गुरु सूर्य की प्रकाश के समान होते हैं : स्वामी प्रेम परिजात



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
ओशोधारा ध्यान केंद्र श्री श्याम कृपा भवन में रविवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम समर्थगुरु ओलिया सिद्धार्थ एवं सद्गुरु ओशो के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया तथा ओशो मंत्र द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए स्वामी प्रेम परिजात (कमल बगड़िया) ने कहा कि गुरु अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से गुरु विद्यार्थियों को उसके जीवन में शिक्षा का प्रकाश देता हैं उसी गुरुपूर्णिमा मनुष्य की आत्म को प्रकाश की आर ले जाता है। गुरु पूर्णिमा यानी गुरु पूर्णिमा के चांद की तरह होता है जिसका अस्तित्व परमात्मा के सूरज के प्रकाश से प्रकाशित होता है। गुरु परमात्मा का संदेश वाहक होता है जिस तरह चांद एक एकम, द्वितीया, तृतीया के अंधेरों से गुजरा हुआ पूर्णिमा को प्राप्त कर प्रकाशित होता है। इस तरह उसी राह को गुरु भी अनुसरण करके शिष्यों को शीतल राह दिखाता है। गुरु सब कुछ जानकार भी जना नही पाता, क्योंकि वह 0 अवस्था को प्राप्त कर लेता है। जैसे ना चाहते हुए भी इनकी गंघ नासापुटों में भर जाती है। संगीत की मधुर ध्वनि कानों में घूम जाती है सूर्य का प्रकाश आंख बंद करने पर भी अनुभव होता है ।वैसे ही गुरु के पास बैठने मात्र से ही ज्ञान की अनुभूति हो जाती है। इसके उपरांत ब्रह्मनाद ध्यान करवाया गया। मां भारती बगड़िया ने मधुर गीत से सब का मन मोह लिया। स्वामी सुरेश बगड़िया एवं स्वामी अशोक गुप्ता ने भी ओशो मित्रों को संबोधित किया।

## गुरु पूर्णिमा पर साईं मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन



**हजारीबाग।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर छठ तालाब साईं मंदिर, नवाबगंज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 8:00 बजे साईं बाबा के अभिषेक पूजा एवं प्रसाद वितरण से हुई, जिसके बाद दोपहर 1:00 बजे धूप आरती के बाद भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने और स्थानीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में संध्या 6:00 बजे आरती का आयोजन किया गया, जिसके बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम को संपन्न किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह साईं मंदिर छठ तालाब, नवाबगंज पहुंचे, और साईं मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने उनका हार्दिक स्वागत किया। मुन्ना सिंह ने साईं बाबा की पूजा अर्चना की और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर सभी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया और भक्तों के साथ बैठकर प्रसाद भी ग्रहण किया। मुन्ना सिंह ने कहा, 'गुरु पूर्णिमा का यह पावन पर्व हमें अपने गुरु और धर्म के प्रति आस्था और श्रद्धा का संदेश देता है। साईं बाबा के आशीर्वाद से हमें समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ावा देना चाहिए।

## एक नजर

### रौतिया समाज की बैठक हुई आयोजित

**बानो।** अखिल भारतीय रौतिया समाज की बैठक बानो नवाटोली में महेश सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। जिसमें मुख्यतः प्रखण्ड स्तर पर फूटबाल खेल का आयोजन,प्रखण्ड स्तर पर 29 अगस्त को एक दिवसीय धरणा प्रदर्शन,रौतिया जाति का खतियानी जमीन को बिक्री पर रोक लगाने आदि पर चर्चा की गई।बैठक में हिरानाथ सिंह, गंगा सिंह, टोनीलाल सिंह, उधेश्वर सिंह, मोहन सिंह, बीरेंद्र सिंह, उगरत्न सिंह, आदि लोग उपस्थित थे।

### रुआर पर आधारित प्रखंड स्तरीय कार्यशाला कल

**बरही।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निर्देशानुसार विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या को स्टेबल करने और छीजन की संख्या में नियंत्रण करने के उद्देश्य से रुआर कार्यशाला आयोजित किए जा रहे है. बीआरसी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमार को प्लस टू उच्च विद्यालय में कार्यशाला आयोजित किए जायेंगे. जिसमे प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के प्रधान, सहित बीपीएम, सीआरपी, आरटी, कंप्यूटर ऑपरेटर इत्यादि सभी लोग उपस्थित रहेंगे. इस बाबत बीईईओ किशोर कुमार ने पत्र जारी कर सभी को कार्यशाला में उपस्थित होने का निर्देश दिया है. कार्यशाला अपराह्न 12 बजे से प्रारंभ होगा. कार्यशाला में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### 'डिजिटलाइजेशन ऑफ रोटरी' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन

**झुमरी तिलैया ।** रोटरी सभागार में डिजिटलाइजेशन ऑफ रोटरी विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें में मुख्य वक्ता के रूप में पटना से आए रोटेरियन अभिषेक अकेला, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी एडमिन शामिल हुए। उन्होंने डिजिटलाइजेशन ऑफ रोटरी विषय पर विस्तृत रूप में अपनी बातों को रखा। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब पूर्ण रूप से डिजिटल होकर राष्ट्र निर्माण में सहयोग प्रदान कर रहा है। घंटे का काम अब मिनट में होने लगा है, सभी कार्य कंप्यूटराइज हो गए हैं। एक क्लिक पर पूरे विश्व के रोटरी में क्या कार्य हो रहा है उनकी सभी एक्टिविटी का पता चल जाएगा।

### अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की जिला व प्रखंड इकाई की बैठक संपन्न

**कोडरमा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला और प्रखंड इकाई की बैठक शनिवार को आदर्श मिडिल स्कूल कोडरमा में हुई। बैठक में राज्य स्तरीय बैठक 12 जुलाई में पांच अगस्त को आमरण अनशन निर्णय की जानकारी दी गई। प्रत्येक प्रखंड में इसके लिए अतिआवश्यक बैठक की जाएगी। जिले में लंबित प्रोन्नति पर भी चर्चा हुई। निर्णय के अनुसार डीएसई से तत्काल भेंट की गई। इस दौरान विस्तृत वार्ता हुई,जिसमें प्रोन्नति,सेवा संपुष्टि, मुचुयल स्थानांतरण आदि पर संघ ने अपनी बात रखी।

कांग्रेस प्रभारी प्रीति उपाध्याय ने गांव का किया दौरा, कहा

# केंद्र सरकार जनता की भावनाओं से खेली है



*नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते नहीं हैं और जो नहीं कहते हैं, उसे वह करते हैं। क्योंकि हर कार्य में उद्योगपति अदाणी और अंबानी के इशारे पर देश चलाते हैं ।*

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

जिला महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत और धारदार बनाने को लेकर इन दिनों उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव सह -सिमडेगा जिला प्रभारी- प्रीति उपाध्याय संगठन से रूबरू होने को लेकर जिला अध्यक्ष सीमा सीता एक्का एवं जिला कमेटी के साथ सिमडेगा जिला के केरसई प्रखंड के ग्राम महुआ टोली पहुंची, जहां केरसई प्रखंड कांग्रेस महिला अध्यक्ष- मधु चंद खलखो की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। जहां जिला प्रभारी प्रीति उपाध्याय द्वारा राज्य और देश की गंभीर विषयों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आगामी विस चुनाव में कांग्रेस को मजबूती से लायें ताकि झारखंड का विकास और तेजी से आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि आप अपना हक, अधिकार और सुरक्षित को लेकर प्रतिनिधि चुनकर सरकार बनाते हैं। आपने बीजेपी नरेंद्र मोदी को दोबारा सरकार बनाने का मौका दिया, लेकिन बीजेपी या नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते नहीं हैं और जो नहीं कहते हैं, उससे वह करते हैं। क्योंकि हर कार्य में उद्योगपति अडानी और अंबानी के इशारे पर देश चलाते हैं और धमकाने के लिए बजरंग दल को निपटाने भेजते हैं। आज देश का प्रतिपक्ष कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के आंख से आंख मिलाकर आपके और हमारे हित के सच्चाई की बात करते हैं। केन्द्र ने जनता के साथ खिलवाड़ किया है। कांग्रेस का मजबूती आपके हाथ में है। क्षेत्रीय पार्टी आपका मनोरंजन ही हो सकते हैं लेकिन भविष्य नहीं। जिससे बचने की जरूरत है। मौके पर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा सीता एक्का ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही दलित,गरीब- गुरुबा, आदिवासी, पिछड़ो की पार्टी है। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य -प्रेमा बड़ा, नगर अध्यक्ष -अंजलि रानी डुंगडुंग, पंचायत सदस्य- सेरेफिना कुल्लू आदि उपस्थित थे।तत्पश्चात महिला कांग्रेस जिला प्रभारी प्रीति उपाध्याय सीमा सीता एक्का एवं जिला कमेटी-टैंसेर नवाटोली में भी बैठक किया।

# हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर हरमन क्रूज सिमडेगा पहुंचे



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस डायरेक्टर मिस्टर हरमन क्रूज अपने झारखंड के दो दिवसीय दौरे के पहले दिन रविवार सिमडेगा पहुंचे।यहां एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम परिसर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एकलव्य हॉकी सेंटर सिमडेगा तथा आवासीय हॉकी सेंटर सिमडेगा के खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षक तारिणी कुमारी और आदम होरो से मिले। उनसे बातचीत कर जाना उनका ट्रेनिग किस तरह चलता है। खिलाड़ियों से बात करने के बाद वे कोचों से भी बात कर वे किस तरह ट्रेनिग देते है उनसे पूछा एवम अपने साथ लाए विभिन्न तरह के वीडियो को प्रोजेटर के माध्यम से कोचों को दिखलाकर हर विडियो से कोचों से जानकारी ली। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार और हॉकी सिमडेगा के अध्यक्ष मनोज कोनबेगी भी उपस्थित थे। इससे पूर्व सिमडेगा पहुंचने पर उनका पारंपरिक रीति रिवाज से स्वागत किया गया।सिमडेगा के बाद वे खूंटी के लिए रवाना ही गए।

## न्यूज बॉक्स

### कांवरियों का जत्था बाबाधाम के लिए हुआ रवाना



**सिमडेगा।** सावन के पवित्र माह में देवघर में जलाभिषेक करने के लिए सिमडेगा शहरी क्षेत्र के कांवरियों का पहला जत्था रविवार को रवाना हुआ। सलडेगा स्थित सरना महादेव शिव मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद कांवरियों का जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ।सोमवार की सुबह कांवरिए सुल्तानगंज गंगा नदी से जल उठाकर पदयात्रा करते हुए बाबा की नगरी देवघर धाम पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करेंगे।इसके बाद बाबा बासुकीनाथ के दरबार पहुंचकर बाबा को जल चढ़ायेंगे। वहीं कांवरियों में काफी उत्साह देखने को मिला।कांवरियों ने बताया कि विगत कई वर्षों से बाबा नगरी पहुंचकर जल अर्पण करते हैं और बाबा से पूरे परिवार के लिए सुख शांति की कामना करते हैं। देवघर जाने वाले कांवरियों में मोहित कुमार,कुणाल केशरी, सुमित केशरी, राम नरेश केवट, अनीश कुमार सहित अन्य कांवरियां शामिल हैं।

### शॉर्ट सर्किट से मैजिक गाड़ी में लगी आग, कोई हताहत नहीं



**बानो।** प्रखण्ड के उकौली के समीप एक मैजिक सवारी गाड़ी में शॉट सर्किट से आग लग गई,जिससे मैजिक गाड़ी मौके पर ही जलकर खाख हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वाहन चालक बानो साप्ताहिक बाजार से पैसेंजर लेकर जा रहा था।तभी उकौली पहुंचने से पहले शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। गाड़ी मालिक विष्णु बड़ाईक ने बताया कि चलते चलते इंजन से धुआं निकलने लगा।धुँवा निकलते देख गाड़ी खड़ी कर पहले पैसेंजर व लदे सामानों को उतारा।गाड़ी में लगे बैटरी भी निकाल लिया गया है। यात्री के साथ मिल कर मिट्टी- बालू डाल कर बुझाने का प्रयास किया गया परन्तु आग को बुझा नही पाए। जानकारी मिलने पर बानो थाना के एसआई निरंजन महतो घटना स्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।

### सावन की पहली सोमवारी को लेकर बानो के विभिन्न शिवालयों में तैयारियां पूरी



**बानो।** सावन के पहली सोमवारी से ही जगह-जगह कावरियों का जत्था देखने को मिल रहा है।प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में सावन महीना के पहली सोमवारी को लेकर विशेष तैयारी किया गया है।पहली सोमवारी को लेकर मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है।श्रद्धालुओं के जलाभिषेक करने को लेकर देवनदी से मंदिर तक सजाया गया है। महिला व पुरूष के लिए अलग अलग कतार की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के लिए सुविधा-सहायता केद्र बनाया गया है। लोगों के ठहरने के लिए मंदिर परिसर में व्यवस्था किया गया। मंदिर परिसर में फुल माला फल की दुकाने लगायी गयी हैं। प्रखंड के सोडा, केवेगुटु, कोहिपाट, हुरदा आदि मंदिर को पहली सोमवारी को लेकर सजाया गया तथा विशेष व्यवस्था किया गया है। वहीं प्रखण्ड स्थित प्रशिद्ध केतुङ्गाधाम में मंदिर सुबह चार बजे खोल दिया जायेगा। बताया गया कि मंदिर में शीघ्र दर्शन की भी व्यवस्था किया गया है।

### घर के बाहर खड़ी गाड़ियों से बैटरियां चोरी, पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग



**जलडेगा।** थाना क्षेत्र में इन दिनों चोर और अपराधी बेखौफ हैं। बेखौफ चोरों ने शनिवार रात जलडेगा थाना क्षेत्र के पतिअम्बा पंचायत भवन के पास बिपुल प्रसाद के घर के बाहर खड़ी दो ट्रैक्टर और प्रभु बड़ाईक के घर के बाहर खड़ी दो ट्रैक्टर गाड़ियों की बैटरी चोरी कर ली। रविवार सुबह गाड़ियों की बैटरी गायब देख चोरी का पता लगा। जिसके बाद वाहन मालिकों द्वारा जलडेगा थाने में चोरी की सूचना दी गई। पीड़ित प्रभु बड़ाईक ने बताया कि कई साल से घर के बाहर ही गाड़ियां खड़ी रहती हैं, इससे पहले भी उनका दो बैट्री चोरी हो चुका है ये दूसरी घटना है। बता दें कि इससे पहले भी जलडेगा में मंदिर, टेंट हाउस से लेकर मोबाइल दुकान आदि से सामान चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। पुलिस को सूचना देने के बाद भी चोरी और अपराध पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिससे लोगों में आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि लगातार हो रही चोरी पुलिस की कार्यप्रणाली और गश्त की पोल खोल रही है।

# रामगढ़ में नई इंडस्ट्रीज पार्क के लिए चैंबर कटिबद्ध : किशोर मंत्री




**रामगढ़।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 12वीं कार्यकारणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए किशोर मंत्री ने कहा कि रामगढ़ में जल्द से जल्द एक नए इंडस्ट्रीज पार्क की स्थापना के लिए फेडरेशन झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कटिबद्ध है। किशोर मंत्री ने कहा कि मैं अपने दो साल के कार्यकाल में सबसे ज्यादा दौरा रामगढ़ जिले का किया हूं और यहां के उद्योगपति एवं व्यवसायियों का प्यार और सम्मान पाकर एक सुखद अनुभूति की प्राप्ति कर रहा हूं। कहा कि हमारे दो साल के कार्यकाल में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू का जिस प्रकार का समर्थन रहा। मैं इस समर्थन के लिए अमित साहू के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। श्री मंत्री ने अपने संबोधन के अंतिम चरण में कहा की रामगढ़ के नई रेल लाइन से देश के विभिन्न राज्यों के लिए नई ट्रेन चल इसके लिए मैं लगातार प्रयासरत हूं। सभा को संबोधित करते हुए रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विनय अग्रवाल ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि जिस प्रकार से फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री का रामगढ़ चेंबर के प्रति लगातार सकारात्मक सोच रहा और जिन समस्याओं को रामगढ़ चेंबर ने फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पटल पर रखा उसे अध्यक्ष किशोर मंत्री ने बहुत अच्छी तरह से सुलझाने का प्रयास किया। मंच संचालन करते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि कि मेरा दो साल का कार्यकाल झारखंड फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री के साथ सभी मायनों में ऐतिहासिक रहा और आगे चलकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

लचरागढ़ शिशु विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई

# समाज में गुरु का स्थान सर्वोपरि है : दीनबंधु



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

विवेकानन्द शिशु/ विद्या मंदिर लचरागढ़ में गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि सुशील मराण्डी प्रांत सह संगठन मंत्री वनवासी कल्याण केन्द्र, ज़िला निरीक्षक दीनबन्धु सिंह, विद्यालय के सचिव राजेश अग्रवाल, सह सचिव रिक्की अग्रवाल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती, भारत माता, ओम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन पुष्पर्चान कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। सरस्वती वंदना समाप्ति के पश्चात दशम कक्षा के बहनों के द्वारा आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। दशम कक्षा के बहनों द्वारा मंगलाचरण नृत्य कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीनबंधु सिंह ने कहा कि समाज में गुरु का स्थान सर्वोपरि हैं। गुरु को समाज का अगुआ कहा जाता है और शास्त्र में तो गुरु को भगवान का दर्जा दिया गया है। मुख्य अतिथि सुशील मराण्डी ने कहा कि गुरु समाज का नेतृत्वकर्ता है। शिष्यों को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है और भैया बहनों को लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ाई करने पर जोर दिया। इस पावन अवसर पर भैया बहनों ने सभी गुरुओं, दीदी का पैर धोकर तिलक -चंदन और बैज लगाकर तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के अभिभावक प्रतिनिधि राजकुमार साहु के द्वारा सभी आचार्य दीदी को आकर्षक अंगवस्त्र प्रदान किया गया। गौतम जैन द्वारा 10 प्रति पतिया दिया गया। गुरु पूर्णिमा के पावन बेला में एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। शिखा एवम सहेलियों द्वारा रंगोबती ओड़िया नृत्य कर सबका मन मोह लिया।

# सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से हुआ घायल



**नवीन मेल संवाददाता। बानो**

प्रखंड के तिनसोंगढ़ा से सरबो जाने के क्रम में चकलाबासा के समीप बाईक दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार रनिया प्रखंणड, सर्वो निवासी सुमित बरजो बाईक से तिनसोगड़ा से सर्वो जा रहा था। इसी क्रम में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी होने पर प्रखंड अध्यक्ष महेश सिंह ने अपने मोटरसाइकिल से घायल को बानो स्वस्थय केंद्र में भर्ती कराया। जहां घायल का इलाज चल रहा है।

### झारखंड किसान महासभा ने रामगढ़ में किया किसान महाजुटान का आयोजन

**रामगढ़।** झारखण्ड किसान महासभा द्वारा 21 जुलाई को रामगढ़ जिला स्तरीय किसान महाजुटान का आयोजन कृषि उत्पाद बाजार समिति,रामगढ़ के परिसर में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखियाप्रयाग महतो ने एवं संचालन पंकज राय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो ,विशिष्ट आमंत्रित अतिथि रामगढ़ जेबीकेएसएस के नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी संतोष महतो उपस्थित हुए ।इस जुटान में की में किसानों के समस्याओं और विभिन्न मुद्दों को लेकर 11 सूत्री बिंदुओं पर चर्चा परिचर्चा की गई। इस आयोजन में रामगढ़ जिले के सभी प्रखंड से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। क्षेत्र के किसानों ने क्षेत्र में किसानों के विभिन्न समस्याओं से संगठन को अवगत कराया और बारी बारी से अपनी बातों को रखा। रामगढ़ डेली बाजार में किसानों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के संबध में प्रयाग महतो ने कहा कि यह जगह किसानों का है और उनके साथ उचित व्यवहार नही किया जा रहा है।

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ पुलिस ने चलाया छापामारी अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

सिमडेगा जिला पुलिस अधीक्षक कुमार सौरभ के निदेर्शानुसार क्राइम कंट्रोल एवं नशा मुक्ति को लेकर के कोलेबिरा पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा खास में विभिन्न टोला में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री को ले कर छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान कोलेबिरा थाना प्रभारी शशि शंकर सिंह के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर छापामारी अभियान चलाते हुए शराब बिक्री करते हुए लोगों को खदेड़ते हुए बर्तन में रखे अवैध शराब को नष्ट किया गया। वहीं उन्होंने अवैध शराब बिक्री करने वालों को हिदायत देते हुए छोड़ दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह दुबारा खुलेआम अवैध शराब बिक्री करते हुए पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि अवैध शराब की बिक्री करने वालो के प्रति इस तरह का छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा। मौके पर कोलेबिरा पुलिस के सशस्त्र बल उपस्थित थे।

हादसे की आशंका

एनएच पर आवारा पशुओं से आमजन परेशान, दुर्घटनाओं को निमंत्रण

# प्रशासन के तरफ से कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा

*आवारा पशुओं के सड़क पर कब्जा रहने से प्रत्येक दिन छोटी-मोटी दुर्घटना घटित होते रहती है*



**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**

इन दिनों थाना क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों पर आवारा पशुओं से आमजन परेशान हैं। आवारा पशु नेशनल हाईवे 143 मुख्य मार्ग पर धमाचौकड़ी करते नजर आते हैं,जिससे किसी दिन बड़ी सड़क दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।जिसपर प्रखण्ड प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। नेशनल हाईवे 143 रांची राउरकेला मुख्य मार्ग दर्जनों आवारा पशुओं की भरमार से छोटे-बड़े वाहन चालक एवं आमजन परेशान हैं।आवारा पशुओं की सड़क पर कब्जा रहने से प्रत्येक दिन छोटी-मोटी दुर्घटना घटित होती रहती है एवं आने वाले दिनों में भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। आवारा पशुओं को मालिकों द्वारा खुला छोड़ देने से गोवंश पशु रात्रि पहर किसी भी दुकानदार के दुकान में कब्जा कर लेते हैं एवं रात्रि पहर मल मूत्र त्याग कर देते हैं। जिससे दुकानदार मालिकों को सुबह में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।आवारा पशुओं से छोटी मोटी सड़क दुर्घटना हमेशा घटित होती रहती है बावजूद मवेशी मलिक एवं प्रशासन के तरफ से कोई भी ध्यान नहीं दिया जाता। जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।आवारा पशुओं के मुख्य मार्ग पर बैठने से आवागमन बाधित हो रही है।कभी यह खुद हादसे के शिकार होते हैं तो कभी आम लोगों की दुर्घटना के कारण बनते हैं। इसके बावजूद कभी भी इन्हें सड़क से दूर करने के लिए सख्त कदम प्रशासन के द्वारा नहीं उठाए जा रहे हैं। मवेशी मालिकों को भी अपने-अपने मवेशियों से कोई मतलब नहीं है।आमजन ने मवेशियों को सड़क से दूर रखने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है।

### डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन किया

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन किया और गुरुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिवाइन पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. आईपी भारती एवं स्कूल की प्रधानाचार्या स्वाती ने दीप प्रज्वलित कर किया।सभी बच्चों ने गुरुओं का स्वागत गुरु वंदना से किया तथा सभी ने एक-एक करके गुरुओं की पूजा की। मौके पर शिक्षकों ने बच्चों को गुरु- शिष्य के बीच जो प्राचीन काल से संबंध रहा है, उस महिमा को प्रस्तुति किया और गुरु- शिष्य का घनिष्ठ संबंध बताया। उन्होंने कहा कि गुरु ही एकमात्र ज्ञान है जो शिष्यों को सही मार्ग तक ले जाने का कार्य करता है।

आंगनबाड़ी सेविकाओं का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# कठिन परिस्थिति में जीवन यापन कर रहे वंचित परिवारों को योजनाओं का मिलेगा लाभ




**नवीन मेल संवाददाता। सतगावां**

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश पर बाल कल्याण संघ द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से प्रखंड सभागार में कठिन स्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों और उनके परिवारों के लिए मैपिंग कार्यक्रम को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं का एक दिनी प्रशिक्षण हुआ। इसमें प्रखंड की आंगनबाड़ी सेविका,सहायिका, पंचायती राज विभाग से जुड़े लोगों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कठिन परीस्थितियों में जीवन बसर कर रहे बच्चों और उनके परिवारों को सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने मैपिंग करना था। बीडीओ सौरभ कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम सराहनीय है, जिससे कठिन परिस्थिति में जीवन यापन कर रहे वंचित परिवारों को इन योजनाओं का लाभ दिलवाने उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। चिन्हित होने के बाद उन्हें सरकार की योजना का लाभ मिल सकेगा और वे समाज में अपना योगदान दे सकेंगे। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी संतोष ठाकुर ने कहा कि बाल श्रम का दायरा क्या है, बाल श्रम को चिन्हित कैसे करें, इस बारे में समझाया।

## एक नजर

### श्रमदान से ग्रामीण कर रहे बुरुडीह-काशीदा शाखा नहर की सफाई

**घाटशिला।** बुरुडीह से काशीदा तक बनी शाखा नहर की स्थिति को देखते हुए एक दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों ने रविवार से श्रमदान कर नहर की सफाई शुरू की। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा शाखा नहर की वर्षों से साफ सफाई नहीं किए जाने के कारण जगह-जगह पर नहर टूट गयी है। इस शाखा नहर से लगभग दो हजार किसान अपने खेतों में सिंचाई के लिए पानी लेते हैं। नहर में मिट्टी एवं झाड़ी के कारण काफी गंदगी जमा हो गया है इसके कारण नहर में पानी नहीं आता है। ग्रामीणों ने निर्णय लिया है कि श्रमदान से एक सप्ताह तक सफाई की जाएगी।

### मंडल कारा में जेल अदालत और विधिक जागरूकता शिविर

**चांडिल।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पश्चिमी सिंहभूम, चाईबासा के तत्वावधान में स्थानीय मंडल कारा में रविवार को जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जेल अदालत में न्यायिक दंडाधिकारी एंजिलिना नीलम मड़की की बेंच ने रेल कोर्ट द्वारा प्रस्तुत तीन मामलों की समीक्षा की। इस दौरान बंदियों के बीच विधिक जागरूकता का भी आयोजन किया गया। एंजिलिना नीलम मड़की ने बंदियों को एलएडीसी की कार्य प्रणाली की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव राजीव कुमार सिंह ने नए बंदियों से मुलाकात कर उनकी आवश्यकताओं का आकलन किया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक सुनील कुमार एवं संबंधित न्यायालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### जमशेदपुर पूर्वी समेत पांचों प्रमंडल में राजद उतारेगा प्रत्याशी

**जमशेदपुर।** पूर्व मंत्री सह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरीय उपाध्यक्ष सुरेश पासवान ने कहा कि पार्टी झारखंड में पांचों प्रमंडल में प्रत्याशी उतारेगी। इसके लिए सभी प्रमंडल में पार्टी नेताओं से चुनाव को लेकर ब्लूप्रिंट मांगा गया है। सुरेश पासवान रविवार को जमशेदपुर परिसदन में मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जमशेदपुर जिला कमिटी ने पूर्वी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया है। इस पर पार्टी गंभीरता से विचार कर रही है। सहयोगी दलों से वार्ता कर जरूरत पड़ी तो यहां से प्रत्याशी उतारा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को यहां मुंह की खानी पड़ी, उसी तरह विधानसभा चुनाव में भी इंडिया गठबंधन परचम लहराएगा। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार सभी वर्ग के लोगों के हित में काम कर रही है।

### गीता मुर्मू ने सुदूरवर्ती गांव में चापानल की कराई मरम्मत

**घाटशिलाप।** प्रखंड के दामपाड़ा क्षेत्र अंतर्गत महताम गांव मे पानी की काफी समस्या थी। ग्रामीण काफी परेशान थे। छह महीना से चापानल खराब था। इसके लिए ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि तथा विभाग को गुहार लगाई लेकिन ग्रामीणों की बात किसी ने नहीं सुनी। जब ग्रामीणों ने इसकी सूचना भाजपा नेत्री गीता मुर्मू को दी तो उन्होंने तुरंत गांव में मिस्त्री बुलाकर चापानल के सभी पाइप को बदलवा दिया। ग्रामीणों ने भाजपा नेत्री गीता मुर्मू का आभार जताया। अब ग्रामीणों को पहले की तरह शुद्ध पानी मिलाने लगा। चापानल ठीक होने पर लगभग 40 घरों को पानी की सुविधा मिल गयी। मौके पर मुख्य रूप से भरत भगत, संगीता पाल, उर्मिला पाल, बालिका रानी पाल, गौरांग पाल, अनंत पाल, कमल पाल, ममता पाल, काजल पाल, विनोद पाल, कल्याण पाल, अनिल पाल, पूजा रानी पाल समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# गिरिडीह में प्रेम प्रसंग में दो पुरुषों की हत्या, दो महिला गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह के भेलवाघाटी थाना इलाके के दो गांव में रविवार की सुबह प्रेम प्रसंग मामले में दो हत्या का मामला प्रकाश में आया। प्रेम प्रसंग में हुए हत्या का पहला मामला भेलवाघाटी थाना इलाके के अमजो गांव में हुआ।

जहां तेज धारदार हथियार कुल्हाड़ी से पत्नी गुलशन बीबी ने अपने शौहर रहमत अंसारी (40) की हत्या कर दी और हत्या के बाद आरोपित पत्नी गुलशन बीबी ने अपना अपराध भी कबूल किया कि उसने ही अपने पति रहमत अंसारी की हत्या की। पूछताछ में गुलशन ने बताया कि उसका पति शराब के नसे में उसे हर रोज पिटता था। शनिवार की देर रात जब उसका पति खाना खा सो गया, तो उसने गुस्से में अपने पति पर कुल्हाड़ी से वारकर उसकी हत्या कर दी। जबकि घटना के वक्त घर में मृतक के बेटा और बेटी भी मौजूद थे। लेकिन दोनों को भनक तक नहीं लगा कि उनकी मां ने उसके पिता की हत्या कर दी। दूसरे दिन रविवार की सुबह जब दोनों बेटा बेटी उठे, तो पिता के कमरे से खून निकलता देख ग्रामीणों को मामले की जानकारी दिया। वैसे ग्रामीणों ने गुलशन बीबी पर किसी के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है और पुलिस जांच में भी फिलहाल यही सामने आ रहा है। लेकिन थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार की माने तो अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और पूरी जांच के बाद स्पष्ट होगा कि आरोपित पत्नी गुलशन ने पति की हत्या क्योंकि लेकिन पुलिस ने गुलशन बीबी को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रेमिका ने की हत्या

वहीं, हत्या की दूसरी घटना इसी भेलवाघाटी थाना इलाके के डुमरबागी गांव में हुआ, जहां चार बच्चों के पिता की हत्या उसकी प्रेमिका रिंकू देवी ने कर दिया। जानाकारी के अनुसार आरोपी प्रेमिका रिंकू देवी खुद भी दो बच्चो की मां है। लेकिन पिछले तीन साल से भेलवाघाटी थाना इलाके के खुरहरा गांव निवासी टेकनारायण यादव के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। जानाकारी के अनुसार शनिवार की देर रात मृतक टेकनारायण यादव अपनी प्रेमिका रिंकू देवी से मिलने उसके गांव डूमरबागी गांव पहुंचा था और रात को ही रिंकू देवी ने किसी बात को लेकर हुए विवाद के बाद अपने प्रेमी टेकनारायण यादव (42) की हत्या पीट-पीट कर दी। हालांकि हत्या का कारण का खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। वहीं दूसरे दिन पुलिस घटनास्थल गांव पहुंच कर पूरे मामले की जांच की। इधर मृतक के परिजनों ने रिंकू देवी पर पीट-पीट कर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों के लगाए आरोप के आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। जबकि रिंकू देवी को भी हिरासत में लिया गया है।

### कारोडीह गांव की समस्या को दूर करने का निर्णय



**जमशेदपुर।** कराईकेला पंचायत की कारोडीह गांव में रविवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा हुई और उसे दूर करने का निर्णय लिया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई को ग्रामीणों ने सड़क नहीं होने की जानकारी दी। गांव के तालाब में स्नान घाट का निर्माण कराने की मांग की। जरूरतमंदों को चिन्हित कर अबुआ आवास योजना दिलाने पर भी चर्चा की। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि मामले को लेकर पंचायत स्तर पर समस्या का समाधान किया जाएगा। गांव में सड़क का निर्माण कराने के लिए जल्द ही जिला के वरीय अधिकारियों से मुलाकात करेंगे। मौके पर मुकेश महतो, शिव शंकर महतो, पंकज महतो, साधु बोदरा, सिंह बोदरा ,सुनील मुंडरी, विपिन बोदरा ,जयपाल बोदरा समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## जेबीकेएसएस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सहायक पुलिस कर्मियों द्वारा अपने हक अधिकार की मांग को लेकर मुख्यमंत्री आवास घेराव के दौरान लाठी चार्ज के खिलाफ जेबीकेएस एस के कार्यकर्ताओं ने गांडेय में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इसके पुर्व कार्यकर्ताओं ने गांडेय प्रखंड मुख्यालय के समीप मशाल जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। सहायक पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुख्यमंत्री के निर्देश पर लाठीचार्ज की खुब भर्त्सना की। मुख्यमंत्री होश में आओ,तानाशाही नहीं चलेगी, सहायक पुलिस की मांगों को पुरा करना होगा समेत नारे के साथ जेबीके एस एस का मशाल जुलूस गांडेय बाजार होते हुए महुदा मोड़ पहुंची। यहां मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। मशाल जुलूस का नेतृत्व कर रहे यमुना मंडल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सहायक पुलिस कर्मियों के साथ बर्बरता पुर्ण तरीके से लाठीचार्ज किया गया है। कहा कि इसके पुर्व भी रघुवर सरकार के कार्यकाल में पारा शिक्षकों के साथ लाठी चार्ज किया गया था।आज उसकी स्थिति से सभी वाकिफ हैं। मौके पर यमुना मंडल, सुरेन्द्र कुमार यादव, हर्षित भदानी, अभिषेक गुप्ता, सुरेन्द्र रवानी,पवन ठाकुर, मुरली यादव, राजेश मंडल, महाराज मंडल,बबलु मंडल, अरुण साव, कुंदन वर्मा, मिथलेश यादव, कुन्दन वर्मा समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### कोर्ट के आदेश पर दखलदिहानी

## बाजपुर में जमीन मालिक को सौंपी गई जमीन

- गावां के बाजपुर निवासी सदानंद सिंह ने बिनोद तुरी वगैरह पर अपनी जमीन में अवैध कब्जा कर घर बना कर रहने को लेकर वाद दायर किया था



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सिविल कोर्ट गिरिडीह के आदेश पर रविवार को गावां थाना क्षेत्र के बाजपुर में दखलदिहानी की कार्रवाई पूरी की गई। बता दें कि गावां के बाजपुर निवासी सदानन्द सिंह ने बिनोद तुरी वगैरह पर अपने जमीन पर अवैध कब्जा कर घर बना कर रहने को लेकर वाद दायर किया था। इस मामले में कोर्ट का फैसला सदानंद सिंह के पक्ष में आने के उपरांत जिला कोर्ट के नाजिर अजित कुमार की देखरेख में सीओ अविनाश रंजन व पुलिस की मौजूदगी में रविवार को घर एवं जमीन पर से बिनोद तुरी वगैरह का अवैध कब्जा से मुक्त कराते हुए विधिवत सदानंद सिंह को उक्त जमीन सौंपी गई।

मौके पर मौजूद सिविल कोर्ट के नाजिर अजित कुमार ने बताया कि बाजपुर निवासी बिनोद तुरी एवं अन्य के विरुद्ध जमीन पर कब्जा दिलाने के लिए सदानन्द सिंह ने वाद दायर किया था। कोर्ट ने सदानन्द सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया। साथ ही जमीन पर कब्जा दिलाने का आदेश दिया था। इसी आदेश के तहत कब्जा दिलाने की कार्रवाई की गई। मौके पर वकील जीवन कुमार सिन्हा, सर्वे जानकार धीरज कुमार सिन्हा, सहायक नाजिर संतोष कुमार, अधिवक्ता शशांक शेखर, एसआई नीरज कुमार, पीके पांडेय, सीआई विजय चौधरी, विकास कुमार, विवेक कुमार, पूर्व मुखिया अनुरूपा देवी समेत कई लोगों की मौजूदगी में घर का सामान खाली करवा कर घर को जेसीबी से ध्वस्त करते हुए सदानन्द सिंह को कब्जे में दिया गया।

## आचार्य व पुजारियों का होगा निःशुल्क इलाज

- नेशनल मेडिकल आर्गेनाइजेशन बनाएगा हेल्थ कार्ड
- सर्वे का कार्य पूरा, मानगो क्षेत्र से होगी इसकी शुरुआत




**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर के मंदिर, मठ, पूजास्थल में पूजा करने वाले आचार्य, पुजारियों एवं संथाल समाज के पूजा स्थल- जाहेर थान और हो समाज के देशाउली के पुजारी नायके, दिउरी, लाया आदि के लिए नेशनल मेडिकल आर्गनाइजेशन (एनएमओ) की ओर से एक अनुठी पहल की गई। सामाजिक सुरक्षा के तहत इनके स्वास्थ्य के देखभाल (इलाज) की जिम्मेदारी एनएओ ने लेते हुए विशेष हेल्थ कार्ड जारी करने का निर्णय लिया। उक्त जानकारी रविवार को शहर के जाने-माने हृदय रोग विशेषज्ञ सह समाजसेवी डा। संतोष गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मानगो नगर के सहयोग से एक सर्वे कराया गया है, जिसमें मंदिर के पुजारियों की आर्थिक स्थिति, उनपर आश्रित परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार की शैक्षणिक स्थिति आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। फिर एनएमओ के माध्यम पुजारियों का हेल्थ कार्ड बनाने की योजना बनी। उक्त कार्ड बन जाने से उन्हें सामान्य रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग आदि के साथ ही कई सुपर स्पेशियलिस्ट विभाग जैसे हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, ऑनकोलॉजी (कैंसर), नेफ्रोलॉजी (किडनी), यूरोलॉजी, गैस्ट्रोइंटरोलॉजी आदि के वरीय चिकित्सकों से भी परामर्श की सुविधा उपलब्ध होगी।


**डायग्नोस्टिक सेंटरों में जांच में मिलेगी 50% तक की छूट**

उन्होंने बताया कि अब जल्द ही एक कार्यक्रम के माध्यम से उन सभी आचार्य व पुजारियों के बीच हेल्थ कार्ड का वितरण किया जाएगा। ताकि इसका लाभ उन परिवारों को मिल सकें। डॉ। संतोष गुप्ता ने कहा कि भले ही इसकी शुरूआत मानगो क्षेत्र से हो रही है, लेकिन एनएमओ का लक्ष्य पूरे जमशेदपुर के आचार्य और पूजारियों को यह सुविधा उपलब्ध कराना है। साथ ही उनके लिए एक विशेष योजना भी तैयार की गई है जिसे आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। डॉ। संतोष गुप्ता ने यह भी कहा कि आचार्य व पुजारी, नायके, दिउरी, लाया आदि दिन-रात के धर्म व कल्याण के कार्यों में जुटे रहते हैं। ऐसे में उनको सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध करना हम सबकी भी जिम्मेदारी बनती है।

## डेढ़ साल से खराब है हाईमास्ट लाइट

**नवीन मेल संवाददाता। चांडिल**

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में अव्यवस्थाओं का आलम व्याप्त है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहां गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप है। सरायकेला-खरसावां जिले का सबसे बड़ा साप्ताहिक हाट कुकड़ू अब रोशनी के लिए तरस रहा है। कुकड़ू हाट के समीप लाखों रुपये खर्च कर लगाई गई हाईमास्ट लाइट डेढ़ साल से अधिक समय से खराब है। इसे देखने वाला कोई नहीं है। कुकड़ू हाट का खराब हाईमास्ट लाइट अब राजनीति का शिकार हो रही है। इसका खमियाजा यहां रात के समय गुजरने वाले लोगों को भुगतना पड़ता है। हाईमास्ट लाइट के खराब होने के चलते शाम के समय कुकड़ू हाट के समीप अंधेरा पसरा रहता है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि लगभग डेढ़ साल से लाइट खराब है। खराब लाइट को ठीक कराने के लिए ना जनप्रतिनिधि ने सोचा और ना किसी पदाधिकारी ने इसे ठीक करवाने के लिए कदम उठाया। जानकारी के अनुसार



ईचागढ़ के तत्कालीन विधायक दिवंगत साधु चरण महतो ने कुकड़ू हाट के समीप हाईमास्ट लाइट लगवाया था। वैसे देखा जाए तो क्षेत्र में लगाए गए लगभग सभी हाईमास्ट लाइट शोभा की वस्तु बनी हुई है। चौका मोड़ में भी तत्कालीन विधायक साधुचरण महतो द्वार लगाए गए हाइ मास्ट लाइट देखने की वस्तु ही बनकर रह गयी है।

## वृहत्तर व बेहतर झारखंड के संकल्प के साथ अभाझापा का महाधिवेशन संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

अखिल भारतीय झारखड पार्टी का दो दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन रविवार को करनडीह स्थित गुरू गोमके सभागार में संपन्न हो गया। अंतिम दिन कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिसमें वृहत्तर व बेहतर झारखंड के लिए लड़ाई जारी रखने का संकल्प दोहराया गया। इसके अलावे पेसा कानून, सरना धर्म कोड अविलंब लागू करने, स्थानीय, नियोजन एवं पुनर्वास नीति लागू करने, तृतीय व चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में स्थानीय लोगों की शत प्रतिशत नियुक्ति करने, कृषि को उद्योग का दर्जा देने समेत 12 प्रस्ताव पर मुहर लगी। राजनीतिक चर्चा के दौरान सभी ने झारखंड की 81 सीटों पर प्रत्याशी उतारने का निर्णय लिया। पार्टी ने घाटशिला से पंचानन सोरेन को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की।

**महाधिवेशन में 12 संकल्पों पर हुई चर्चा**

अधिवेशन में झारखंड, बंगाल के अलावे अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।



निवर्तमान केंद्रीय अध्यक्ष गणेश टुडू (अधिवक्ता) को सर्वसम्मति से अगले कार्यकाल के लिए केंद्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इससे पहले पार्टी के सभी 12 संकल्प पर चर्चा हुई। सभी वक्ताओं ने झारखंड की दुर्दशा के लिए पूर्ववर्ती व वर्तमान सरकार दो दोषी ठहराया। कहा कि किसी भी पार्टी ने यहां के लोगों का हित नहीं सोंचा, बल्कि अपनी जेबें भरी। वर्तमान सरकार को भी आदिवासी-मुलवासी का विरोधी बताते हुए कहा कि आज भी झारखंड के आदिवासी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। झारखंड आंदोलनकारियों को चिन्हित नहीं किया गया। उन्हें मान सम्मान नहीं दिया जा रहा है।

**आज भी आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है**

जिन्होंने अपने खुन पसीने से झारखंड अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ी। आज भी आदिवासियों की जमीनें लूटी जा रही है। इसके लिए खतियान बचाओ, जमीन बचाओ अभियान चलाने पर बल दिया गया। आठवीं अनुसूची में संताली को शामिल किया गया है। लेकिन उसके समुचित विकास के लिए ठोक कदम नहीं उठाए गए हैं। इससे पहले अगले कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

### सौरभ महतो मेमोरियल क्रिकेट में राखा की टीम बनी विजेता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की आसनतलिया पंचायत के इंदकाटा गांव स्थित मोहरांगटांड मैदान में स्व। सौरभ महतो मेमोरियल दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ।विजय सिंह गागराई, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य मुखिया नरसिंह बोदरा उपस्थित थे। क्रिकेट का फाइनल मुकाबला जामिद क्रिकेट टीम व राखा क्रिकेट टीम के बीच खेला गया। जामिद की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 52 रन बनाया और राखा की टीम को 53 रन बनाने का लक्ष्य दिया। राखा की टीम ने 2 ओवर एक गेंद में ही बिना विकेट गवाएं 53 रन का लक्ष्य पूरा कर विजेता बन गया।

## न्यूज बॉक्स

### अवैध ढिबरा भंडारण पर वन विभाग ने जड़ा ताला

**गिरिडीह(तिसरी)।** तिसरी थाना क्षेत्र के दुग्गुडीह गांव में अवैध ढिबरा भंडारण की सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची। वनपाल अमर विश्वकर्मा के नेतृत्व में टीम ने दुग्गुडीह स्थित एक घर के कमरे में रखे ढ़िबरे के सत्यापन के बाद दरवाजा में ताला जड़ दिया गया।वनपाल ने कहा कि तिसरी के समाजसेवी राजकुमार शर्मा द्वारा दुग्गुडीह गांव स्थित एक घर के कमरे में ढिबरा रखने की सूचना मिली थी। जिसके बाद दुग्गुडीह गांव पहुंच कर अवैध ढिबरा रखे कमरे में ताला लगा कर जांच की जा रही है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति हुआ घायल गिरिडीह किया गया रेफर



**गिरिडीह (तिसरी)।** तिसरी- भण्डारी मुख्य सड़क में रविवार को रोहन टांड़ मोड़ पास दो वाहनों के विच जोरदार टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार भंडारी निवासी विजय सिंह घायल हो गये। जानकारी के अनुसार विजय सिंह अपने घर से तिसरी बाजार आ रहे थे। तभी रोहन टांड़ पास तिसरी की ओर से जा रही चावल लदा टाटा इंट्रा वाहन से टक्कर हो गई, जिसमे विजय सिंह सड़क से निचे गढ़े में जा गिरे। तभी टाटा इंट्रा वाहन चालाक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। जिसे ग्रामीणों ने भंडारी में उस वाहन को पीछा करके पकड़कर अपने कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि राशन खरखरी जा रहा था। तभी रोहन टांड़ पास दोनों वाहन में टक्कर हो गया। इधर ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को फोन कर घायल विजय सिंह को तिसरी स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जिसका इलाज डॉक्टर ज्ञानेंद्र और स्वास्थ्य कर्मी अनूप कुमार ने किया और बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर किया गया।

### नॉलेज के आदान-प्रदान के साथ जुस्कॉन-24 संपन्न



**जमशेदपुर।** झारखंड यूरोलॉजी सोसाइटी की ओर से आयोजित दो दिवसीय 5वां वार्षिक कांफ्रेंस रविवार को संपन्न हो गया. इस दौरान देश के अलग-अलग राज्यों से आए एक्सपर्ट चिकित्सकों ने यूरोलॉजी, एंडोस्कॉपी, सर्जरी पर व्याख्यान दिया तथा वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया। मुबई के लीलावती हॉस्पीटल से आए डॉ। संजय पांडेय ने जेंडर असाइन्मेंट सर्जरी (जेंडर चेंज) सर्जरी की तकनीक तथा उसकी सफलता का विस्तार से जिक्र किया। इसी तरह लेजर एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में एक्सपर्ट चंद्रमोहन बड्डी ने अपना व्याख्यान दिया। डॉ। पंकज जोशी ने रि-कंस्ट्रक्टिव सर्जरी (यूरेटर) पर प्रकाश डाला।इसी तरह कोलकाता से आए डॉ। अमित घोष एवं तरूण जिंदल ने कैंसर पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम को सफलता पूर्वक आयोजित करने में आयोजन समिति के सचिव डॉ। संजय जौहरी की महती भूमिका रही। कांफ्रेंस में बिहार, बंगाल, ओडिशा, झारखंड, मुंबई, हैदराबाद, केरल से लगभग 68 विशेषज्ञ चिकित्सक पहुंचे।

### पीड़ित बच्चों को रक्त मुहैया कराएगा नमो फैंस क्लब : सतीश शर्मा

**आदित्यपुर।** कैंसर पीड़ित बच्चों की जीवन रक्षा के लिए एक विशेष रक्तदान शिविर रविवार को टाटा मेहरबाई कैंसर हॉस्पिटल, प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन एवं नमो फैन्स क्लब ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। अब अपने शहर के आलावा बिहार, बंगाल, ओडिशा से आये कैंसर पीड़ित बच्चों के परिवारों को रक्त के लिए कहीं भटकना नहीं पड़ेगा। ब्लड बैंक जमशेदपुर ऐसे परिवारों को रक्त मुहैया कराएगी। टाटा मेहरबाई कैंसर हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी अमिताभ चटर्जी की पहल पर पहली बार नमो फैन्स क्लब और प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन ने मिलकर कैंसर पीड़ित बच्चों के लिए यह मानवता का परिचय दिया है। नमो फैन्स क्लब के संरक्षक सतीश शर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में हम सभी का प्रयास होगा कि टाटा मेहरबाई कैंसर हॉस्पिटल के सभी मरीजों को बिना किसी परेशानी के रक्त उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में अर्जित सरकार, डॉ जुईहर माझी, डॉ कोशी, टी दीपक, जीएम ब्लड बैंक संजय चौधरी, अमरप्रीत सिंह काले, राजकुमार सिंह, शिव शंकर सिंह, दिनेश कुमार, बंटी सिंह, अल्पना भट्टाचार्य, अमित सिंह, संजीव सिंह, अभिलाष मिश्रा, सरोज सिंह, सुरेश धारी सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन की हुई बैठक

**घाटशिला।** निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन घाटशिला शाखा के अध्यक्ष कंचन कर की अध्यक्षता में रविवार को एक होटल में आंचलिक समिति की बैठक हुई। बैठक में भाषा साहित्य संस्कृति पर चर्चा की गई। बंगला भाषा के प्रचार-प्रसार पर चर्चा की गई। सदस्यों ने स्कूल में बंगला भाषा की पढ़ाई के साथ-साथ शिक्षक की नियुक्ति के बारे में सरकार पर दवाब बनाने का निर्णय लिया। झारखंड, बिहार, ओडिशा के आंचलिक समिति के सचिव आशीष गुप्ता ने कहा कि तीन राज्यों को मिलाकर दो दिवसीय राज्य सम्मेलन हजारीबाग या घाटशिला में वर्ष 2024 के अंत में सर्वसम्मति से करने का निर्णय लिया गया। बैठक में कोडरमा से विपुल गुप्ता, नोवामुंडी से आलोक सरकार, चाईबासा से मनोज सतपति, राउरकेला से दिलीप कुमार भूई, जमशेदपुर से निसार अमीन, घाटशिला से मिठू विस्वास, तापस चटर्जी, शिल्पी सरकर, नीलू दत्ता के अलावे हजारीबाग चक्रधरपुर साहिबगंज गिरिडीह बोकारो धनबाद के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मंच का संचालन शिल्पी सरकार और धन्यवाद ज्ञापन आशीष गुप्ता ने किया।

### चिराग पासवान फैंस क्लब के शिविर में 80 यूनिट रक्त संग्रह

**आदित्यपुर।** चिराग पासवान फैन्स क्लब के रक्तदान शिविर में 80 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। यह कार्यक्रम ऑटो क्लस्टर सभागार में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में सामाजिक संगठन साईं शिक्षा फाउंडेशन ने भी सहभागिता निभाई। इस दौरान ऑटो क्लस्टर सभागार में सैंकड़ों युवाओं ने क्लब की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चिराग पासवान फैंस क्लब के अध्यक्ष मनोज पासवान ने किया। कार्यक्रम में रक्तदान के साथ समाज के निचले पायदान के लोगों को आगे बढ़ाने और उनकी मदद करने का संकल्प लिया गया। मनोज पासवान ने बताया कि क्लब का उद्देश्य सामाजिक कार्य के तहत दबे कुचले लोगों को सम्मान दिलाना है। कार्यक्रम का संचालन दया शंकर मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एमजीएम ब्लड बैंक की चिकित्सकीय टीम के साथ अनिल पासवान, अभिषेक आनंद, अभिनाश कुमार, सतीश कुमार, कृष्णा गुप्ता, संतोष पासवान, करण पासवान, आलोक मिश्रा, सदन कुमार साव, कुंदन थापा, आदर्श कुमार सिंह, राहुल प्रसाद, दिलीप यादव, मृत्युंजय यादव, राणा राउत, धीरज पांडे, राज मिश्रा, शेखर सिंह, विनोद कुमार साव, सुनील पासवान, आदि सदस्यों का अहम योगदान रहा।

# गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

एजेंसी

**लखनऊ।** प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी सहित पूरे देश में रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालु दूर-दूर से पवित्र नदियों में डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। गुरु पूर्णिमा पर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान का बड़ा महत्व है। उत्तर प्रदेश में वाराणसी और प्रयागराज के गंगा तटों पर गुरु-शिष्य की अद्भुत परंपरा से भी साक्षात्कार हुआ। यहां गंगा स्नान के बाद लोग अपने गुरुओं को नमन करते दिखे। इस पावन अवसर पर कीनाराम आश्रम में गुरुओं का आशीर्वाद लेने भक्तगण पहुंचे। कीनाराम आश्रम में गुरुओं के दर्शन करने आये बाराबंकी के ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, आज पावन पर्व गुरु पूर्णिमा पर बाबा किनाराम के दर्शन करने आये हैं। यह सबसे बड़ा दिन है। बाबा किनाराम का आश्रम पृथवी पर सबसे पवित्र स्थान है। हम आश्रम में गुरु को नमन करने आये हैं। रायबरेली की मंजू पाण्डेय ने बताया, आज के पुण्य दिन गुरुओं के चरण स्पर्श से सबसे ज्यादा पुण्य मिलता है। मैंने अपने परिवार समेत गंगा में स्नान किया है।

## मुस्लिम शिष्यों ने महंत बालक दास की उतारी आरती, लिया आशीर्वाद



**वाराणसी।** देश भर में रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। वाराणसी के मंदिरों, मठों और आश्रमों में शिष्य अपने गुरु की पूजा कर रहे हैं। इसी बीच वाराणसी के पातालपुरी से एक अलग ही तस्वीर सामने आई है, यहां मुस्लिम शिष्यों ने महंत बालक दास की आरती उतारी। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दर्जनों मुस्लिम शिष्यों ने पातालपुरी के महंत बालक दास के चरणों में मत्था टेका, तिलक लगाया और आरती उतारकर उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान शिष्यों ने कहा कि गुरु किसी जाति और धर्म का नहीं होता है। धर्म और जाति से अलग हटकर भारत की संस्कृति और सभ्यता कायम रहनी चाहिए। पातालपुरी के महंत महंत बालक दास ने कहा कि गुरु के शरण में सिर्फ शिष्य आता है। यहां धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है। शिष्य मोहम्मद शहाबुद्दीन ने कहा कि एक कहावत है, 'गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पांय। बलिहारी गुरु अपने गोविंद दियो बताय'।

## एक नजर

### 'बीजू पटनायक खेल' पुरस्कार का नहीं बदलेगा नाम



**भुवनेश्वर।** ओडिशा की नवगठित भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बीजू पटनायक खेल पुरस्कार का नाम बदलने को लेकर जारी अटकलों पर पूर्ण विराम लगाते हुए रविवार को स्पष्ट किया कि सरकार का ऐसा कोई इरादा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, कि हमारी सरकार उनका पूरा सम्मान करती है। ओडिशा और भारत के लिए बीजू बाबू का योगदान अविस्मरणीय है। 'बीजू पटनायक खेल' पुरस्कार पहले की तरह जारी रहेगा और इसमें कोई बदलाव नहीं होगा।

### जन्मदिन पर खरगे को दी बधाई

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के जन्मदिन के मौके पर सोमवार को पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता उन्हें बधाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने लखनऊ कार्यालय में पार्टी अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया। बड़ी संख्या में पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केदारनाथ हादसा

# तीन की मौत, 5 घायल रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

- *पांच घायल, सभी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है*
- *मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है*





एजेंसी

**केदारनाथ।** गौरीकुंड-केदारनाथ पैदल मार्ग में रविवार सुबह पहाड़ी से अचानक भारी मलबा और चट्टान टूट कर गिर गया। इस मलबे के नीचे दबने से 3 श्रद्धालुओं की जान चली गई। इनमें से दो महाराष्ट्र के थे। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि सुबह करीब साढ़े सात बजे उन्हें इस दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम के आलाधिकारी समेत एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया, सर्च ऑपरेशन के दौरान 3 व्यक्तियों किशोर अरुण (31) निवासी नागपुर, महाराष्ट्र, सुनील महादेव (24), निवासी गोंडी, महाराष्ट्र और अनुराग सिंह बिष्ट निवासी घड़ियालका, रुद्रप्रयाग को मृत अवस्था में पाया गया। इस हादसे में 5 लोग बुरी तरह से घायल भी हो गए हैं। गुजरात के चेला भाई चौधरी (43), हरदान भाई पटेल (31) और जगदीश पुरोहित (45), महाराष्ट्र के अभिषेक चौहान (18) और धानेश्वर डांडे (27) शामिल हैं। नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। वहीं सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौरी कुंड में उपचार के लिए भर्ती करा दिया गया है। अभी भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी गहरा दुख जताया है।

## सर्वदलीय बैठक में उठी नीट, 'नेम प्लेट' व विशेष राज्य के दर्जे की मांग



एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में एनडीए में शामिल सरकार की सहयोगी जेडीयू से संजय झा और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। वहीं इंडी गइबंधन के दलों ने कावंड़ यात्रा के दौरान दुकानों में 'नेम प्लेट' लगाने के योगी सरकार के फैसले को उठाया। जेडीयू ने कहा कि अगर विशेष राज्य का दर्जा देने में कोई दिक्कत है तो फिर बिहार को विशेष पैकेज दिया जाए। विपक्षी पार्टी राजद ने भी बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की। वहीं, वाईएसआर कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करने के साथ ही राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देने की भी मांग की। बीजू जनता दल ने सर्वदलीय बैठक में ओडिशा को भी विशेष राज्य का दर्जा देने का मुद्दा उठाया।

जेडीयू ने बिहार में लगातार आने वाली बाढ़ के मुद्दे को उठाते हुए भारत सरकार से इस पर कदम उठाने और पड़ोसी देश नेपाल से भी बात करने की मांग की। कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में लोकसभा में डिप्टी स्पीकर बनाने और यह पद विपक्ष को देने की मांग की। कांग्रेस ने इसके साथ ही नीट मामले पर भी सदन में चर्चा की मांग की।

कांग्रेस से गौरव गोगोई, आप से संजय सिंह, सपा से रामगोपाल यादव, एआईएमआईएम से असदुद्दीन ओवैसी और लेफ्ट दलों सहित अन्य कई राजनीतिक दलों के नेताओं ने कावंड़ यात्रा के दौरान 'नेम प्लेट' लगाने के योगी सरकार के फैसले को बैठक में उठाया। सर्वदलीय बैठक से बाहर आने के बाद एनसीपी (अजित पवार) गुट के सांसद प्रफुल्ल पटेल ने मीडिया से बात करते हुए उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार से 'नेम प्लेट' को लेकर किए गए फैसले को वापस लेने की मांग की।

## आज का राशिफल

**मेष** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**वृषभ** — जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी।

**कर्क** — संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** — कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। आपकी योजना से लोग प्रभावित होंगे।

**कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** — राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक** — आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे।

**धनु** — आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभाओं में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**मकर** — कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यक्रम बदलने होंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।

**कुम्भ** — अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आय के स्त्रोत बनेंगे। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार होगा।

**मीन** — ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

# शाह ने पुणे में शरद पवार को बताया देश में भ्रष्टाचार गिरोह का सरगना

एजेंसी

**मुंबई।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पुणे में शरद पवार को देश में भ्रष्टाचार गिरोह का सरगना और उद्धव ठाकरे औरंगजेब फैंस क्लब का अध्यक्ष बताया है। उन्होंने कहा कि इन नेताओं से देश और महाराष्ट्र को कोई उम्मीद नहीं है। महाराष्ट्र में भाजपा के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाएं शुरू की गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के चार शहरों के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। अमित शाह ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि आगामी चुनाव में राज्य की जनता भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को ही सत्ता की बागडोर सौंपने वाली है। अमित शाह पुणे में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शरद पवार केंद्र में दस साल कृषि मंत्री थे और उसी समय राज्य में भी उनकी सरकार थी। उस समय महाराष्ट्र को पूरे दस साल में सिर्फ 1 लाख 91 हजार करोड़ मिल सके थे, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में महाराष्ट्र को दस साल में 10 लाख करोड़ से अधिक की धनराशि दी गई है। अमित शाह ने कहा कि सहकारिता से जुड़े प्रश्न का निराकरण शरद पवार नहीं कर सके थे, जबकि सहकारिता मंत्री बनने के बाद उन्होंने सिर्फ डेढ़ मिनट में प्रधानमंत्री से मिलकर निपटा दिए। अमित शाह ने कहा कि शरद पवार भ्रष्टाचार का नाम लेकर सिर्फ भ्रांति फैलाते हैं, जबकि वे खुद भ्रष्टाचार गिरोह के सरगना हैं। उनकी सरपरस्ती में भ्रष्टाचार फला फूला है। अमित शाह ने उद्धव ठाकरे पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि वे बालासाहेब ठाकरे के बेटे हैं, लेकिन उन्होंने बालासाहेब ठाकरे के सिद्धांतों को तिलांजलि दे दी है। उन्हें शर्म आनी चाहिए। अमित शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे अब औरंगजेब फैंस क्लब के नेता बन चुके हैं।



*बालासाहेब के सिद्धांतों को ठुकरा उद्धव बने औरंगजेब फैंस क्लब के अध्यक्ष*

### निलंबित महिला सिपाही ने डीएसपी पर लगाया पिटाई करने का आरोप



**पूर्वी चंपारण।** जिले में सस्पेंड एक महिला सिपाही ने लाइन डीएसपी पर पिटाई का आरोप लगाया है। मोतिहारी सदर अस्पताल में इलाज के लिए पहुंची चोटिल महिला सिपाही ने डीएसपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह पुलिस लाइन में रह रही है। आज निलंबन व वेतन बंद होने को लेकर लाइन डीएसपी के बुलावे पर आग्रह करने गयी थी। उसी दौरान गुस्साये डीएसपी ने उसकी पिटाई कर दी। महिला सिपाही पूनम कुमारी ने अपने सिर और आंख पर जख्म के निशान दिखाते कहा कि वह 2018 बैच की महिला सिपाही है। उसे ड्यूटी ठीक ढंग से नही करने के आरोप में 2021 में कल्याणपुर थाना से सस्पेंड कर दिया गया था। तब से उसका वेतन बंद है। उसने बताया कि उसे पुलिस लाइन बुलाया गया। जहां वेतन के मुद्दे पर कुछ बात विवाद हुआ जिसके बाद उसकी पिटाई कर दी गई। महिला सिपाही से जब सवाल किया गया कि अपने उच्चधिकारी पर इतना बड़ा आरोप लगा रही है तो उसने साफ तौर पर कहा कि हम आरोप नहीं लगा रहे है बल्कि पूरी घटना पुलिस लाइन के सीसीटीवी में कैद होगी।

## बिहार में संपर्क क्रांति की जनरल बोगी के अग्निशमन यंत्र में विस्फोट से मचा हड़कंप

एजेंसी

**पटना।** समस्तीपुर जंक्शन स्टेशन पर खड़ी बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की जरनल बोगी में लगा अग्निशमन यंत्र फटने से एक जोरदार धमाके की आवाज हुई, जिससे स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। धमाके की आवाज सुनकर ट्रेन और स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में भगदड़ मच गई। इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नही है। सूचना मिलने पर रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल के बाद ट्रेन का रवाना किया गया।

**चिंताजनक** / जल-जमीन से लेकर पहाड़ों तक को प्रदूषित कर रहा

# कपड़ों से पैदा हो रहा दो करोड़ टन प्लास्टिक कचरा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक कपड़ा उद्योग सालाना दो करोड़ टन प्लास्टिक कचरा पैदा कर रहा है। इसमें से करीब 40 फीसदी कचरा उचित प्रबंधन न किए जाने से जल, जमीन, हवा, समुद्र, पहाड़ों को प्रदूषित कर रहा है। इसे प्लास्टिक रिसाव के रूप में भी जाना जाता है। नार्थ कैरोलिना स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के अध्ययन के मुताबिक, पर्यावरण में हर साल लीक होने वाले इस कचरे की मात्रा करीब 83 लाख टन है। प्लास्टिक प्रदूषण का यह अनदेखा स्त्रोत पर्यावरण के लिए गंभीर समस्या बन चुका है।

इसकी वजह से न केवल जलीय जीवन, बल्कि इन्सानी सेहत और पारिस्थितिकी तंत्र पर भी गहरा असर पड़ रहा है। भारत में सिंथेटिक कपड़ों की वजह से सालाना 24 लाख टन, चीन में 32, ब्राजील में 6.5 और अमेरिका में 28 लाख टन प्लास्टिक कचरा पैदा हो रहा है।

इस अध्ययन के नतीजे अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं ने समय रहते इस कचरे के उचित प्रबंधन के लिए कदम उठाने की सलाह दी है।



**दो प्रमुख स्रोतों से आ रहा कचरा**

शोधकर्ताओं के अनुसार, कपड़ा उद्योग से निकलने वाला कचरा दो प्रमुख स्रोतों से आता है। इसमें पहले वे कपड़े शामिल हैं, जिनमें पॉलिएस्टर, नायलॉन और ऐक्रेलिक जैसे सिंथेटिक पदार्थों का उपयोग किया जाता है। दूसरे वे हैं जिन्हें कपास जैसे प्राकृतिक रेशों से बनाया जाता है।

## न्यूज बॉक्स

### 23 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में होगी ज्ञानवापी मामले पर सुनवाई



**वाराणसी।** उच्चतम न्यायालय मंगलवार को वाराणसी के ज्ञानवापी मामले की अगली सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ करेगी, जिसमें दो अन्य पदेन न्यायाधीश जस्टिस जेबी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्र भी होंगे। इससे पहले उच्चतम न्यायालय व्यास जी के तहखाने में पूजा के खिलाफ मस्जिद पक्ष की याचिका पर ट्रायल कोर्ट के याचिकाकर्ता शैलेंद्र व्यास को नोटिस जारी कर चुका है।

### खरगे ने ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग करने की मंजूरी दी



**ओडिशा।** ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भंग कर दिया गया है। कांग्रेस महासचिव केसी. वेणुगोपाल की ओर से एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी गई है। बताया गया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल प्रभाव से ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी को पूर्ण रूप से भंग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भंग की गई कमेटी में प्रदेश अध्यक्ष, पीसीसी, उसके पदाधिकारी और कार्यकारी समिति, जिला, ब्लॉक, मंडल कांग्रेस समितियां, फ्रंटल संगठन, विभाग और प्रकोष्ठ शामिल हैं। आगे कहा गया है कि नए डीसीसी अध्यक्षों की नियुक्ति होने तक मौजूदा डीसीसी अध्यक्ष कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे।

### रामदेव अपनी पहचान बता सकता है तो रहमान को दिक्कत क्यों : बाबा रामदेव



**हरिद्वार।** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांवड़ यात्रा मार्ग पर आने वाले दुकान और रेस्टोरेंट मालिकों को नेम प्लेट लगाने के आदेश की बाबा रामदेव ने सराहना की है। उन्होंने रविवार को कहा कि जब रामदेव को अपनी पहचान बताने में कोई दिक्कत नहीं है, तो रहमान को क्यों दिक्कत होनी चाहिए? उन्होंने कहा कि नाम छुपाने की कोई जरूरत नहीं है। अपने काम को शुद्धता और प्रमाणिकता से करना चाहिए। यदि हमारे कार्यों में पवित्रता और शुद्धता है, तो चाहे हम किसी भी धर्म या जाति के हों, यहां हर कोई भारतीय है, और इसे लेकर जो नैरेटिव बनाया जा रहा है, वह उचित नहीं है।

### कर्नाटक सरकार के फैसले से एक तिहाई लोग होंगे बेरोजगार : शहजाद पूनावाला



**नई दिल्ली।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार एक बार फिर विवादों में घिर गई है। राज्य सरकार अब आईटी कर्मचारियों के काम के घंटे बढ़ाने की योजना बना रही है, जिसके तहत मौजूदा 10 घंटे से बढ़ाकर 14 घंटे से ज्यादा प्रतिदिन काम करने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि, इसका आईटी क्षेत्र के कर्मचारियों ने विरोध किया है। कर्मचारियों ने इस फैसले को अमानवीय कहने के साथ-साथ उन्हें स्वास्थ्य और छंटनी का डर भी सताने लगा है। वहीं, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के इस फैसले पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक्स पर वीडियो शेयर करते हुए कहा कि कर्नाटक सरकार ने लोगों को एक और झटका दे दिया है, सरकार का प्रपोजल है कि आईटी कर्मचारियों का वर्किंग आवर को 10 घंटे से बढ़ाकर 12 से 14 घंटे कर दिया जाए। इसका मतलब ये है कि पानी, पेट्रोल, डीजल, दूध, बिजली बिल, बस और सिनेमा का किराया बढ़ाए जाने के बाद अब आम आदमी को ज्यादा काम करना पड़ेगा। इसका सीधा असर ये होगा कि जो 3 शिफ्ट चलती है, वो अब दो शिफ्ट में हो जाएगी। इसके साथ एक शिफ्ट में काम करने वाले एक तिहाई लोग बेरोजगार हो जाएंगे।

### बीएसपी प्रदेश अध्यक्ष हत्याकांड में भाजपा नेता अंजलाई गिरफ्तार




**चेन्नई।** तमिलनाडु में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। इस मामले में भाजपा की महिला पदाधिकारी अंजलाई को गिरफ्तार किया गया है और नदी से छह मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पुलिस ने इसके पहले गिरफ्तार आठ आरोपियों में से एक अरुल के बैंक रिकॉर्ड की जांच की थी। इसके बाद भाजपा की पदाधिकारी अंजलाई व अन्नाद्रमुक के वकील और पार्षद हरिधरन को गिरफ्तार कर लिया गया है। इन सभी को पार्टी से निष्कासित भी कर दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अंजलाई ने आर्मस्ट्रांग को मौत के घाट उतारने के लिए हत्यारों को हथियार और बम खरीदने के लिए पैसे दिए थे। आर्मस्ट्रांग की हत्या में इस्तेमाल छह मोबाइल फोन को हरिहरन और अरुल ने पार्षद हरिधरन को व उनकी टीम को सौंप दिया। ताकि वो इसे नदी में फेंक कर हत्या का सबूत मिटा दें। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने शनिवार को स्कूबा टीम की मदद से नदी से सभी फोन को बरामद कर लिया। पुलिस आर्मस्ट्रांग की हत्या को गैंगस्टर अर्कोट सुरेश के मर्डर से जोड़कर देख रही है। गैंगस्टर सुरेश की पिछले साल हत्या हुई थी। नॉर्थ चेन्नई की पुलिस के मुताबिक अर्कोट सुरेश गैंग के सदस्य उसकी हत्या का जिम्मेदार आर्मस्ट्रांग को मानते हैं। आर्मस्ट्रांग हत्याकांड में अब तक 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

### संसद में बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगें एनडीए नेता : अखिलेश प्रसाद सिंह



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने रविवार को कहा कि संसद के मानसून सत्र में राज्य के एनडीए नेताओं को बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार के एनडीए नेताओं को 22 जुलाई से शुरू हो रहे सत्र में बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग करनी चाहिए। साथ ही पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाया जाना चाहिए। महंगाई कम होनी चाहिए, टैक्स कम होने चाहिए, गैस सिलेंडर के दाम कम होने चाहिए, सार्वजनिक क्षेत्र में कुछ निवेश होना चाहिए, तभी बिहार समृद्ध होगा।

# सीन नदी पर होगी ओलिम्पिक परेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलिम्पिक में सब कुछ नया और सब कुछ अनोखा करने के चक्कर में ओलिम्पिक प्रबंधन लोगों के विरोध का सामना कर रहा है। इतिहास में पहली बार होना है जब किसी ओलिम्पिक का उद्घाटन समारोह किसी नदी (सीन) पर होना है। विभिन्न नांव पर सवार 10,500 एथलीट, कोच, नेता और कर्मचारी नाव परेड के रूप में पेरिस के मध्य से साढ़े 3 मील की दूरी तय करते हुए जार्डिन डेस प्लांटेस के पास ऑस्टर्लिट्ज ब्रिज से होते हुए ट्रोकाडेरो में एफिल टॉवर के सामने इनेना ब्रिज पर रुकेंगे। यह नदी बीते कुछ सालों से अपने अत्यधिक पॉल्यूशन लैवल बढ़ने के कारण चर्चा में है। फ्रांस सरकार यह दावा ठोककर कि नदी को साफ करवा दिया गया है, में 2 ओलिम्पिक इवैंट (मैराथन स्विमिंग और ट्राइथलॉन) करवाने की रूपरेखा बना चुकी है। वहीं, कुछ समाजसेवी संस्थाएं इसके विरोध में आ गई हैं।

उन्होंने कहा है कि प्रबंधन वाहवाही के चक्कर में एथलीट्स की सेहत से खिलवाड़ कर रहा है। ओलिम्पिक इवैंट नदी में न करवाए जाएं इसके लिए वह मन वेस्ट मटेरियल नदी में फैंकने के लिए भी तैयार हैं। फ्रांस सरकार लोगों के बढ़ते विरोध के कारण ओलिम्पिक परेड को फ्रांस के सबसे बड़े स्टेडियम स्टेड डी फ्रांस में करवाने की योजना पर भी काम कर रहा है लेकिन उनकी प्राथमिकता अभी भी सीन नदी पर परेड करवाने की है, जिससे विरोध होने का खतरा और बढ़ गया है।



विभिन्न नांव पर सवार 10,500 एथलीट, कोच, नेता और कर्मचारी नाव परेड के रूप में पेरिस के मध्य से साढ़े 3 मील की दूरी तय करते हुए जार्डिन डेस प्लांटेस के पास ऑस्टर्लिट्ज ब्रिज से होते हुए ट्रोकाडेरो में एफिल टॉवर के सामने इनेना ब्रिज पर रुकेंगे।

63वां सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का दूसरा दिन

# पलामू प्रमंडल की टीम को दोनों आयुवर्गों से जुड़े बालक-बालिका में मिली हार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेलगांव स्थित भगवान बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित 63वी प्री-सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज उत्तरी छोटानागपुर की बालक टीम और दक्षिणी छोटानागपुर की बालिका टीम ने दमदार प्रदर्शन किया। वहीं बड़े अंतर से अपने प्रतिद्वंदी टीमों को परास्त कर दिया।



अंडर 17 बालक वर्ग फुटबॉल मुकाबले में उत्तरी छोटानागपुर की टीम ने पलामू की बालक टीम को 24-0 से दी बड़ी शिकस्त दी। अंडर 17 बालक वर्ग के एक अन्य मुकाबले में संथाल बनाम कोल्हान के बीच हुए मैच में संथाल की टीम ने 3-0 से जीत अपने नाम कर ली। अंडर 17 बालिका वर्ग मुकाबले में पलामू बनाम दक्षिणी छोटानागपुर के बीच खेले गए मुकाबले में दक्षिणी छोटानागपुर की बालिका टीम ने 17-0 के बड़े अंतर से पलामू की टीम को परास्त कर दिया।

# भारत ने यूएई को 78 रनों से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

महिला एशिया एप के 5वें मैच में भारत ने संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 78 रन से बड़ी जीत दर्ज की है। दांबुला के रंगिरी दांबुला अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मैच में भारत ने टॉस पहले बल्लेबाजी करते हुए हरमनप्रीत कौर (47 गेंदों पर 7 चौके और एक छक्के की मदद से 66 रन) और ऋचा घोष (29 गेंदों पर 10 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 64 रन) के अर्धशतकों की बदौलत 5 विकेट के नुकसान पर यूएई को 202 रन का लक्ष्य दिया। इसके जवाब में यूएई की टीम 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 123 रन ही बना पाई। इस दौरान एस रोहित ओझा (38) और कविसा जेगोडागा (40) के अलावा किसी का बल्ला नहीं चला जोकि टीम का हार का कारण भी है।

**भारत** शैफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, दयालन हेमलता, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (डब्ल्यू), दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव, रेणुका ठाकुर सिंह, तनुजा कंवर

**यूएई** : ईशा रोहित ओझा (कप्तान), थीर्था सतीश (डब्ल्यू), रिनिथा राजित, समायरा धरणीधरका, कविशा एगोडागे, खुशी शर्मा, हीना होतचंदानी, वैष्णव महेश, रितिका राजित, लावण्या केनी, इंदुजा नंदकुमार

## महिला एशिया एप



# चोटिल श्रेयंका पाटिल एशिया कप से बाहर

> 21 वर्षीय भारतीय ऑफ स्पिनर के बाएं हाथ की चौथी उंगली में फ्रैक्चर हुआ है

> श्रेयंका ने दिसंबर 2023 में डब्लूपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था

**दांबुला।** श्रेयंका पाटिल चोट के कारण महिला एशिया कप से बाहर हो गई हैं। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 21 वर्षीय भारतीय ऑफ स्पिनर के बाएं हाथ की चौथी उंगली में फ्रैक्चर हुआ है। एशिया कप में भारत ने अब तक सिर्फ.एक ही मैच खेला है, जो पाकिस्तान के खिलाफ था। उस मैच में श्रेयंका ने 3.2 ओवर की गेंदबाजी में 2 विकेट लेकर 14 रन दिए थे। इसलिए श्रेयंका को बल्लेबाजी करने की जरूरत नहीं पड़ी थी। अब श्रेयंका की जगह 26 वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर को टीम में शामिल किया गया है। तनुजा ने अभी तक भारत के लिए कोई मैच नहीं खेला है। वह डब्लूपीएल में गुजरात जायंट्स और घरेलू क्रिकेट में रेलवे के लिए खेलती हैं। श्रेयंका ने दिसंबर 2023 में डब्लूपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम के लिए डेब्यू किया था।



## अब फिट हैं नीरज चोपड़ा : कोच

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार नीरज चोपड़ा के जर्मन कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज ने उनकी फिटनेस को लेकर सभी चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि पिछले कुछ महीने से इस भाला फेंक एथलीट को परेशान करने वाली जांघ (एडक्टर) की चोट अब ठीक है और यह ओलंपिक चैम्पियन पेरिस के लिए कड़ी तैयारियों में जुटा है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण जीतकर इतिहास रचने वाले 26 वर्षीय चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में शीर्ष पोडियम स्थान के लिए एक बार फिर देश की सर्वश्रेष्ठ दावेदार हैं। लेकिन फिटनेस देखी जाये तो उनका सत्र बिल्कुल सही नहीं रहा है। हालांकि बार्टोनिट्ज ने कहा कि अब चीजें पटरी पर आ गई हैं।

# भारत को टी20आई द्विपक्षीय सीरीज के लिए आमंत्रित करेगा पाकिस्तान

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी 2025 में भारत को तटस्थ स्थल पर टी20आई द्विपक्षीय सीरीज के लिए आमंत्रित कर सकते हैं। हालांकि बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों को पाकिस्तान से बाहर स्थानांतरित करने की अनुमति नहीं देने पर अड़ा हुआ है। पीसीबी सूत्रों ने यह भी बताया कि नकवी 2025 के दौरान भारत को तटस्थ स्थल पर टी20 सीरीज के लिए आमंत्रित करेंगे, जब वह 19-22 जुलाई को श्रीलंका के कोलंबो में होने वाले आईसीसी वार्षिक सम्मेलन में बीसीसीआई सचिव जय शाह से मिलेंगे।



पीसीबी सूत्र ने कहा, 'मोहसिन नकवी और जय शाह (बीसीसीआई सचिव) की बैठक के दौरान इस प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी, जिसमें चैंपियंस ट्रॉफी के बाद दोनों टीमों के खाली दिनों के दौरान मैच संभावित रूप से निर्धारित किए जाएंगे।' यह चर्चा वार्षिक सम्मेलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होने जा रही है।

## प्रथम अमिताभ चौधरी महिला फुटबॉल का खिताब स्टार वॉरियर्स ने जीता

**रांची।** छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रथम स्वर्गीय अमिताभ चौधरी रांची महिला फुटबॉल का खिताब स्टार वॉरियर्स चरदी कांके की टीम ने अपने नाम किया. गुरूवार को खेलगांव के प्रैक्टिस ग्राउंड में खेले गए बेहद रोमांचक फाइनल मुकाबले में स्टार वॉरियर्स की टीम ने जेएसएसपीएस को टाईब्रेकर में 4-2 से हराकर चैंपियन बनी। निर्धारित समय तक खेले गए मुकाबले में दोनों ही टीम कोई गोल नहीं कर सकी। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी निर्मल कौर व विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता सुप्रीमकोर्ट अभिषेक चौधरी ने खिलाड़ियों को विनर व रनर ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर साईं के फुटबॉल कोच सुनील कुमार, जेएसएसपीएस के मुकुल टोप्पो, संजय सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

# हार्दिक के साथ हुआ है अन्याय : पूर्व भारतीय क्रिकेटर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर को लगता है कि श्रीलंका दौरे से पहले भारत के टी20 कप्तान की भूमिका के लिए नजरअंदाज किए जाने से हार्दिक पांड्या 'बहुत दुखी' होंगे। इस सप्ताह की शुरूआत में बीसीसीआई ने सूर्यकुमार यादव को भारत का नया टी20 कप्तान नियुक्त किया जबकि जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में टीम की कप्तानी करने वाले शुभमन गिल को श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला से सफेद गेंद का उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। नेतृत्व की भूमिका में बदलाव अप्रत्याशित था क्योंकि 2022 टी20 विश्व कप के बाद रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में पांड्या टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के वास्तविक कप्तान थे। जैसा कि रोहित, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय संन्यास की घोषणा की, उम्मीद थी कि ऑलराउंडर सबसे छोटे प्रारूप में नेतृत्व की भूमिका फिर से हासिल करेंगे। हालांकि नए कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में सूर्यकुमार कप्तान के लिए पसंदीदा विकल्प बनकर उभरे, जबकि गिल उप-कप्तान थे। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पांड्या का चोटिल करियर उन्हें टी20आई में मेन इन ब्लू कप्तान के रूप में नहीं चुनने के कारणों में से एक है।



04 दिन काउंट डाउन

## पेरिस ओलंपिक



# टेनिस में 28 साल का सूखा खत्म करना चाहेंगे बोपन्ना और सुमित

**नई दिल्ली।** 1996 का ओलंपिक ऐतिहासिक रूप से भारतीय टेनिस के लिए यादगार था। तमाम चुनौतियों के बावजूद, 23 साल की उम्र में लिएंडर पेस ने कांस्य पदक जीता, जबकि एटीपी टूर की विश्व रैंकिंग में वे कोई बड़ी ताकत नहीं थे। हालांकि, इसके बाद अब तक ओलंपिक के मंच पर भारत को टेनिस में कोई पदक नहीं मिला।

पेरिस 2024 ओलंपिक का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। ओलंपिक गेम्स 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होंगे। भारत को इस बार खिलाड़ियों से टोक्यो से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। खास तौर, पर भारत टेनिस में एक बार फिर ऐतिहासिक प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हुए है। लिएंडर पेस ओलंपिक पदक जीतने वाले पहले और एकमात्र भारतीय टेनिस खिलाड़ी थे। 2024 की बात करें तो टेनिस खिलाड़ियों का मुख्य उद्देश्य इस खेल में 28 साल से चले आ रहे पदक के सूखे को खत्म करना होगा। हालांकि, यह राह भारत के लिए इतनी आसान नहीं होगी, क्योंकि इस खेल में यूरोपीय देशों का दबदबा है। तीन सदस्यीय दल पेरिस ओलंपिक में टेनिस में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। अनुभवी टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना, जिन्होंने 2012 (लंदन) और 2016 (रियो) में दो बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वो एन श्रीराम बालाजी के साथ पुरुष युगल में भाग लेंगे, जबकि टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी सुमित नागल पुरुष एकल में पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। 44 वर्षीय बोपन्ना ने पिछले साल नवंबर से युगल रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाए रखते हुए भारत के लिए कोटा हासिल किया। वह पेरिस में भारतीय दल के सबसे उम्रदराज एथलीट भी हैं। सुमित नागल ने पिछले महीने एकल रैंकिंग में 18 पायदान की बढ़त लेते हुए कट-ऑफ में जगह बनाई, जो विश्व रैंकिंग के माध्यम से कोटा हासिल करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में अंतिम स्थान पर हैं। सुमित के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें लगातार दूसरी बार ओलंपिक एकल प्रतियोगिता में जगह दिलाई। भारतीय खिलाड़ी ने टोक्यो ओलंपिक के शुरूआती दौर में डेनिस इस्तोमिन को हराया, लेकिन दूसरे दौर में वह पूर्व विश्व नंबर 1 दानिल मेदवेदेव से हार गए थे और उन्हें बाहर होना पड़ा था। कोर्ट पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ी के पास पेरिस में अपनी छाप छोड़ने का अच्छा मौका है। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पधाओं में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। पेरिस 2024 में पांच अलग-अलग स्पधाएं होंगीः पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल, मिश्रित युगल 2024 ओलंपिक टेनिस स्पधाओं के सभी ड्रॉ 25 जुलाई को निकाले जाएंगे।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# कैपिटल गुड्स, डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक व टूरिज्म सेक्टर पर दिख सकता है बजट का असर

**कैपिटलमाइंड रिसर्च के कृष्णा अप्पला ने कहा**

**कि भारत सरकार की ओर से देश के पावर ट्रांसमिशन को अपग्रेड करने के लिए 4.75 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई गई है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आम बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। स्टॉक मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि बजट में चार सेक्टरों - कैपिटल गुड्स, डिफेंस, इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन और टूरिज्म पर विशेष जोर दिया जा सकता है। बाजार के जानकारों का मानना है कि पिछले वर्ष शुरू किए गए इंसेंटिव इस बार भी जारी रह सकते हैं। सरकार का फोकस इंफ्रास्ट्रक्चर (सड़क, रेलवे, पोर्ट, एयरपोर्ट, डिफेंस और टूरिज्म) पर हो सकता है। बजट से पहले शेयर बाजार में तेजी बनी हुई है। निफ्टी ने बीते हफ्ते 0.3 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। टीसीएस, इन्फोसिस और एचसीएल टेक जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। कैपिटलमाइंड रिसर्च के कृष्णा अप्पला ने कहा कि भारत सरकार की ओर से देश के पावर ट्रांसमिशन को अपग्रेड करने के लिए 4.75 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई गई है और 2028 तक इसकी क्षमता 628 गीगावाट का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ ही 40 से अधिक शहरों में मेट्रो के लिए प्लान बनाया गया है। वहीं, 1.5 लाख करोड़ रुपये ऑयल और गैस सेक्टर में निवेश करने की योजना बनाई गई है। आगे कहा कि रक्षा बजट बढ़ाकर 6.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। 1.75 लाख करोड़ रुपये के टर्नओवर के साथ इस क्षेत्र में 2025 तक 70 प्रतिशत आत्मनिर्भरता पाने का लक्ष्य रखा गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स में सरकार घरेलू उत्पादन बढ़ाने के लिए 76,000 करोड़ रुपये का इंसेंटिव दे रही है। उम्मीद है कि इससे इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन मार्केट अगले 5 से 7 वर्षों में 25 अरब डॉलर से बढ़कर 100 अरब डॉलर हो जाएगी। बाजार के जानकारों का कहना है कि टूरिज्म मार्केट 2029 तक बढ़कर 31 अरब डॉलर की होने की उम्मीद है, जो 2024 में 24.6 अरब डॉलर की है। अप्पला ने कहा कि मौजूदा समय में बाजार इनकम टैक्स, एलटीसीजी, एसटीसीजी और एसटीटी पर किसी भी प्रकार के नकारात्मक फैसले की उम्मीद नहीं कर रहा है।





# बिना लिखित परीक्षा के दिल्ली मेट्रो में हो रही है बहाली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली मेट्रो में नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए सुनहरा मौका है।

अगर आपके पास इन पदों से संबंधित योग्यता है, तो दिल्ली मेट्रो में नौकरी पाने का सपना पूरा हो सकता है। इसके लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने चीफ रेजिडेंट इंजीनियर/सिविल (डीजीएम) और चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर/सिविल (अंडरग्राउंड) पदों पर वैकेंसी निकाली है।

जो उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन करने की योजना बना रहे हैं, वे दिल्ली मेट्रो की आधिकारिक वेबसाइट delhimetrorail.com पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली मेट्रो की इस भर्ती के माध्यम से इंजीनियरों के पदों पर बहाली की जा रही है। जो उम्मीदवार दिल्ली मेट्रो में नौकरी पाना चाहते हैं वे 6 अगस्त या उससे पहले आवेदन कर सकते हैं।



### दिल्ली मेट्रो में नौकरी पाने के लिए क्या योग्यता चाहिए

जो भी लोग दिल्ली मेट्रो के इन पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनके पास आधिकारिक अधिसूचना में दी गई प्रासंगिक योग्यता होनी चाहिए।

### कितना वेतन मिलेगा

दिल्ली मेट्रो के इन पदों के लिए चयनित होंगे उन्हें वेतन के रूप में निम्नलिखित भुगतान किया जाएगा। चीफ रेजिडेंट इंजीनियर/सिविल - चयनित उम्मीदवारों को वेतन के रूप में 70000 रुपये से 200000 रुपये तक मासिक वेतन मिलेगा। मुख्य परियोजना प्रबंधक/सिविल (अंडरग्राउंड)- चयनित उम्मीदवारों को 120000 रुपये से 280000 रुपये तक मासिक वेतन दिया जाएगा।





### दिल्ली मेट्रो में आवेदन कैसे करें

दिल्ली मेट्रो भर्ती 2024 की आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, उम्मीदवारों को अपना विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र सहायक दस्तावेजों के साथ नीचे दिए गए पते पर जमा करना होगा। उम्मीदवार अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन कैरियर X@dmrc.orgX पर ईमेल के माध्यम से भी जमा कर सकते हैं।

# एफपीआई ने जुलाई में अबतक शेयरों में 30,772 करोड़ रुपये का किया निवेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नीतिगत सुधार जारी रहने की उम्मीद, सतत आर्थिक वृद्धि और कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने की वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजारों में 30,772 करोड़ रुपये का निवेश किया है। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक-प्रबंधक (शोध) हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इसके अलावा बजट के सुधारोन्मुख रहने की उम्मीद से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि घरेलू और विदेशी निवेशक 23 जुलाई को पेश होने वाले बजट में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर में संभावित बदलावों पर उत्सुकता से नजर रख रहे हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, एफपीआई ने इस महीने अबतक (19 जुलाई तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 30,772 करोड़ रुपये डाले हैं। इससे पहले राजनीतिक स्थिरता और बाजारों में तेज उछाल के कारण जून में उन्होंने शेयरों में 26,565 करोड़ रुपये का निवेश किया था।



## आईओसी का 2047 तक

# 1,000 अरब डॉलर की कंपनी बनने का लक्ष्य : चेयरमैन

**कंपनी का इरादा 2046 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने का है**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) 2047 तक राजस्व के लिहाज से 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर की कंपनी बनने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

आईओसी के चेयरमैन श्रीकांत माधव वैद्य ने कहा है कि कंपनी अपने तेल रिफाइनिंग और ईंधन विपणन कारोबार के साथ स्वच्छ ऊर्जा मसलन हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग के जरिये यह लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। बीते वित्त वर्ष 2023-24 में आईओसी ने 8.66 लाख करोड़ रुपये (104.6 अरब डॉलर) के राजस्व पर 39,619 करोड़ रुपये (4.7 अरब अमेरिकी डॉलर) का रिकॉर्ड शुद्ध लाभ कमाया है। वैद्य ने कंपनी की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि कंपनी एक संतुलित पोर्टफोलियो के लिए जीवाश्म ईंधन और नवीन ऊर्जा क्षेत्रों में निवेश करना जारी रखेगी। कंपनी का इरादा 2046 तक शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्य हासिल करने का है।



# ‘एक देश, एक कानून, एक लाइसेंस’ पर विचार करे सरकार

**केंद्र सरकार का बजट, यानी आम बजट आगामी मंगलवार (23 जुलाई) को संसद में पेश होने वाला है। आम जनता से लेकर व्यापारी वर्ग, सभी की नजरें मोदी 3.0 सरकार के पहले आम बजट पर टिकी हुई हैं। सभी को इस बजट से उम्मीदें हैं।**

**ऐसा हो बजट**



*किशोर मंत्री, अध्यक्ष, एफजेसीसीआई।*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) प्रणाली को सरलीकृत बनाने के लिए जीएसटी कानून की नए सिरे से समीक्षा करने की आवश्यकता है। कानून ऐसा बनाया जाए, जिसका देश के आम व्यापारी भी सरलता से पालन कर सकें। हर जिला स्तर पर अधिकारियों और व्यापारियों की एक जीएसटी कोऑर्डिनेशन कमिटी बनाई जाए, ताकि जिला स्तर पर ही समस्याओं का समाधान हो। जीएसटी का दायरा भी जिला स्तर पर ही आपसी समन्वय से बढ़ाया जाए।

व्यापारियों के लिए कंपनियों की तरह ही आयकर का एक विशेष स्लैब बनाया जाए। व्यापारियों पर लागू सभी कानूनों की समीक्षा भी हो। जो कानून पुराने और अप्रासंगिक हो गए हैं, उन्हें समाप्त किया जाए। प्रधानमंत्री मोदी जी ने ह्यएक देश, एक कानूनह्न का विजन घोषित किया है, इसमें व्यापारियों के लिए एक लाइसेंस भी जोड़ा जाए। अभी व्यापार के लिए अनेक लाइसेंस लेने पड़ते हैं, उनकी जगह पर केवल एक लाइसेंस प्रणाली लाई जाए।

व्यापारियों को बैंकों से कम ब्याज दरों पर लोन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। छोटे और लघु उद्योगों के लिए बजट में विशेष पैकेज की घोषणा हो। रोजगार सृजन के लिए सरकार को मैन्यूफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर की रफ्तार बढ़ानी होगी। ग्रामीण इलाकों में आय को बढ़ाने के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के साथ करदाताओं को टैक्स में छूट दिया जाना जरूरी है।

एमएसएमई के तहत ज्यादा से ज्यादा सेक्टरों को शामिल किया जाए, ताकि स्ट्रगल कर रहे सेक्टरों को इसका लाभ मिल सके। सरकार को आगामी केंद्रीय बजट में भौतिक, सामाजिक और डिजिटल बुनियादी ढांचे पर सार्वजनिक पूंजीगत व्यय पर जोर देना जारी रखना चाहिए।

कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने और कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने के लिए, पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार को आकांक्षी जिलों की तर्ज पर निचले 100 जिलों के लिए कृषि उपज मिशन शुरू करना चाहिए। व्यापार करने में आसानी को और बढ़ाने के लिए, सरकार को टीडीएस दर संरचना के युक्तिकरण के लिए एक रोडमैप तैयार करने पर विचार करना चाहिए। पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए। टेक्सटाइल, खिलौने, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल, ऑटो पॉर्ट्स, हार्डवेयर, आभूषण, रेडीमेड गारमेंट जैसे विभिन्न व्यापार के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स बनाए जाएं, जो इन वस्तुओं के भारत से ज्यादा से ज्यादा निर्यात पर व्यापारी संगठनों के साथ मिलकर एक ठोस योजना बनाए, ताकि भारत के निर्यात में तेजी से वृद्धि की जा सके। प्रत्येक राज्य की राजधानी में होलसेल कारोबार के लिए एक स्पेशल ट्रेड जोन बनाने की घोषणा हो, जहां सरकार एक सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित करे और जिससे सभी प्रकार की सरकारी प्रक्रिया एक ही सिंगल विंडो से पूरी की जा सके।

# झारखंड में आज से होगी अच्छी बारिश

**नवीन मेल संवाददात। रांची**

मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव से मानसून रफ्तार पकड़ेगा। राज्य के अधिकतर भागों में 22 जुलाई से अच्छी बारिश होने की प्रबल संभावना हैं। बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के बनने की प्रक्रिया पूरी होते ही बंगाल और ओडिशा के तटीय इलाकों के साथ- साथ झारखंड में भी जमकर बारिश होगी और इसका असर 24 जुलाई तक पूरे राज्य में रहेगा। ऐसे में तीन दिन अच्छी खासी बारिश हो सकती है, ऐसे में पिछले कुछ दिनों से सुस्त पड़े मानसून को एक बार फिर से तेज होने की प्रबल संभावना है।



**तापमान में दो से तीन डिग्री की आयेगी गिरावट**

साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर पश्चिम सिंहभूम, सिमडेगा, गुमला, खूंटी, रांची, लोहरदगा, लातेहार, रामगढ़ जिले में देखने को मिलेगा। वहीं, अगले 2 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई बदलाव की उम्मीद नहीं है। हालांकि, तीन दिनों के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस कमी होने की संभावना है।

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

रांची। राज्य में सेमी गवर्नमेंट जॉब (अर्ध सरकारी नौकरी) दिलाने के नाम पर कई लड़कियों से ठगी का एक मामला प्रकाश में आया है। रांची एवं रामगढ़ की आठ लड़कियों द्वारा इस संबंध में गिरिडीह मुफस्सिल थाना में शनिवार को शिकायत की गई है। लड़कियों ने बताया कि उनपर रिश्तेदारों को भी बुलाने का दबाव बनाया जा रहा था। साथ ही उनके साथ मारपीट की जा रही थी। शिकायत में ग्लेज ट्रेडिंग इंडिया कंपनी के त्रिलोक एसोसिएट के निदेशक समेत अन्य पर टॉर्चर व मारपीट करने समेत कई गंभीर आरोप लगाया गया है। मुफस्सिल पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। हालांकि अब तक जो पता चला है उससे यह मामला नेटवर्किंग से जुड़ा लग रहा है। पुलिस से की गई शिकायत में प्रिया कुमारी, अंजली कुमारी, पार्वती कुमारी, स्नेहा कुमारी, सानू कुमारी, संगीता कुमारी, पूजा कुमारी, अंजला कुमारी ने कहा है कि उन्हें सेमी गवर्नमेंट जॉब के नाम पर दोस्त एवं रिश्तेदार के माध्यम से बुलाया गया था।

## हर लड़की से 35,000 रुपये से अधिक की ठगी



लड़कियों से रजिस्ट्रेशन के नाम पर प्रत्येक लड़की से 22 हजार 700 रुपये वसूला गया। इसके अलावा घर के किसी सदस्य का नाम नॉमिनी के रूप में डालने के लिए दबाव बनाया जाता था और इसके लिए 12 हजार 700 रुपए लिया जाता था। इस तरह हर लड़की से 35,000 रुपए से अधिक की ठगी की गई। लड़कियों ने बताया कि कई महीनों से काम करने के बावजूद उन्हें एक पैसा नहीं मिला। लड़कियों ने आगे कहा कि हम सभी पर दोस्त तथा रिश्तेदार को फोन करवाकर जबरदस्ती बुलवाने का दबाव बनाया जाता था।

### टॉर्चर करने का भी आरोप

लड़कियों ने ग्लेज ट्रेडिंग इंडिया कंपनी के त्रिलोक एसोसिएट के निदेशक उदय कुमार यादव, नेहा कुमारी, फरजाना खातुन, नगमा खातुन, प्रियंका कुमारी, सानु कुमारी सभी लड़की को टॉर्चर करते हैं और अकेले बुलाकर मारपीट करते थे तथा खाना-पीना तीन समय बोलकर दो समय ही देते थे। इधर, मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने बताया कि यह मामला नेटवर्किंग से जुड़ा हुआ है।

## 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची में होगी सेना की भर्ती रैली

रांची। राज्य के लिए वर्ष-2024-25 के लिए सेना भर्ती रैली 27 जुलाई से 10 अगस्त तक रांची के खेलगांव में आयोजित होना है। इसकी तैयारी जोर शोर से शुरू हो गई है। सेना भारती कार्यालय रांची और जिला प्रशासन के साथ मिलकर ग्राउंड और रेस्ट एरिया, मार्शलिंग, रन ट्रैक, डॉक्यूमेंटेशन, मेडिकल का चयन पूर्व में ही कर लिया गया है। इसी क्रम में रविवार को रांची निदेशक सेना भर्ती कर्नल विकास भोला ने एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर खेलगांव स्पोर्ट काम्प्लेक्स में होने वाली रैली के दौरान सुरक्षा, भर्ती के दौरान दलालों की पहचान कर उनपर कानूनी कार्रवाई करने, रैली में शामिल अभ्यर्थी का पुलिस वेरिफिकेशन रैली स्थल पर करने की मांग की, जिसपर एसएसपी ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन से जो मदद की आवश्यकता होगी।

## राष्ट्रीय नवीन मेल ने उठाया था प्रश्न, रांची डीईओ ने की जांच

# आनंदनगर नवप्राथमिक विद्यालय की दीवार के पास बंधी पाई गई भैंसें

**रजनीश**

रांची। राष्ट्रीय नवीन मेल समाचार पत्र ने विगत 30 जून को आनंदनगर नवप्राथमिक विद्यालय के चारों ओर गंदगी होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसमें तस्वीर के साथ बताया गया था कि किस प्रकार से स्कूल के चारों ओर भैस बंधे होते हैं। चारों ओर गोबर, गंदगी और कीचड़ भरे रहते हैं। इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद रांची के जिला शिक्षा पदधिकारी (डीईओ) विनय कुमार ने इस पर जांच की है।

### विद्यालय के छात्र दुर्गंध से रहते हैं परेशान

विद्यालय के निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदधिकारी ने पाया कि छात्रों की उपस्थिति सामान्य है और शिक्षिकाएं कक्षा में उपस्थित थीं। विद्यालय के बगल में हरमू नदी है और विद्यालय की दीवार से सटा कर भैंसों को बांध दिया जाता है। इस कारण विद्यालय के अंदर बहुत बदबू भरी रहती है। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक द्वारा जानकारी दी गई कि संबंधित व्यक्तियों को कई बार भैंसों को हटाने के लिए कहा गया है और विद्यालय द्वारा विभाग को भी इसकी सूचना दी गई है। साथ ही, विद्यालय द्वारा निकट थाने में भी मामले को दर्ज कराया गया है। इसके फलस्वरूप थाना द्वारा कई बार भैंसो को उठा लिया गया है, परंतु इसके बावजूद भी संबंधित व्यक्तियों द्वारा भैसों को वहीं बांधा जा रहा है। इस कारण विद्यालय में दुर्गंध भरी रहती है। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि इन समस्याओं का समाधान अति आवश्यक है।



आनंद नगर के नव प्राथमिक विद्यालय के चारों ओर फैला है गोबर, बंधी रहती हैं गायें

दुर्गंध के बीच कैसे पढ़ेंगे छोटे-छोटे बच्चे

**खबर का असर**

# सहायक पुलिसकर्मी 21 दिनों से हैं धरने पर



**समस्याएं आज भी जस की तस हैं**

*पिछले दो आंदोलनों में केवल आश्वासन मिला*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सहायक पुलिसकर्मी रांची के मोरहाबादी मैदान में पिछले 21 दिनों से धरने पर बैठे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर राज्य सरकार ने विचार नहीं किया है। जब मुख्यमंत्री आवास घेरने गए, तो उन पर लाठी चार्ज भी हुआ। वे अपनी मांगों को लेकर तीसरी बार आंदोलन कर रहे हैं। पिछले दो आंदोलनों में उन्हें केवल आश्वासन मिला, समस्या का समाधान नहीं हो पाया।

झारखंड में रघुवर सरकार ने वर्ष 2017 में अनुबंध पर सहायक पुलिसकर्मी की नियुक्ति की थी। जिस वक्त इनकी नियुक्ति की गई थी, उस वक्त सहायक पुलिसकर्मियों को तीन साल के लिए रखा गया था। बहाली के वक्त इनकी संख्या 2500 थी, वर्तमान में यह संख्या 2200 है। झारखंड के 12 जिलों में इनकी बहाली की गई थी और मानदेय के तौर पर 10,000 रुपये निर्धारित किया किया गया था। सहायक पुलिसकमीर्यों को दो बार एक्सटेंशन दिया गया। 1 अगस्त से 31 अगत के बीच इनके एक्सटेंशन की अवधि खत्म हो जाएगी। झारखंड ससकार ने इनका एक्सटेंशन एक साल और बढ़ाने कि आश्वासन दिया है।

सहायक पुलिस कर्मियों ने बताया कि उस समय नक्सली गतिविधि की सूचना देना है, घर में रहकर काम करना है, कहकर हमारी बहाली की गई थी। लेकिन, आज के समय हमें हर जगह काम करना पड़ता है। अगर कहीं किसी केस के संबंध में दूसरे राज्य में जाते हैं, तो उसके लिए हमें कोई खर्च नहीं दिया जाता है। ज्वाइनिंग के बाद गृह विभाग और पुलिस विभाग का लेटर आया और सभी तरह के विधि व्यवस्था में काम करना है, इसका निर्देश मिला। 10,000 रुपये में हमें वर्दी-जूता और कहीं आने जाने का खर्च जो लगता है, वह इसी में करना पड़ता है। चुनाव में ड्यूटी करते हैं, इसका अलग से कोई पैसा भी नहीं मिलता। यहां तक कि हमें वोट भी नहीं देने दिया जाता है, क्योंकि चुनाव में हमारी ड्यूटी अन्य जगहों पर लगी होती है और हमारा पोस्ट वॉलेट से वोटिंग नहीं करवाई जाती है।

### कब-कब हुआ आंदोलन

- पहला आंदोलन 2020 में 12 दिन तक आंदोलन किया, जिसके बाद मंत्री मिथलेश ठाकुर ने आश्वासन दिया कि 15 दिनों में सभी समस्या का समाधान हो जाएगा। इसके बाद सहायक पुलिसकर्मी कार्य पर लौट गए।
- दूसरा आंदोलन 2021 में हुआ, जो 38 दिनों तक चला। इस आंदोलन में बंधु तिर्की के आश्वासन के बाद काम पर लौटे थे। सहायक पुलिसकर्मियों को उस वक्त बंधु तिर्की ने आश्वासन दिया था कि 60 दिनों में समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।
- तीसरा आंदोलन 2024 में चल रहा है, जो 21 दिनों से जारी है। सहायक पुलिसकर्मी मोरहाबादी में डेरा डाले हुए हैं। सीएम आवास घेरने निकले तो उनपर लाठी चार्ज भी हुआ था।

### इन जिलों में हुई थी इनकी बहाली

पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, लहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी सिहंभूम, पश्चिमी सिंहभूम, गिरीडिह एवं दुमका।

**हुरुन की रिपोर्ट**

# 2024 में नए यूनिकॉर्न निवेश मेंआई मंदी

*भारतीयों ने भारत के बाहर 109 यूनिकॉर्न की सह-स्थापना की है | 95 अमेरिका, 4 ब्रिटेन, 3 सिंगापुर, 2 जर्मनी में स्थापित किए | अमेरिका 703 यूनिकॉर्न के साथ पहले नंबर पर, 340 यूनिकॉर्न के साथ चीन दूसरे नंबर पर है | भारत में 67 यूनिकॉर्न हैं*

**ब्यूरो**

नई दिल्ली। हुरून की रिपोर्ट के अनुसार 2000 के दशक में स्थापित दुनिया के स्टार्ट-अप की रैंकिंग ग्लोबल यूनिकॉर्न इंडेक्स 2024 के अनुसार, भारतीयों ने भारत के बाहर 109 यूनिकॉर्न की सह-स्थापना की है, जबकि भारत में 67 यूनिकॉर्न हैं। ये अभी तक सार्वजनिक एक्सचेंज में सूचीबद्ध नहीं हैं। हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 67 यूनिकॉर्न के साथ विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर रखा गया है। इनमें ऑन-डिमांड डिलीवरी स्टार्ट-अप स्विगी और फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ड्रीम 11 शीर्ष पर हैं और इनका वैल्यूएशन आठ-आठ अरब अमेरिकी डॉलर है। इसके बाद रेजरपे का नंबर आता है जिसकी मार्केट वैल्यू 7.5 अरब अमेरिकी डॉलर है। यूनिकॉर्न में आते हैं कम से कम एक अरब डॉलर या उससे अधिक के स्टार्टअप। रिपोर्ट में कहा गया है- भारतीय संस्थापकों ने किसी भी अन्य देश की तुलना में देश से ज्यादा विदेश में अधिक यूनिकॉर्न की स्थापना की। भारत के बाहर 109 यूनिकॉर्न की सह-स्थापना की गई, जबकि भारत में 67 यूनिकॉर्न बने। इंडेक्स के अनुसार भारत के बाहर स्थापित यूनिकॉर्न में से उल्लेखनीय रूप से 95 अमेरिका में,4 ब्रिटेन में, 3 सिंगापुर में , 2 जर्मनी में स्थापित किए गए हैं। अचरज नहीं होना चाहिए कि अमेरिका व चीन के बाद नये यूनिकॉर्न के मामले में लंदन रहा, इसके बाद बेंगलुरु, पेरिस व बर्लिन का नंबर है। रिपोर्ट के अनुसार, टाइगर ग्लोबल, सॉफ्टबैंक और हुआंगशान के नेतृत्व में दुनिया के सबसे सफल यूनिकॉर्न निवेशकों ने स्टार्टअप और रणनीतिक निवेश के बीच सहजीवी (एक दूसरे पर निर्भर) संबंधों पर प्रकाश डाला। स्टार्टअप में निवेश पर रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2024 में नए यूनिकॉर्न निवेश में मंदी देखी गई है, विशेषकर 2021 के सुनहरे दिनों की तुलना में क्योंकि हाल के वर्षों में निवेशकों के लिए निवेश के बाद बाहर निकलना कठिन हो गया है। मंदी शुरू होने के चलते पैसा फँस गया है। अमेरिका, भारत और ब्रिटेन में रिकॉर्ड तोड़ने वाले शेयर बाजारों में पर्याप्त यूनिकॉर्न आईपीओ नहीं आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के यूनिकॉर्न की यह सूची व्यक्तियों को नए क्षेत्रों में मूल्य सृजन करने और देशों और शहरों को उनकी भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए यूनिकॉर्न के महत्व को पहचानने के लिए प्रेरित कर सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है, हां, कुछ असफल हो जाएंगे, और जब ऐसा होता है तो पर बड़े पैमाने पर मीडिया का ध्यान उस पर जाता है, जैसा कि भारत में ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म बायजू के मामले में मीडिया में खबरें दिख रही हैं। इसके बावजूद यूनिकॉर्न को नई अर्थव्यवस्था के लिए स्वाभाविक रूप से महत्वपूर्ण माना जाता है। दुनिया के 53 देशों में यूनिकॉर्न हैं आते हैं, पिछले साल यूनिकॉर्न वाले देशों की संख्या 48 थी। दुनिया के यूनिकॉर्न 291 शहरों में फैले हुए हैं, बीते वर्ष यह संख्या 271 थी। आज भी अमेरिका यूनिकॉर्न का मक्का बना हुआ है और 703 यूनिकॉर्न के साथ पहले नंबर पर है। उसके बाद 340 यूनिकॉर्न के साथ चीन दूसरे नंबर पर है। हुरुन के अनुसार दुनिया भर में 1,453 यूनिकॉर्न हैं, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड है । जो बीते वर्ष की तुलना में इसमें 7 प्रतिशत या 92 यूनिकॉर्न ज्यादा हैं।

# पूर्व विधायक हीराराम तूफानी का दिल्ली में निधन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

कांके के पूर्व विधायक हीराराम तूफानी का दिल्ली के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रविवार को निधन हो गया। देर शाम उनका पार्थिव शरीर रांची हवाई अड्डे पहुंचा और उनके पैतृक निवास पलामू चला गया। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके पुत्र आनंद कुमार ने बताया कि स्वर्गीय हीराराम तूफानी 1977 में जनता पार्टी के टिकट से कांके विधानसभा क्षेत्र से चुने गए और 1980 तक कांके क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। इसी मां 3 जुलाई को निमोनिया हो जाने के बाद उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। निमोनिया के बाद इंफेक्शन हो जाने पर इलाज के लिए मेदांता हॉस्पिटल से डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल शिफ्ट कर दिया गया था। रविवार को सुबह 9:25 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। हीराराम तूफानी जनता पार्टी के अच्छे नेताओं में माने जाते थे और उन्होंने अपने कार्यकाल में कांके क्षेत्र के विकास कार्यों में विशेष रूप से रूचि ली थी ।विधानसभा में उनका पार्थिव शरीर लाया गया जहां उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।



*पार्थिव शरीर पलामू में उनके पैतृक निवास ले जाया गया अंतिम संस्कार आज*

# भू-माफिया के खिलाफ जारी रहेगा संघर्ष : बाबूलाल मरांडी



रांची। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भू-माफिया के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। बाबूलाल ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर कहा कि रांची के मोरहाबादी मैदान में आदिवासी संगठनों ने आदिवासियों की रैयती जमीनों की लूट के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया था। इसमें वह भी शामिल हुए थे। बाबूलाल ने लिखा कि विगत पांच वर्ष के दौरान जेएमएम-कांग्रेस सरकार के संरक्षण में भू माफियाओं और अधिकारियों की मिलीभगत से सीएनटी-एसपीटी एक्ट का उल्लंघन कर सैकड़ों एकड़ आदिवासी जमीन पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। गरीब आदिवासियों की जमीनों को भू-माफिया के चंगुल से मुक्त कराने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हेमंत सोरेन परिवार ने हाई कोर्ट में 108 जमीन की डीड जमा की है। कांग्रेस शासनकाल में अपनी जमीन से विस्थापित लोगों का पुनर्वास भी हेमंत सोरेन की सरकार नहीं करा पायी है।

# मैं शांति से बैठा था, तभी पुलिस ने लाठी बरसा दी : देवेंद्र नाथ महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सहायक पुलिस पर हुए लाठी चार्ज में घायल देवेंद्र नाथ महतो ने राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सहायक पुलिसकर्मियों की मांगों को लेकर सीएम आवास के बाहर शांति से मैं बैठा था। कोई गतिविधि नहीं कर रहा था। फिर भी प्रशासन ने मेरे ऊपर जानलेवा लाठी चार्ज किया। इस दौरान मेरे पूरे शरीर में 18 जगह चोटें आयी है। कई साथियों ने पुलिस की लाठी को अपने पर ले लिया, जिससे मेरी जान बच पायी। बेहोशी हालत में साथियों ने कंधे पर टांग कर मुझे रिम्स में भर्ती कराया। यह घटना पूरी तरह से राजनीति साजिश है। मुझे राजनीतिक में आने से कई दिग्गजों की कुर्सी हिल रही है। इस दौरान उनसे कुछ प्रश्न भी पूछा गया...



**प्रश्न : अब आगे की रणनीति क्या हैं?**

**उत्तर :** इस राज्य का गठन आदिवासियों व मूलवासियों के हितके लिए हुआ था। आज यहां के मूलवासी और आदिवासी अपने अधिकार से वंचित हैं। झारखंड आंदोलन में जो शहीद हुए आंदोलनकारियों का सपना आज भी अधूरा है।

**प्रश्नः पावर में आएंगे तो क्या करेंगे?**

**उत्तर :** झारखंड में आदिवासी- मूलवासी के लिए नियोजन नीति कानून बनाकर हक दिलाना प्राथमिकता में रहेगा। स्पष्ट संवैधानिक नियम नीति लागू कर प्रादर्शितापूर्ण प्रतियोगिता परीक्षा कराकर युवाओं को रोजगार से जोड़ेंगे। झारखंड के खनिज संपदा का उपयोग झारखंड के लिए विकास करना चाहता हूं। जल, जंगल, जमीन, भाषा, संस्कृति और परंपरागत रीति रिवाज का संरक्षण करना चाहता हूं। भ्रष्टाचार को खत्म करना चाहता हूं।


**प्रश्न : कॉर्पोरेट के सहयोग से चुनाव लड़ने वाली पार्टियों का मुकाबला कैसे करेंगे?**

**उत्तर :** लोकतंत्र में राजनीतिक जनता के सहयोग से होता है। जनता के सहयोग से मैं जनता के लिए करूंगा। कॉर्पोरेट के सहयोग से चुनाव लड़ने वाले पार्टियां पहले कॉर्पोरेट के हित के लिए ही काम करेगी ना की जनता के लिए। हम मुट्ठी भर चावल सहयोग रूपी आशीर्वाद से कॉर्पोरेट वाले लोगों से मुकाबला करेंगे।

## अमन साहू गिरिडीह से चाईबासा जेल में शिफ्ट किया गया

पश्चिमी सिंहभूम। गिरिडीह जेल में बंद अमन साहू को रविवार को चाईबासा जेल में शिफ्ट किया गया। अमन साहू को बीते 20 जून को पलामू जेल से गिरिडीह जेल में शिफ्ट किया गया था, जिसके बाद अमन साहू ने जेल में विशेष सुविधा नहीं मिलने को लेकर जेल अधीक्षक के घर पर गोलीबारी की साजिश रची थी। हालांकि घटना को अंजाम देने से पहले एटीएस ने अमन साहू गिरोह के चार गुर्गों को गिरफ्तार किया। गोपनीय तरीके से रविवार सुबह चार बजे कड़ी सुरक्षा के बीच अमन साहू को चाईबासा जेल में शिफ्ट किया गया। जेल में बंद अपराधी अमन साहू को पिछले ढाई साल में नौ बार एक जेल से दूसरे जेल में शिफ्ट किया गया। इसके बाद भी उसका आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

# बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से रिहा हुए 10 बंदी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से रविवार को 10 बंदी रिहा हुए। झालसा के निर्देश पर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में जेल अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के लिए 10 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया। आठ वादों का निष्पादन करते हुए 10 बंदियों को दोष स्वीकार के उपरांत अदालत का लाभ देते हुए कारागार से मुक्त किया गया। मौके पर कमलेश बेहरा, डालसा सचिव, मनोज कुमार इंदरवार, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, विजय कुमार यादव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, कविता खती और स्वीकृति विनया एलएडीसी अधिवक्ता सह जेल विजिटर अधिवक्ता, कारापाल, सहायक कारापाल और काराकर्मी उपस्थित थे। जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक जागरूकता के अंतर्गत एलएडीसी अधिवक्ता, रांची द्वारा नालसा एवं डालसा द्वारा बंदियों को दी गई कानूनी सुविधाओं के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया और बंदियों से प्रतिक्रिया भी ली गई।

## समाहरणालय कर्मचारियों की आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल

रांची। समाहरणालयकर्मी सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। अपनी नौ सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालयकर्मी लगातार आंदोलन कर रहे थे। समाहरणालय के कर्मचारी झारखंड अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (समाहरणालय संवर्ग) के बैनर तले आंदोलन कर रहे हैं।

संघ ने हड़ताल पर जाने की सूचना उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को दे दी है। इससे पूर्व कर्मचारियों ने काला बिल्ला लगा कर काम किया था और एक दिन कलमबंद हड़ताल भी की थी, लेकिन उनकी मांगों पर विचार नहीं किए जाने पर सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की गयी है। संघ के विकास दुबे ने बताया कि नौ सूत्री मांगों को लेकर कई बार सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

**CHAMBER**
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



**ब्रीफ न्यूज**

## इजरायल को नुकसान पहुंचाने वालों को चुकानी होगी कीमत



**तेल अवीव** । इजरायल ने शनिवार को यमन में हौथी विद्रोहियों के तेल ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की। इस हमले में हौथी को भारी नुकसान पहुंचा है। इजरायली सेना की कार्रवाई पर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पहली प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने दुश्मनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि हमें नुकसान पहुंचाया तो उसकी कीमत चुकानी होगी। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, "मैंने युद्ध की शुरुआत से ही यह स्पष्ट कर दिया था कि इजरायल पर हमला करने वाले सभी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## 25 अंगुलियों के साथ पैदा हुआ बच्चा, परिवार वालों ने बताया 'देवी का आशीर्वाद'



**बागलकोट**। जिले में एक ऐसे बच्चे ने जन्म लिया है, जिसकी कुल 25 अंगुलिया हैं। वहीं इस बच्चे के जन्म के बाद जहां इसे देखने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है तो वहीं लोग भी इसे जानकर काफी हैरान हैं। वहीं बच्चे के जन्म के बाद परिजनों में काफी खुशी का माहौल है। परिजनों का मानें तो वह इस बच्चे को देवी का आशीर्वाद बता रहे हैं। बच्चे के दाहिने हाथ में 6 और बाएं हाथ में 7 अंगुलियां है।

## जलाभिषेक यात्रा से पहले नूंह में मोबाइल इंटरनेट व एसएमएस सेवाओं पर रोक

**चंडीगढ़**। हरियाणा सरकार ने सांप्रदायिक तनाव की आशंका के चलते नूंह जिले में मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाओं को 24 घंटे के लिए निलंबित कर दिया है। हरियाणा सरकार ने ब्रजमंडल जलाभिषेक यात्रा से पहले यह फैसला लिया है। हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अनुराग रस्तोगी के आदेश के मुताबिक, जिले में इंटरनेट सेवा रविवार शाम 6 बजे से सोमवार शाम 6 बजे तक (24 घंटे) निलंबित रहेंगी।

# बांग्लादेश: कोटा पर संघर्ष में 133 की मौत

एजेंसी

**ढाका**। बांग्लादेश में रविवार को आरक्षण घटाकर सात प्रतिशत करने संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी हिंसक प्रदर्शन जारी रहा। हालात इतने बेकाबू हो गए हैं कि हसीना सरकार को सड़कों पर सेना उतारनी पड़ी है। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पें हुई हैं। इन विरोध प्रदर्शनों में अब तक 133 लोगों की मौत हो चुकी है और 3000 से ज्यादा घायल हुए हैं। सरकार ने दंगाइयों को 'देखते ही गोली मारने' के आदेश दिए हैं। विश्वविद्यालय परिसरों से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल गया है। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियों की तुलना उन लोगों से करके तनाव को और बढ़ा दिया, जिन्होंने 1971 के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान पाकिस्तान का सहयोग किया था।

**ढाका की सड़कों सेना कर रही पेट्रोलिंग :** बढ़ती अशांति को रोकने के लिए पूरे बांग्लादेश में सख्त कर्फ्यू लगा दिया गया है और सैनिक राजधानी ढाका समेत अन्य शहरों की सड़कों पर गश्त कर रहे हैं। सत्तारूढ़ अवामी लीग पार्टी के महासचिव ओबैदुल कादिर ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया कि पुलिस अधिकारियों को कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर गोली चलाने का अधिकार दिया गया है। हिंसक विरोध प्रदर्शनों के शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार को सभी सार्वजनिक और निजी शैक्षणिक संस्थानों को अनिश्चित काल के लिए बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।




## क्या रजाकारों के वंशजों को आरक्षण का लाभ दें: शेख हसीना



हसीना के आवास पर 14 जुलाई को एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान, जब प्रधानमंत्री से छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा, 'यदि स्वतंत्रता सेनानियों के पोते-पोतियों को (कोटा) लाभ नहीं मिलेगा, तो क्या रजाकारों के पोते-पोतियों को मिलेगा?' प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस बयान के बाद प्रदर्शनकारी छात्र और उग्र हो गए, जिससे पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति और बढ़ गई। उन्होंने जवाब में 'तुई के? अमी के? रजाकार, रजाकार! (आप कौन? मैं कौन? रजाकार, रजाकार!) के नारे लगाने शुरू कर दिए।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ के जवान हाई अलर्ट पर

**अगरतला**। बांग्लादेश में गंभीर स्थिति को देखते हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान हाई अलर्ट पर हैं। बीएसएफ के त्रिपुरा फ्रंटियर महानिरीक्षक (आईजी) पटेल पीयूष पुरुषोत्तम दास ने कहा कि पड़ोसी देश में आरक्षण विरोधी आंदोलन के कारण सीमा पर कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर चुनौतियां हैं। आईजी ने मीडिया से कहा, त्रिपुरा में 856 किलोमीटर की सीमा पर सुरक्षा चुनौतियां भी हैं क्योंकि राज्य लगभग पूरी तरह से बांग्लादेश से घिरा हुआ है। इस समय प्रमुख चिंताओं में से एक वहां पढ़ रहे भारतीय छात्रों की सुरक्षित वापसी की है।

## नीट पेपर लीक: सीबीआई ने दो अन्य सॉल्वर समेत तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पटना** । नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सीबीआई ने बिहार की राजधानी पटना से दो सॉल्वर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने नीट पेपर मामले में अब तक सात सॉल्वर को गिरफ्तार किया है। सीबीआई द्वारा पकड़े गए आरोपी रॉकी ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। अब तक की पूछताछ में सीबीआई को अहम सुबूत मिले हैं। इसके अलावा एजेंसी की रडार पर कुछ और परीक्षा सेंटर भी हैं। इससे पहले सीबीआई ने सॉल्वर गैंग से जुड़े पटना एम्स के चार मेडिकल छात्रों को बीते गुरुवार गिरफ्तार किया था। साथ ही रांची स्थित मेडिकल कॉलेज रिम्स की फर्स्ट ईयर की छात्रा सुरभि कुमारी को हिरासत में लिया गया था। छात्रा इस सॉल्वर गैंग की सदस्य बताई जा रही है। आरोप है कि लीक हुए प्रश्नपत्र का उत्तर उसने ही तैयार किया था। नीट यूजी पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड राकेश रंजन उर्फ रॉकी है। बताया जा रहा है कि उसका पटना और रांची के कई एमबीबीएस छात्रों और डॉक्टरों से संबंध है।

## अभिषेक बनर्जी ने नीट पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान को गिरफ्तार करने की मांग की

एजेंसी

**कोलकाता**। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की गिरफ्तारी की मांग की। उन्होंने कोलकाता में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि 21 जुलाई 2022 के एक दिन बाद ईडी ने पार्थ चटर्जी के घर पर छापा मारा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। हम गलती करने वाले किसी भी व्यक्ति को नहीं बचाते। लेकिन अगर एसएससी-टीईटी घोटाले में पार्थ चटर्जी के घर पर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा छापा मारा जा सकता है, और उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है, तो नीट घोटाले के लिए धर्मेंद्र प्रधान को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाना चाहिए।



# एजुकेशन/करियर

**रजनीश** । लाइब्रेरी साइंस एक अंत विषय या बहु-विषयक क्षेत्र है, इस कोर्स के तहत छात्रों को लाइब्रेरी और इंफॉर्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन, मैनुस्क्रिप्ट, कैटलॉग, बिबलियोग्राफी आदि के बारे में पढ़ाया जाता है। इस कोर्स में छात्रों को लाइब्रेरी को संभालने के प्रबंधकीय और प्रशासनिक पहलुओं का गहन ज्ञान प्रदान करता है। अत:लाइब्रेरी साइंस का दायरा काफी बड़ा हो गया है, आज के समय में यह एक हाईटेक कार्य के रूप में जाना जाता है। इसलिए इसमें करियर के अवसर भी काफी ज्यादा नजर आ रहे हैं। लाइब्रेरी साइंस वह विज्ञान है जो मैनेजमेंट, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, पेडागोगी एवं अन्य विधाओं के औजारों का पुस्तकालय के सन्दर्भ में उपयोग करता है। लाइब्रेरी साइंस वह विज्ञान है जिसके अंतर्गत पुस्तकालयों में संपन्न किये जाने वाले कार्यप्रणालियों से सम्बंधित विशिष्ट विधियों, तकनीकियों, एवं प्रक्रियाओं का अध्ययन एवं अध्यापन किया जाता है। 19वीं शताब्दी तक लाइब्रेरी एजुकेशन की जरुरत नहीं समझी जाती थी। लेकिन थॉमस जेफरसन, के कलेक्शन मोंतिसल्लो में हजारों पुस्तकें थी। जेफरसन कलेक्शन संयुक्त राज्य अमेरिका का पहला राष्ट्रीय संग्रह था जो की अब कांग्रेस के पुस्तकालय के रूप में विश्व विख्यात है। लाइब्रेरी साइंस पर मार्टिन स्च्रेत्तिन्गेर की पहली पाठ्यपुस्तक 1880 में प्रकाशित हुयी थी। इसके बाद जोहान्न जेओर्ग सेड्ज़िन्गेर की दूसरी बुक प्रकाशित हुयी।

# लाइब्रेरी साइंस में बना सकते हैं अपना करियर



### लाइब्रेरी साइंस के कार्य

- पाठकों को सामान्य सेवाएं देना जैसे कि पुस्तकों का आदान-प्रदान करना।
- तकनीकी कार्य जैसे किताबों की एंट्री, लिस्ट बनाना या इंडेक्सिंग करना।
- एडमिनिस्ट्रेटिव काम जैसे – लाइब्रेरी की सुविधाएं बढ़ाना और लाइब्रेरी से संबंधित काम को सही रूप से संचालित करने के लिए सीनियर धिकारियों से संपर्क बनाये रखना होता है। इसके साथ ही पुस्तकों की खरीदारी से सम्बंधित कार्य भी देखने पड़ सकते हैं।

### लाइब्रेरी साइंस के साथ सीखें प्रबंधन

लाइब्रेरी साइंस सभी प्रकार के मीडिया पर जानकारी को संरक्षित, प्राथमिकता और प्रबंधन करना सिखाता है। इसमें विशेषज्ञता में डिजिटल पुस्तकालय, आर्काइव और अभिलेख प्रबंधन या स्कूल पुस्तकालयों में अध्ययन शामिल हैं। लाइब्रेरी साइंस में डिग्री से आप नीचे दिए गए ज्ञान को भी आसानी से सीख लेते हैं-

- लाइब्रेरी क्लासिफिकेशन
- आर्काइव्ज मैनेजमेंट
- लाइब्रेरी इन्फॉर्मेशन एंड सोसाइटी
- लाइब्रेरी कैटलॉगिंग
- लाइब्रेरी इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी
- लाइब्रेरी मैनेजमेंट एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर

### लाइब्रेरी साइंस के कोर्सेज

लाइब्रेरी साइंस के उभरते हुए क्षेत्र की खोज के लिए, आप इस क्षेत्र में शॉर्ट टर्म के साथ-साथ लॉन्ग टर्म कोर्सेज का विकल्प चुन सकते हैं। इसमें आगे बढ़ने के लिए, आप नीचे दिए गए कोर्सेस चुन सकते हैं-

- डिप्लोमा कोर्सेज
- सर्टिफिकेट कोर्सेज
- बैचलर्स डिग्री कोर्सेज
- मास्टर्स डिग्री कोर्सेज



### शीर्ष भारतीय संस्थान

- दिल्ली विश्वविद्यालय
- बाबासाहेब भीमराओ अंबेडकर विश्वविद्यालय
- पांडिचेरी विश्वविद्यालय
- कलकत्ता विश्वविद्यालय
- गुवाहाटी विश्वविद्यालय
- आंध्र विश्वविद्यालय
- श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय
- पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
- अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज
- पटना विश्वविद्यालय
- कश्मीर विश्वविद्यालय
- बैंगलोर विश्वविद्यालय
- कर्नाटक विश्वविद्यालय
- मैंगलोर विश्वविद्यालय
- चौधरी चरण सिंह पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज।

### लाइब्रेरी साइंस में स्कोप

**अर्चिवेस्ट-** अर्चिवेस्ट ऐतिहासिक सूचनाओं के संग्रह, सूचीकरण, संरक्षण और प्रबंधन के काम देखते हैं। पुरालेखपालों को विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों के साथ काम करने की आवश्यकता होती है। लाइब्रेरी कंसलटेंट- एक लाइब्रेरी कंसलटेंट सार्वजनिक पुस्तकालयों के प्रशासकों को उनकी प्रशासनिक नीतियों का विश्लेषण करके, कार्य प्रक्रियाओं का अवलोकन करके और जनता के लिए पुस्तकालय की प्रभावशीलता को निर्धारित करने के लिए डेटा की समीक्षा करके सलाह देता है।

**असिस्टेंट लाइब्रेरियन-** एक असिस्टेंट लाइब्रेरियन एक वरिष्ठ लाइब्रेरियन की देखरेख में सीधे काम करता है और आवश्यकतानुसार पुस्तकालय को व्यवस्थित और कुशल रखने में मदद करता है। वे आम तौर पर सामग्री का पता लगाने के दौरान अंदर और बाहर सामग्री की जाँच में सहायता करते हैं।

**इंडेक्सर-** इंडेक्सर विभिन्न प्रकार के दस्तावेज़ों की समीक्षा करता है और सूचना खोज को आसान बनाने के लिए अनुक्रमणिकाएँ संकलित करती है। मूल रूप से, वे सभी प्रकार के मीडिया के लिए खोज योग्य सूचियाँ या शब्द डालते हैं, ताकि उपयोगकर्ता आसानी से अपनी ज़रूरत की जानकारी पा सकें।

## जॉब अलर्ट

**झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 10वीं पास के लिए 459 पदों पर रिक्तियां निकाली है। यह रिक्तियां फिल्ड वर्कर की है। ये स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्लायाण विभाग कि है।**

| | |
|---|---|
| पद का नामा | फिल्ड वर्कर |
| पदो कि संख्या | 459 |
| आवेदन शुल्क | सामान्य और पिछडा के लिए 100 और एससी एसटी के लिए 50 रुपए रखा गया है। |
| अनारक्षित | 230 |
| एसटी | 133 |
| एससी | 44 |
| अत्यंत पिछडा वर्ग के लिए | 45 |
| पिछड़ा वर्ग के लिए | 7 |
| आवेदन करने कि तिथि | 1 अगस्त से 31 अगस्त 2024 तक वहीं 4 सितंबर तक फिस जमा कर सकते है। |
| आयु | 18 से 35 वर्ष |

अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसइट jssc.nic. जा कर देख सकते है।

2. झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 12वीं पास कंप्यूटर ज्ञान और कंप्यूटर टाइपिंग के पदों पर रिक्तिया निकाली है। जिसमें कुल 836 पद है। जूनियर क्लर्क के लिए आवेदन करने के लिए किसी भा मान्यता प्राप्त संस्थान से 12वीं पास होना अनिवार्य है। हिंदी टाइपिंग 25 शब्द प्रति मिनट की होनी चाहिए स्टेनो के लिए 12वीं पास स्टेनो स्पीड 80 शब्द प्रति मिनट और हिंदी टाइपिंग 30 शब्द प्रति मिनट होना चाहिए। एसटी एससी के लिए हिंदी टाइपिंग 25 मिनट प्रति शब्द होनी चाहिए।

**आयु सीमा अनारक्षित और आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के लिए 35 वर्ष अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग के लिए 37 वर्ष है।**

**महिला**

- समान्य, ओबीसी 1 ओबीसी 2 के लिए 38 वर्ष इसके एसटी एसी के लिए आयु सीमा 40 वर्ष निर्धारित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए अधिकारिक वेबसाइट jssc.nic.in पर जा कर देखे।